
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 224 ■ जबलपुर बुधवार 04 फरवरी 2026 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00



11

नवकरणीय ऊर्जा में...



## बाबू मनमोहनदास स्मृति दिवस पर आज होंगे विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र शासन के पूर्व मंत्री एवं हितकारिणी सभा के पूर्व सभापति स्व. बाबू मनमोहनदास के 51वें स्मृति दिवस एवं शाला दिवस के अवसर पर 4 फरवरी को बाबू मनमोहनदास हितकारिणी कन्या उ.मा. विद्यालय, दीक्षितपुरा में विविध आयोजन किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी गिरीशानंद सरस्वती साकेत धाम रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष हितकारिणी सभा पं. नित्यनिरंजन खम्परिया करेंगे। आयोजन की शुरूआत दोपहर 12 बजे अतिथियों, सभासदों एवं प्राचार्यों द्वारा स्व. बाबू मनमोहनदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजंलि से होगी। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत, शालेय प्रतिवेदन का वाचन, स्व. करुणा चांडक स्कॉलरशिप के संबंध में जानकारी एवं वितरण, शाला की उत्कृष्ट छात्राओं का सम्मान, अतिथियों का उद्बोधन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि होंगे।

# अब सरकार कराएगी आदिवासियों के प्लॉट की रजिस्ट्री

## सरदार सरोवर डैम के विस्थापितों को बड़ी राहत, धनवाही और बरही सिंचाई परियोजना भी मंजूर

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा नर्मदा घाटी की सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों को आवंटित किये गए आवासीय भूखंडों का पंजीयन नि:शुल्क कराये जाने का निर्णय लिया गया। मानक संचालन प्रक्रिया अनुसार देय पंजीयन शुल्क एवं स्टॉम्य ड्यूटी की प्रतिपूर्ति नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा की जायेगी। इससे 25,600 से अधिक परिवारों को लाभ होगा। इस निर्णय से राज्य शासन पर 600 करोड़ रूपये का वित्तीय भार आयेगा। मंत्रि-परिषद द्वारा मैहर एवं कटनी जिलें में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 620 करोड़ 65 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्वीकृति अनुसार मैहर एवं कटनी की धनवाही सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना लागत 53 करोड़ 73 लाख रूपये की स्वीकृति दी गयी है। इससे 3500 हेक्टयर में सिंचाई की सुविधा प्राप्त होंगी और मैहर एवं कटनी जिले के 9 ग्राम के 2810 कृषक लाभान्वित होंगे। कटनी जिले की बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना लागत 566 करोड 92 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इससे, कटनी जिले की बरही एवं विजयराघवगढ़ तहसील के 27 ग्राम के 11,500 कृषक लाभान्वित होंगे और 20 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होंगी। मंत्रि-परिषद द्वारा 6 विभागों की 10 योजनाओं की वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक निरंतरता के लिए 15,009 करोड़ रूपये से अधिक की स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्वीकृति अनुसार वित्त विभाग की लोक वित्त पोषित 500 करोड़ से कम की 8 योजनाओं के लिए 115 करोड़ 6 लाख रुपये, श्रम विभाग की मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के लिए 5 हजार करोड़ रुपये, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन योजना और स्थापना एवं कार्यालयीन योजनाओं के लिए 3 हजार 376 करोड़ 66 लाख रूपये, पशु पालन एवं डेयरी विभाग की डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना, पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर ब्लॉकग्रांट योजना एवं पशुपालन, पशु विकास और गौ संवर्धन योजना के लिए 6 हजार 472 करोड़ 18 लाख रुपये, महिला एवं बाल विकास की किशोर कल्याण निधि योजना और घरेलू हिंसा पीड़िता के लिए सहायता योजना के लिए 24 करोड़ 70 लाख रूपये और पिछड़ा वर्ग एवं अन्य कल्याण की अल्पसंख्यक स्वरोजगार/उद्यम योजना के लिए 21 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है।



### कर्मचारियों का होगा विलय

इसके अलावा सरकार ने राज्य समाज कल्याण बोर्ड के कर्मचारियों को महिला एवं बाल विकास में विलय करने की स्वीकृति दे दी है। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पहली बार भोपाल में 30 जनवरी को पुष्प महोत्सव आयोजित किया गया। यह केवल फूलों की प्रदर्शनी नहीं बल्कि फूलों के माध्यम से मध्य प्रदेश के किसानों की आमदनी बढाने का एक उत्सव था।

## युमनाम खेमचंद सिंह होंगे मणिपुर के सीएम



**नई दिल्ली।** भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री होंगे। मंगलवार को बीजेपी विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। अब राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। बुधवार को ही शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। मणिपुर में 13 फरवरी 2025 से राष्ट्रपति शासन लागू है जो कि 12 फरवरी 2026 को खत्म हो रहा है।

## 8 विपक्षी सांसद पूरे सत्र से सस्पेंड

**नई दिल्ली।** लोकसभा में पीठासीन की ओर पेपर उछालने वाले आठ विपक्षी सांसदों को बजट सत्र से निलंबित कर दिया गया है, इनमें कांग्रेस के सात और सीपीआई (एम) के एक सांसद शामिल हैं। स्पीकर ने संसदीय नियमों का उल्लंघन करने पर मणिकम टैगोर, गुरजीत औजला, राजा वडिंग, हिबी ईडन, किरण रेड्डी, प्रशांत पोडोले, वेंकट रमन और डीन कुरियोकोज को शेष बजट सत्र से निलंबित कर दिया है।

## 1.4 करोड़ की चांदी पकड़ी, 2 गिरफ्तार

**कोटा।** कोटा में पुलिस ने 49.43 किलोग्राम चांदी की सिल्लियों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। जब्त चांदी की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 40 लाख रुपए आंकी गई है। मामला कोटा ग्रामीण के कनवास थाना इलाके का मंगलवार दोपहर 1 बजे का है। पुलिस के मुताबिक, ये दोनों मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के गरोठ इलाके से कोटा आ रहे थे। इनमें से एक व्यक्ति कोटा में चांदी का काम करता है।

## 100 मीटर गहरी खाई में गिरी बस, 4 की मौत

**देहरादून।** देहरादून में हिमाचल प्रदेश की हिमाचल पथ परिवहन निगम बस 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई, जिससे 4 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि 32 से ज्यादा लोग घायल है, जिनमें से 12 की हालत गंभीर है। मृतकों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। हादसे के बाद राहगीरों और ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

## यूजर प्राइवेसी पर सुप्रीम कोर्ट ने व्हॉटसऐप से कहा

# 'मेटा से शेयर ना करें डेटा'

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मेटा और वॉट्सएप को उनकी प्राइवेसी पॉलिसी पर कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम आपको एक भी जानकारी शेयर करने की इजाजत नहीं देंगे। आप इस देशवासियों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- यदि आप हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दें। हम नागरिकों की प्राइवेसी से समझौता नहीं होने देंगे। कोर्ट ने साफ किया कि डेटा शेयरिंग की ये प्रक्रिया भारतीय यूजर्स के निजता के अधिकार के खिलाफ है। हालांकि, सीसीआई के वकील ने एनसीएलएटी के कुछ निष्कर्षों पर आपत्ति जताई है। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने व्हाट्सएप को निर्देश देते हुए कहा, हम आपको मेटा के साथ एक भी जानकारी साझा करने की अनुमति नहीं देंगे। हम आपको इस देश की नीतियों की गोपनीयता के साथ खेलने की इजाजत कतई नहीं देंगे। इस पूरे प्रकरण में कोर्ट के सामने तीन मुख्य अपीलें थीं, जो मेटा, व्हाट्सएप और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की ओर से दायर की गई थीं। सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने इन अपीलों का पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान मेटा के वकील ने दलील दी कि कोर्ट के आदेश के मुताबिक 213 करोड़ रुपये के जुर्माने का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप और मेटा की नई प्राइवेसी पॉलिसी पर सुनवाई करते हुए बेहद कड़े सवाल उठाए और कंपनी को डेटा साझा करने से साफ मना कर दिया। सीजेआई ने व्हाट्सएप की नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि आपने इसे इतनी चालाकी से तैयार किया है कि इसे समझना नामुमकिन है। उन्होंने पूछा कि क्या देश का आम आदमी, जैसे घर में काम करने वाले नौकर, निर्माण मजदूर या छोटे विक्रेता, इस जटिल नीति को समझ पाएंगे? कोर्ट ने साफ कहा कि उपभोक्ताओं को इस ऐप की लत लगा दी गई है और अब उनकी मजबूरी का फायदा उठाया जा रहा है।

### यूजर्स डेटा का गलत इस्तेमाल हो रहा

सीजेआई ने कहा कि लोगों के डेटा का इस्तेमाल व्यावसायिक लाभ के लिए किया जा रहा है और अब तक लाखों यूजर्स के डेटा का गलत इस्तेमाल हो चुका है। इस दौरान मेटा के वकील अखिल सिबल ने दलील दी कि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए सीमित डेटा शेयरिंग की अनुमति है। इस पर सीजेआई ने कहा, अगर आपको डेटा का कोई हिस्सा बेचने लायक लगेगा, तो आप उसे बेच देंगे! सिर्फ इसलिए कि भारतीय उपभोक्ता मूक हैं, आप उन्हें शिकार नहीं बना सकते।

### डेटा शेयर करने की अनुमति नहीं

व्हाट्सएप यूजर्स को सिर्फ दो ही विकल्प दे रहा है- या तो पॉलिसी स्वीकार करो या ऐप का इस्तेमाल बंद कर दो। इस पर अदालत ने कहा कि बिहार के दूरदराज इलाकों या तमिलनाडु के गांवों में रहने वाले लोग, जिन्हें अंग्रेजी नहीं आती, वे इस नीति के खतरनाक परिणामों को कभी नहीं समझ पाएंगे। सीजेआई ने कहा, जब तक आप हमें यह विश्वास नहीं दिला देते कि आपको ऐसा करने का कोई दैवीय अधिकार हासिल है, तब तक हम आपको डेटा शेयर करने की अनुमति नहीं देंगे।

### अब 3 जजों की बेंच करेगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट में व्हाट्सएप के वकील ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उनकी नीतियां दूसरे अंतरराष्ट्रीय क्षेत्राधिकारों के स्टैंडर्ड्स के मुताबिक ही हैं। लेकिन इन दलीलों को सुनने को बाद सीजेआई ने बताया कि एनसीएलएटी के सामने जनवरी 2025 के आदेश की स्थिति अभी भी अहम है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अब सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है। अब इन अपीलों पर विस्तृत सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की 3 जजों की बेंच के सामने होगी।



## अमेरिकी ट्रेड डील पर राहुल बोले

# 'मोदी ने देश बेचा'

नई दिल्ली

नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी ट्रेड डील में देश बेच दिया है। आपकी मेहनत को खून-पसीने को बेच दिया है, क्योंकि वे कॉम्प्रोमाइज्ड हैं। राहुल ने कहा- नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, क्योंकि जिन्होंने उनकी इमेज बनाई वे अब यह इमेज तोड़ रहे हैं। अमेरिका में अडानी पर केस है, यह असल में मोदी पर केस है। वो मोदी जी के फाइनेंशियल स्ट्रक्चर को टारगेट कर रहे हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि एपस्टीन फाइल्स में और भी बहुत कुछ है जो अमेरिका ने अभी तक रिलीज नहीं किया है। उसकी वजह से भी पीएम पर प्रेशर है। ये दो प्रेशर पॉइंट्स हैं। देश को यह समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री कॉम्प्रोमाइज्ड हैं। राहुल ने कहा कि इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति के भाषण पर नेता विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया है। जनता को इस बारे में सोचने की जरूरत है। इसके जवाब में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शाम को ट्रेड डील पर पहला बयान दिया। उन्होंने कहा कि राहुल देश को गुमराह कर रहे हैं। कृषि-डेयरी क्षेत्र को संरक्षित रखा जाएगा। इस डील पर दोनों देश जल्द साझा बयान जारी करेंगे। दरअसल, ट्रम्प ने सोमवार को भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि भारत अब रूस से तेल खरीदना अब बंद कर देगा।

## हम चुप नहीं बैठेंगे, चरणबद्ध आंदोलन करेंगे: जीतू पटवारी

**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के मामले में कांग्रेस ने राजबाड़ा पर धरना दिया। कांग्रेस कार्यकर्ता यहां जुटे और सरकार का विरोध जताया। धरने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस की मांग है कि मृतकों के परिजन को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और दोषी अधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज हो। धरना-प्रदर्शन में कांग्रेसियों ने मेयर पुष्यमित्र भार्गव के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान कुछ महिलाओं के आंखों में आंसू आ गए। धरना स्थल पर जगह कम होने पर चिंटू चौकसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सामने की ओर बैठे। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस इसे मुद्दे पर चुपचाप नहीं बैठेगी और चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

भागीरथपुरा में मौतों को लेकर कांग्रेस का धरना



## अब आसान होगा हवा में मार करने वाली मिसाइलें बनाना

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने मंगलवार को सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट तकनीक का सफल फ्लाइट टेस्ट किया। इस सफलता के साथ भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास यह आधुनिक तकनीक है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह टेस्ट ओडिशा के तट के पास चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में किया गया। यह तकनीक लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें बनाने में मदद करती है। इस तकनीक से संभावित विरोधियों के मुकाबले रणनीतिक बढ़त मिलती है। परीक्षण के दौरान सभी प्रमुख उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। इनमें बिना नोजल वाला बूस्टर, सॉलिड फ्यूल डक्टेड रामजेट मोटर और फ्यूल फ्लो कंट्रोलर शामिल थे। सिस्टम को पहले ग्राउंड बूस्टर मोटर की मदद से निर्धारित मैक संख्या तक पहुंचाया गया, जिसके बाद एसएफडीआर प्रणाली ने सफलतापूर्वक काम किया।



# लोकपाल का आदेश मानना संस्थानों के लिए अनिवार्य

## मध्यप्रदेश में यूजीसी को लेकर जारी हुआ आदेश

भोपाल

मध्यप्रदेश में उच्च शिक्षा से जुड़े लाखों छात्रों के लिए सरकार ने बड़ा और अहम आदेश जारी किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के छात्रों की शिकायतों का निवारण विनियम 2023 को अब सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने साफ कहा है कि हर विश्वविद्यालय और कॉलेज में लोकपाल की भूमिका सिर्फ औपचारिक नहीं होगी। लोकपाल के आदेश मानना संस्थानों के लिए अनिवार्य होगा और यदि कोई शिकायत झूठी या बेबुनियाद पाई गई तो उस पर शिकायत करने वाले छात्र के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। यह आदेश राज्य के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों और निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के दायरे में आने वाले संस्थानों पर लागू होगा। इसका मकसद छात्रों की शिकायतों का समय पर, पारदर्शी और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करना है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर कोई शिकायत झूठी पाई जाती है तो लोकपाल शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश कर सकता है। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से कहा है कि वे यूजीसी के छात्र शिकायत निवारण नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। हर संस्थान को एक ऑनलाइन शिकायत पोर्टल बनाना होगा, जहां छात्र अपनी शिकायत दर्ज कर सकेगा। इसी तरह हर कॉलेज और विश्वविद्यालय में छात्र शिकायत निवारण समिति बनाना अनिवार्य होगा। इसमें एक प्रोफेसर अध्यक्ष, चार वरिष्ठ शिक्षक, एक छात्र प्रतिनिधि और कम से कम एक महिला और एक एससी/एसटी/ओबीसी वर्ग का सदस्य को शामिल रहेंगे। शिकायत मिलने के बाद 15 दिनों के भीतर उसे एसजीआरसी को भेजना होगा और सुनवाई की तारीख तय की जाएगी।



### हर यूनिवर्सिटी-कॉलेज में लोकपाल अनिवार्य

यूजीसी के नियमों के अनुसार हर विश्वविद्यालय में लोकपाल की नियुक्ति जरूरी है। सरकार का कहना है कि प्रदेश में अधिकतर संस्थानों में लोकपाल तो नियुक्त कर दिए गए हैं, लेकिन नियमों के मुताबिक काम नहीं हो रहा। इसी वजह से अब स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ताकि छात्र अपनी शिकायत को लेकर भटकें नहीं। लोकपाल छात्रों के लिए एक स्वतंत्र अपीलीय प्राधिकरण होगा। वह उन्हीं मामलों को सुनेगा, जिनमें छात्र पहले छात्र शिकायत निवारण समिति की प्रक्रिया पूरी कर चुका हो।

### प्रॉस्पेक्टस 60 दिन पहले करना होगा जारी

एडमिशन से पहले छात्रों को पूरी और सही जानकारी मिले, इसके लिए कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने से कम से कम 60 दिन पहले अपनी वेबसाइट पर प्रॉस्पेक्टस जारी करना होगा। प्रॉस्पेक्टस में कोर्स की जानकारी, सीटों की संख्या, फीस, योग्यता, चयन प्रक्रिया, रिफंड नियम, इंफ्रास्ट्रक्चर, हॉस्टल, लाइब्रेरी, रैगिंग-रोधी व्यवस्था और फैकल्टी का विवरण देना अनिवार्य होगा। अगर प्रॉस्पेक्टस की हार्ड कॉपी बेची जाती है तो उसकी कीमत सिर्फ छपाई खर्च तक सीमित रहेगी। इससे मुनाफा कमाना गलत माना जाएगा।

## चुनाव आयोग ने 6 पत्रों का जवाब नहीं दिया: ममता



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि मैंने चुनाव आयोग को छह पत्र लिखे हैं, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। हमारे लोग आयोग के प्रतिनिधिमंडल से मिले, फिर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। दिल्ली की प्रेस को शायद यह अंदाजा नहीं है कि बंगाल में क्या हो रहा है। इसमें आपकी गलती नहीं है, यह आज की व्यवस्था की गलती है, जहां असली मुद्दे सही तरीके से सामने नहीं आ पाते। उन्होंने इलेक्शन कमिशन पर सवाल उठाया कि चुनाव से ठीक पहले एसआईआर क्यों किया जा रहा है? चार राज्य बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम में चुनाव होने है। एसआईआर तीन राज्यों में हो रहा है, लेकिन भाजपा-शासित असम में नहीं। क्योंकि वह 'डबल इंजन' राज्य है। ममता बनर्जी ने घुसपैठियों पर कहा कि ये लोग घुसपैठियों की बात करते हैं लेकिन ये तो आपकी जिम्मेदारी है। बॉर्डर की रखवाली केंद्र की जिम्मेदारी है।

# स्वामी विवेकानंद ने गर्व से कहा मैं हिंदू हूं : रामकृष्ण

शहडोल (स्वतंत्रमत)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश के हर मंडल, बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन संपूर्ण हिंदू समाज के माध्यम से किया जा रहा है। नगर के घरौला बस्ती में साईं मंदिर के पास विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मंच में मुख्य वक्ता के रूप में रामकृष्ण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत पर्यावरण प्रमुख, संत सामाजिक प्रतिनिधि के रूप में प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य सुशील शास्त्री एवं मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व समाज सेविका राखी शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती माता की छायाचित्र के समक्ष मंगलदीप एवं पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। कार्यक्रम में कन्या पूजन एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया गया। कार्यक्रम में सकल हिंदू समाज के गणमान्य नागरिक मातृशक्ति एवं युवा सम्मिलित रहे। मुख्य वक्ता रामकृष्ण ने अल्प समय में सारगर्भित प्रेरणादायक उद्बोधन देते हुए बताया की कई जातियां में पृथक हिंदू समाज कभी भी किसी हिंदू सम्मेलन के नाम पर एक छत के नीचे




एकत्रित नहीं हुआ होगा। यदि किसी जाति विशेष का कोई कार्यक्रम हो तो वहां उस समाज के लोग जरूर अपने भागीदारी निभाते हैं लेकिन खुद को हिंदू मानने की भावना और उस पर गर्व करना शायद समाज ने भुला दिया है। आखिर 1925 में ऐसा क्या हुआ कि परम पूज्य डॉ केशव बलिराम हेडगेवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना करना पड़ा। इसका मूल कारण हिंदुओं को एकजुट करना ही था। खुद को सबके सामने गर्व के साथ हिंदू होने का उद्घोष करने वाले देश के इतिहास में ऐसे दो महापुरुष हुए हैं। जिन्होंने पूरे गर्व के साथ सबके सामने उद्घोष किया कि मैं हिंदू हूं। पहले महापुरुष स्वामी विवेकानंद जिन्होंने शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में गर्व से कहा कि मैं हिंदू हूं। यह उद्घोष इतिहास का पहला उद्घोष था। दूसरे महापुरुष डॉ केशव बलिराम हेडगेवार है जिन्होंने नागपुर की एक बैठक में जब किसी ने कहा की भारत एक हिंदू राष्ट्र नहीं है। तब डॉक्टर साहब ने सबके सामने उस व्यक्ति की बात काटते हुए भारत को एक हिंदू राष्ट्र बताते हुए कहा कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है। इस तरह इन महापुरुषों ने हिंदुओं को संगठित करने के लिए अपना पूरा जीवन बलिदान कर दिया। आज हिंदू समाज अपने अलग-अलग देवी देवताओं और महापुरुषों को लेकर बटी हुई है। जबकि सभी देवी देवता और महापुरुष सकल हिंदू समाज के कल्याण के लिए ही प्रकट होते हैं । ओर लगातार प्रयास करते रहते हैं। लेकिन हमने उन्हें आपस में बांट दिया है। हिंदुओं में कभी भी वीरता ज्ञान की कमी नहीं थी। कमी थी तो केवल एकता की समरसता की सद्भाव की आज समय आ गया है कि हमें अपनी जाति समुदाय से आगे बढ़कर हिंदू होना होगा। मुख्य वक्ता के द्वारा कई प्रेरणादायक प्रसंग के माध्यम से उपस्थित हिन्दुओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में भारत माता की आरती के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित एवं अन्य लोगों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया था।

# गौ माता की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)

थाना प्रभारी धनपुरी को मुखबिर के व्दारा सूचना प्राप्त हुई कि नीलकंठ मंदिर के पीछे दो व्यक्ति बरमसिया के झाडियों के बीच मवेशी (गाय/बैल) काट रहे है, सूचना की तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी धनपुरी द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर नीलकंठ मंदिर के पीछे घेराबन्दी कर दबिश दिये जो 2 व्यक्ति मवेशी (गाय/बैल) काट रहे थे दोनो व्यक्ति पुलिस को देखकर मौके से भागने लगे एक व्यक्ति को दौड़ाकर पकड़ा गया दूसरा व्यक्ति अंधेरा तथा झाडियों का फायदा उठाकर मौके पर भाग गया। पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया जो अपना नाम मोहम्मद अंसार अंसारी पिता स्व, इब्राहिम अंसारी उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 11 भुतहीटोला बुढार थाना का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से दो नग नायलोन की रस्सी, दो अदद लोहो की धारदार नुकीली चाकू, दो मोटर सायकल, एक अदद विवो कंपनी का एन्ड्रायड मोबाईल जप्त किये गये तथा भागने वाले व्यक्ति के संबंध में पूछताछ की गई जो अज्जू असारी निवासी सिंहपुर थाना सिंहपुर का होना बताया है। आरोपीगणो के विरूद्ध अप.क्र 28/2026 धारा 325, 3(5) बी.एन.एस., 4(9) मध्य प्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम-2004, 11(1) (ठ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम-1960, 25बी आयुध अधिनियम-1959 का पंजीबद्ध किया गया व आरोपी मो. अंसार अंसारी को गिरफ्तार कर जे. आर. पर न्यायालय पेश किया गया है। मामले का आरोपी अज्जू अंसारी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी धनपुरी के नेतृत्व में की



गई है। कार्यवाही में निरीक्षक खेमसिंह पेन्द्रो के साथ उप निरी. आर.पी. प्रजापति, सउनि भूपेन्द्र सिंह, दीपक तिवारी, प्र.आर. दिनेश सिंह, रामनाथ, गेंदसिंह, राजू प्रसाद, सनत कुशवाहा, आर . कोमल, परिमाल, सतवंत कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# अंधी हत्या का खुलासा, नाबालिग बालक की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)

फरियादिया नंदनी कोल पति बलराम कोल उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड नं. 13/15 झिल्ली दफाई धनपुरी, थाना धनपुरी द्वारा थाना धनपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनका 07 वर्षीय नाबालिक पुत्र किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना धनपुरी में अप.क्र. 26/2026 धारा 137(2) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी धनपुरी द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर अपहृत बालक की निरंतर पतासाजी की गई। कस्बा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए एवं आसपास के लोगों से गहन पूछताछ की गई। 31 जनवरी को अपहृत बालक का



शव बैगा ओसीएम बगड्या नाला में प्राप्त हुआ। विवेचना के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि घटना 27 जनवरी को एक व्यक्ति को बैगा ओसीएम बगड्या नाला की ओर भागते हुए देखा गया था। उक्त संदेह के आधार पर संदेही मोहम्मद मोहसीन पिता मोहम्मद मोईनुद्दीन उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नं. 20 बड़ी मस्जिद के पास, धनपुरी, थाना धनपुरी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। मामले में साक्ष्य पाए जाने पर अपराध में सुरंगत धाराओं का इजाफा किया गया है। आरोपी मोहम्मद मोहसीन को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# सिंहपुर खण्ड के चुनिया मण्डल में विराट हिंदू सम्मेलन की गूंज, संघ के शताब्दी वर्ष पर सैकड़ों हिंदुओं ने लिया एकजुटता का संकल्प

शहडोल (स्वतंत्रमत)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे देश में एक लाख से अधिक हिंदू सम्मेलनों का विशाल आयोजन किया जा रहा है। जनवरी 2026 से शुरू हुए इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत पूरे प्रान्त में भव्य कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। ऐसे ही जिले के चुनिया मण्डल में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। आयोजन मे मातृशक्ति के रूप में प्रो. नीलमणि द्विवेदी रहीं उन्होंने कुटुम्ब प्रबोधन की बात पर जोर देते हुए कहा कि आधुनिक समय में बिखरते परिवारों को जोड़ना और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कारों से परिचित कराना है। परिवार को केवल अपने तक सीमित न रखकर पड़ोसियों और समाज के अन्य वर्गों के साथ सुख-दुख में सहभागी होना चाहिए। आध्यात्मिक शक्ति के रूप में ब्रजेश मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिंदुत्व का मूल मंत्र है श्सत्य एक है, उसे विद्वान अलग-अलग नामों से पुकारते हैं।



एकम सत विप्रा बहुधा वदन्ति, यह सभी मार्गों का सम्मान करता है। सर्वे भवन्तु सुखिनः हिंदुत्व केवल हिंदुओं की नहीं, बल्कि संपूर्ण प्राणीमात्र के कल्याण और सुख की कामना करता है। वसुधैव कुटुंबकम पूरी दुनिया को एक परिवार मानना ही हिंदुत्व का मूल स्वभाव है। हिंदुत्व प्रेम, सहिष्णुता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा का दूसरा नाम है। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला बौद्धिक प्रमुख शिवाकान्त शुक्ला ने हिंदुओं से जातिगत भेदभाव छोड़कर एकजुट होने की अपील की। उन्होंने बार-बार इस बात पर जोर दिया कि हिंदू समाज को जाति, भाषा, प्रांत और धन के आधार पर भेदभाव छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज कभी बाहरी शत्रुओं की वीरता से नहीं हारा, बल्कि अपनी आंतरिक फूट के कारण पीछे रहा है। हिंदुओं को सभी समुदायों के साथ उठना बैठना, भोजन और संवाद करना चाहिए। हिंदू समाज के हर वर्ग में हमारे मित्र होने चाहिए ताकि एकता की भावना मजबूत हो सके। उन्होंने बताया कि भारत अपनी वैशिष्ट्य संस्कृति और सभ्यता से पहले से ही एक हिंदू राष्ट है और इसे किसी कानूनी घोषणा की आवश्यकता नहीं है। उनके अनुसार, जो भारत माता को अपनी माता मानता है और उसकी संस्कृति का सम्मान करता है, वह हिंदू है। उन्होंने अपने इस जयघोष से सामाजिक समरसता पर जोर दिया जात-पात की करो विदाई, हिंदू-हिंदू भाई-भाई हिन्दू समाज के बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

# जनसुनवाई में सुनीं आमजन की समस्याएं त्वरित निराकरण के दिए निर्देश





डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर पहुंचे। कलेक्टर ने एक-एक कर आवेदकों से मुलाकात की और उनकी शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं तथा कई आवेदनों का मौके पर ही समाधान कराया गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए नागरिकों द्वारा समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 90 आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिन मामलों का तत्काल निराकरण संभव नहीं हो सका, उनमें आवेदकों को समय-सीमा निर्धारित कर आवश्यक आश्वासन प्रदान किया गया। जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत पोंड़ी माल विकासखंड डिंडौरी की आवेदिका अंधियारो बाई धुर्वे (आयु 70 वर्ष) एवं गनपत सिंह (आयु 75 वर्ष) द्वारा विगत 10 माह से पेंशन राशि प्राप्त नहीं होने की शिकायत प्रस्तुत की गई। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दोनों हितग्राहियों की ई-केवायसी की गई, जिससे आगामी माह से उनके खाते में पेंशन राशि का नियमित भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा। इसी क्रम में ग्राम बहेरा टोला, ग्राम पंचायत माधोपुर विकासखंड डिंडौरी के आवेदक इन्द्रपाल सिंह (आयु 82 वर्ष) एवं उर्मिला बाई (आयु 78 वर्ष) ने भी वृद्धावस्था पेंशन न मिलने की समस्या जनसुनवाई में रखी। जांच में पाया गया कि ई-केवायसी पूर्ण न होने के कारण उनकी पेंशन बंद थी। अपर कलेक्टर के निर्देशानुसार पुनः ई-केवायसी की गई, जिससे आगामी माह से पेंशन भुगतान पुनः प्रारंभ हो जाएगा। इसी प्रकार ग्राम ईश्वरपुर बंगवार ग्राम पंचायत दामी तितराही जनपद पंचायत समनापुर के प्रेमलाल झिगराम ने जनसुनवाई में आवेदन दिया कि मेरे पुत्र पवन कुमार झिगराम की मृत्यु 28 सितंबर 2025 को हुआ है जिसका ग्राम पंचायत के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु जनसुनवाई में पहुंचे जहां पर अपर कलेक्टर ने योजना एवं सांख्यिकी विभाग के श्री अभिषेक बंसल को निराकरण करने के लिए निर्देशित किया जिस पर उन्होंने समस्या को गंभीरता से लेते हुए एक घंटे के अंदर मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधित हितग्राही को जनसुनवाई के दौरान सौंपा गया।

# सेवा निवृत्त हुए लोकप्रिय शिक्षक सुरेश मिश्रा

शहडोल (स्वतंत्र मत)

सांदीपनि विद्यालय छतवई में पदस्थ सहायक शिक्षक 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए। बच्चों और शिक्षक समुदाय में लोकप्रिय रहे श्री मिश्र ने विभाग को छत्तीस साल अपनी सेवायें दी। प्रारभिक पद स्थापना दूरांचल पुष्पराजगढ़ के करपा हाई स्कूल में हुई। 1994 में राजीव गांधी शिक्षा मिशन शुरू होने पर आपकी कुशल कार्य शैली को देखते हुए वीआरसी जयसिंह नगर में पदस्थ किया गया। आपने साक्षरता मिशन को भी सफलता पूर्वक आगे बढाया। आप बच्चों में हमेशा लोकप्रिय रहे। नवाचार खेल खेल में शिक्षा के चलते बच्चों के प्रिय बने रहे। आपके सम्मान समारोह में सांदीपनि विद्यालय के बच्चों ने परेड मार्च कर आपको सम्मान दिया। सभा कक्ष में कई वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे। श्री मिश्र ने सम्मान समारोह अवसर पर सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुये समय प्रवंधन पर जोर दिया। अगर आप सफल नागरिक, सफल शिक्षक बनना चाहते हैं तो आपको टाइम मैनेजमेंट सीखना और जानना चाहिए। शिक्षक जाव चुनौतियों से भरा है। अपने पठन पाठन के अतिरिक्त भी तमाम राष्ट्रीय कार्य का दायित्व शिक्षक के कंधे पर होता है। आप सभी कार्य सफलतापूर्वक करें। ऊर्जा और अनुभव का



तालमेल आवश्यक है। युवाओं में ऊर्जा होती है सीनियर शिक्षक में अनुभव। दोनों सामन्जस्य बैठा कर गति प्रदान कर सकते हैं। उपहार तो एक औपचारिकता है हमारा आपका स्नेह प्यार बस हमेशा बना रहे। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य रामकिशोर साहू के मार्ग दर्शन में समपन्न हुआ। मंच संचालन श्रीमति दुवे मैम, वविता पांडे मैम ने कुशलता पूर्वक किया।

# जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने देखा केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की पहली महिला वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 का लाइव प्रसारण शनिवार को जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से देखा गया। यह बजट वित्त मंत्री का लगातार 9वां तथा स्वतंत्र भारत का 80वां बजट है, जिसे ऐतिहासिक रूप से रविवार के दिन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बजट को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा भी की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब बजट केवल आय-व्यय का दस्तावेज नहीं रह गया है, बल्कि यह



वर्ष 2047 तक विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक सशक्त नीति वक्तव्य के रूप में उभरा है। पिछले 12 वर्षों में बजट का स्वरूप दूरदर्शी, समावेशी और प्रेरक बना है, जिसका मुख्य उद्देश्य गरीबी उन्मूलन एवं आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं भारत सरकार की पूरी टीम को इस ऐतिहासिक बजट के लिए हार्दिक बधाई। यह बजट राष्ट्रीय कर्तव्यों के निर्वहन और समावेशी आर्थिक विकास के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला महामंत्री एवं केंद्रीय बजट समिति टोली के जिला संयोजक सुधीर दत्त तिवारी, जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष महेश धूमकेती, जिला मंत्री एवं केंद्रीय बजट टोली सहसंयोजक नरबदिया मरकाम, जिला मंत्री सपना जैन, कार्यालय मंत्री पवन शर्मा, केंद्रीय बजट टोली जिला मीडिया इंचार्ज चंद्रशेखर नायक सहित वीरेंद्र बिहारी शुक्ला, भागीरथ ऊरैती, तरुण ठाकुर (मंडल महामंत्री), नीलू जैन, रजनी श्रीवास, परशुराम नागेश (जिला अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा) एवं राकेश चौधरी उपस्थित रहे।

# जनपद पंचायत अमरपुर में सीसी रोड निर्माण एवं हायर सेकेंडरी स्कूल का लोकार्पण

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं मां सरस्वती के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें लाभ दिलाने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की श्रृंखला के तहत भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम पंचायत भानपुर में मस्जिद से बघेल के घर तक 10 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत कामकोमोहनीया में 3 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से निर्मित हायर सेकेंडरी



स्कूल भवन का लोकार्पण किया गया। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा और बुनियादी सुविधाएं किसी भी क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव होती हैं। आज जिन सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का लोकार्पण किया गया है, वे ग्रामीण अंचल के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। विधायक श्री धुर्वे ने कहा कि सीसी रोड निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा बरसात के मौसम में होने वाली समस्याओं से राहत प्राप्त होगी। वहीं हायर सेकेंडरी स्कूल के शुभारंभ से क्षेत्र के बच्चों को अपने गांव में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। इसी क्रम में ग्राम पंचायत निघोरी, ग्राम पंचायत बोधघुण्डी तथा सेमर टोला में 10-10 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर बद्री प्रसाद साहू, मालती तिवारी, आकाश नामदेव, हारून खान, जलेगांव सरपंच राय सिंह तेकाम, निघोरी सरपंच शोभा राम धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# परीक्षा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी किसी भी प्रकार की कोताही : सीईओ

### केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्षों को प्रशिक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने दिए दिशा निर्देश



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 10 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षाओं के सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को मॉडल स्कूल में जिले के सभी 100 परीक्षा केंद्रों में नियुक्त केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अभिषेक गेहलोत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जबलपुर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा का संचालन पूर्णत: व्यवस्थित एवं निष्पक्ष होना चाहिए तथा परीक्षा कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने परीक्षा में नियुक्त सभी लोकसेवकों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी, सजगता एवं ईमानदारी से करने का आह्वान किया।

#### 100 केंद्रो पर होगी परीक्षा

प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने जानकारी दी कि बोर्ड परीक्षाएं 10 फरवरी से प्रारंभ होकर 7 मार्च 2026 तक संचालित होंगी। जिले में कुल 100 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 96 नियमित एवं 04 निजी परीक्षा केंद्र शामिल हैं।

इनमें से 04 परीक्षा केंद्र संवेदनशील घोषित किए गए हैं, जहां प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। कक्षा 10वीं में कुल 23,088 परीक्षार्थी एवं कक्षा 12वीं में 18,640 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे परीक्षा के दौरान कलेक्टर प्रतिनिधि के साथ निर्धारित समय पर संबंधित थाने से प्रश्नपत्र प्राप्त कर परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित रूप से पहुँचाएं तथा सॉफ्टवेयर में आवश्यक प्रविष्टियाँ समय पर सुनिश्चित करें।

उन्होंने दिव्यांग विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी सभी संबंधितों को देने, पर्यवेक्षकों की समय पर व्यवस्था कर अनुमोदन कराने, प्रश्नपत्र रखने वाले थानों में पूर्व से जाकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने ,मोबाइल फोन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा तथा गोपनीय सामग्री का वितरण समयबद्ध ढंग से करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं केन्द्राध्यक्षों की समस्याओं का समाधान भी किया गया।

#### प्रश्नों का किया समाधान

सहायक संचालक एवं जिला परीक्षा प्रभारी आरके बधान द्वारा जिले के सभी 100 परीक्षा केंद्रों में नियुक्त केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए तथा उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया गया ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में एडीपीसी गौतम बर्बे, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

# पुराने फाउंडेशन पर स्थापित किया गया अधिक क्षमता का कैपेसिटर बैंक

### उपभोक्ताओं को मिला गुणवत्ता पूर्ण मानक वोल्टेज लेवल



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के इंजीनियरों ने तकनीकी दक्षता एवं उपलब्ध संसाधनों के कुशल उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। इंजीनियर्स ने एक 132 केवी सबस्टेशन में तकनीकी नवाचार का परिचय देते हुए पुराने कैपेसिटर बैंक के फाउंडेशन पर ही अधिक क्षमता का नया कैपेसिटर बैंक सफलतापूर्वक स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। इससे सबस्टेशन से जुड़े क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण बिजली मानक वोल्टेज लेवल पर उपलब्ध हो रही है।

#### वोल्टेज प्रोफाइल हो रहा था प्रभावित

आगर स्थित 132 के वी सब स्टेशन में इंडक्टिव लोड बढ़ने के कारण पूर्व में स्थापित 5 एमवीएआर क्षमता का कैपेसिटर बैंक अपर्याप्त हो गया था, जिससे वोल्टेज प्रोफाइल प्रभावित हो रही थी। सीमित स्थान के कारण नए फाउंडेशन का निर्माण संभव नहीं था। इस चुनौती का समाधान करते हुए एमपी ट्रांसको के सहायक अभियंता योगेश राठौर ने कार्यपालन अभियंता शेखर फटाले के मार्गदर्शन मे पुराने फाउंडेशन का ही उपयोग कर आवश्यक तकनीकी संशोधन किए और उसी फाउंडेशन पर 12 एमवीएआर क्षमता का नया कैपेसिटर बैंक स्थापित किया। इससे समय, लागत और अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता से बचाव हुआ।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आगमन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आज बुधवार 4 फरवरी की शाम 6.30 बजे रीवा से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री विजयवर्गीय यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 7.50 बजे विमान द्वारा इंदौर प्रस्थान करेंगे।

### सूने मकान में चोरों ने लगाई सेंध

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** तिलवारा थाने में कीर्ति सिंह चौहान पति प्रवीन सिंह चौहान उम्र 26 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह सिविल लाईन गयी थी। वापस आई तो देखा की घर का सामने का दरवाज खुला है अलमारी खुली हुयी थी जिसमें रखे बच्चे के चांदी के चूडे, हाय, कान के बाले नहीं थे करीबन 40 हजार रूपए है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### पावर ट्रांसफार्मर की हुई क्षमता वृद्धि



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के (संचा/संधा) ग्रामीण वृत्त के सिहोरा (संचा/ संधा) संभाग के पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मझौली वितरण केन्द्र में स्थापित 33/11 केव्ही अभाना विद्युत उपकेन्द्र में 5 से 10 एमव्हीए पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि कर सफलतापूर्वक चार्ज एवं चालू किया गया। इस कार्य के पूर्ण होने से सबस्टेशन से जुड़े 11 केव्ही अमगवां घरेलू व कृषि, पड़वार घरेलू व कृषि, तागबेहर घरेलू व कृषि फीडरों से संबंधित ग्राम देवरी अमगवां, अभाना, सिमरिया, खम्हरिया, सिहोदा, मोहनिया, पडवार, मझगवां, तागबैहर, दुहतरा, मुडिया अमोदा आदि आदि 36 ग्रामों में 3293 घरेलू उपभोक्ता, 1241 कृषि उपभोक्ता लाभान्वित होगे जिनको कम वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी एवं सुचारू बिजली मिलेगी। यह कार्य अधीक्षण अभियंता खुशियाल शिववंशी, कार्यपालन अभियंता अमित कुमार विश्वकर्मा, एसटीएम कार्यपालन अभियंता अवनीश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता जसवंत सिंह चौधरी, रोहित काछी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कंपनी प्रबंधन द्वारा निर्देशित किया गया कि भविष्य में ऐसे सभी ओवरलोडिंग सबस्टेशनों को चिन्हित करते हुए कार्ययोजना बनाकर पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि के कार्य किए जाए और भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जाए जिससे क्षेत्र की जनता को वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी एवं उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

# बदलाव स्वीकार है, भटकाव नहीं

### सिद्धचक्र महामंडल विधान के चतुर्थ दिवस मुनि श्री प्रमाणसागर के उद्गार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

आधुनिकता के नाम पर यदि हम अपने आधार को ही खिसका देंगे तो हमारी धार्मिकता कंहा रही। बच्चों की आड़ में अपने चरित्र बल को कमजोर न करें। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाणसागर

ने सिद्धचक्र महामंडल विधान के चतुर्थ दिवस पर कहे। मुनि श्री ने कहा कि बच्चों के मन में मांसाहार के प्रति ग्लानि होंना चाहिये। मुनि श्री ने कहा कि आजकल लोग गली निकाल लेते है कि वेज एवं ननावेज रिसोर्ट खुल गये है और उसकी किचिन अलग अलग है। उसका जबाब देते हुये मुनि श्री ने कहा कि संस्कार धानी जबलपुर से ही 1997 में समूचे भारत में यह संदेश गया था संस्कारधानी से दिन में शादी दिन में भोज, जैन समाज का यह जय घोष का संदेश गया था और अधिकांश लोगों ने इसको फालो किया लेकिन धीरे धीरे यह अग्नि ठंडी पड़ गई समय समय पर यदि फूंक मारी गई होती तो उसमें आज भी अग्नी जल रही होती। मुनि श्री ने कहा कि समाज को इस विषय पर गंभीरता पूर्वक बिचार करना चाहिये आधुनिकता के नाम पर यदि हम अपने आधार को ही खिसका देंगे तो हमारी धार्मिकता कंहा रही गृह प्रवेश जब दिन में करते हो तो रात्री में वैवाहिक कार्यक्रम क्यों। मुनि श्री ने कहा कि यह कार्य जागरुकता के साथ आना चाहिये। मीटिंग में धर्मप्रभावना समिति तथा दि.जैन पंचायत,दि. जैन युवासंघ, स्वेताम्बर जैन समाज तथा सभा के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं की मीटिंग सामाजिक



ब्यवस्थाओं के सम्वंध में आयोजित की गई थी जिसमें कयी सामाजिक मुद्दे रखे गये। संचालन अमित जैन पड़रिया ने किया प्रात:प्रवचन सभा में मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने कहा हमारी साधना पद्धति में यंत्र मंत्र और तंत्र तीनों विद्याओं का गहरा सम्वंध है, तथा साधना के दो ही मार्ग है, एक है आराधना तथा दूसरा है ध्यान प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं सुवोध कामरेड नेबताया मुनि श्री ने संस्कृत भाषा में निवद्ध श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के चतुर्थ दिवस 64 रिद्धि मंत्रों के साथ अर्घ अर्पित कराते हुये व्यक्त किये।

**विधान को जीवन की श्रैष्ठ आराधना का केंद्र बनाए**-मुनि श्री ने कहा कि मोह को जीतने के लिये आत्मज्ञान बहूत जरुरी है,एक आत्मज्ञानी व्यक्ती ही मोह,तथा इन्द्रियों के साथ मन पर विजय प्राप्त कर आत्मध्यानी हो पाता है।

मुनि श्री ने कहा कि यह सिद्धचक्र महा मंडल विधान भले ही आठ दिन में समाप्त हो जाएगा, लेकिन इस आठ दिवसीय विधान को अपने जीवन की श्रैष्ठ आराधना का केंद्र बनाइये जिससे आपके जीवन के रूपांतरण का विज्ञान बन सके प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं सुवोध जैन कामरेड ने बताया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 6.30 बजे मंगलाष्टक के साथ भगवान का अभिषेक एवं मुनि श्री के मुखारविंद के साथ शांतीधारा से हुई तत्पश्चात नित्यनियम पूजन एवं विधान प्रारंभ किया गया तथा 64 रिद्धि मंत्रों के साथ मुनि श्री के मुखारविंद से अर्घ समर्पित कराये गये एवं विधान के पांचवें दिवस 128 अर्घ प्रभु की भक्ती में समर्पित कराये जाऐंगे। इस प्रकार प्रतिदिन दुगने क्रम से अर्घ समर्पित होंगे। प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र. अशोक भैया, बाल ब्र.अभय भैया ने सभी मांगलिक क्रियाएं संपन्न करायी।

# अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत देकर हटवाए कब्जे

### सड़कों से अवैध कब्जे हटाने नगर निगम की कार्यवाही लगातार जारी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और आमजन को सुव्यवस्थित मार्ग उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम प्रशासन ने आज मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार निगम की टीम ने शहर के विभिन्न व्यावसायिक और व्यस्त क्षेत्रों में कार्रवाई कर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया। अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को गोरखपुर क्षेत्र में सड़कों पर खड़े अवैध ठेले और टपरों को हटाकर मार्ग को चौड़ा किया गया, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिली। दमोह नाका व बस स्टैंड में क्षेत्रीय बस स्टैंड जोन ऑफिस के पीछे मैदान पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। त्रिमूर्ति नगर में मिलेनियम स्कूल के पास स्थित उद्यान में हो रहे अवैध निर्माण को रुकवाकर शासकीय भूमि को मुक्त कराया गया। कलेक्ट्रेट से रेलवे स्टेशन तक इंदिरा मार्केट और कलेक्ट्रेट मार्ग पर यातायात में बाधा बन रहे अस्थायी ढांचों को जब्त कर सख्त कार्रवाई की गई। कछपुरा ब्रिज के आस-पास फैले अतिक्रमण को हटाकर जब्ती की कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

**जारी रहेगा अभियान**-निगम की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य दंडात्मक होने के साथ-साथ सुधारात्मक भी रहा। कार्रवाई के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। साथ ही, अतिक्रमणकारियों को भविष्य में सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा न करने की सख्त हिदायत दी गई ताकि शहर की सुंदरता और व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य शहर को व्यवस्थित करना और नागरिकों के लिए चलने योग्य सुरक्षित सड़कों का निर्माण करना है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि सुगम यातायात सुनिश्चित हो सके। कार्यवाही के दौरान सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया, एकता रघुवंशी, सहायक परिवहन एवं यातायात प्रबंधन अधिकारी दीपेंद्र सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।

# क्लास रूम में स्मार्ट बोर्ड पाकर छात्राओं के चेहरे पर खिल उठी मुस्कान

### विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने शासकीय कन्या शाला को दी सौगात



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने मंगलवार को महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड की सौगात दी एवं छात्राओं से विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में चर्चा की। डॉ अभिलाष पाण्डेय ने बताया कि महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय हमारे मध्यप्रदेश में अपनी उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध है और इसका उत्तर मध्य विधानसभा में होना अत्यन्त गौरव की बात है,इसमें लगातार नवाचार के माध्यम से विकास हो और तकनीक और शिक्षा का समन्यव हो इसके लिए सदैव मेरा प्रयास रहता है। उत्तर मध्य विधानसभा में हम जिस मूलमंत्र के साथ कार्य कर रहे हैं उनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, सुरक्षा और संस्कार शामिल हैं जिसमें शिक्षा को लेकर हमारे द्वारा पूरी विधानसभा में उच्च गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं के साथ साथ नई तकनीक पर भी लगातार प्रयास किया जा रहा है हमारे बच्चे किसी भी प्रकार से आज के आधुनिक प्राइवेट स्कूलों से कमतर सुविधाओं में न पढ़ें इसके लिए हम तकनीक में भी एक कदम आगे बढ़कर कार्य कर रहे है जिसमें विधानसभा में विभिन्न स्कूलों में स्मार्ट बोर्ड एवं क्लासेज का निर्माण लगातार चल रहा है आज मुख्य रूप से महारानी लक्ष्मी बाई कन्या शाला में छात्राओं को नए स्मार्ट बोर्ड की सौगात प्रदान की है एवं इनके मध्य पहुंचकर विद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों की भी चर्चा की और आगे भी अभी इस क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य करके हम इसे आगे बढ़ाएंगे। इसी कड़ी में बुधवार को 11 बजे शासकीय माध्यमिक शाला चेरीताल एवं तमरहाइ में परीक्षा पर चर्चा एवं नए स्मार्ट बोर्ड की सौगात प्रदान की जाएगी।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ाया संपूर्ण भारत का मान : सांसद आशीष दुबे

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अमेरिका के साथ भारत की ट्रेड-डील को लेकर मंगलवार को हुई संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत हुआ। पार्टी के नेताओं ने पीएम मोदी को फूलों की माला पहनाकर बधाई दी। उपरोक्त उद्गार कहते हुए संसदीय दल की बैठक में उपस्थित रहे लोकसभा सांसद आशीष दुबे ने बताय कि भारत अमेरिका ऐतिहासिक ट्रेड डील होने पर शुभकामनाएं देते हुए इसे वैश्विक परिदृश्य में प्रधानमंत्री मोदी के प्रभावी नेतृत्व का परिणाम है सांसद श्री दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान और प्रतिष्ठा बढ़ी है, और ये कई देशों के भारत पर भरोसा करने और उसके साथ व्यापार समझौते करने का परिणाम है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को जबरदस्त गति मिलेगी। सांसद श्री दुबे ने बताया कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी, ऊर्जा सहयोग और वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका और मजबूत होगी। इस समझौते से भारत को वैश्विक स्तर पर बड़ा आर्थिक फायदा मिलेगा और मेड इन इंडिया उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान मिलेगी।

# पमरे जीएम ने चेक किया खन्ना बंजारी स्टेशन पर बना ट्रैक का कर्व एरिया

### कटनी साउथ-ब्यौहारी रेल खण्ड के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों से की वार्ता



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने मंगलवार को कटनी साउथ-ब्यौहारी रेल खण्ड का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में महाप्रबंधक ने रेल संरक्षा, परिचालन गुणवत्ता, अधोसरंचना एवं निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने इस रेल खण्ड पर स्थित स्टेशनों, रेल पुलों, ओएचई प्रणाली, सिग्नल एवं दूरसंचार व्यवस्था तथा समपार फाटकों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने रेल खण्ड में ट्रेनों की रनिंग गुणवत्ता, ट्रैक पेट्रोलिंग की स्थिति एवं संरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की गहन जानकारी प्राप्त की। महाप्रबंधक ने समपार फाटकों एवं ट्रैक पर कार्यरत गैंगमैन/ट्रैकमैन की सुरक्षा एवं संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने ट्रैक अनुरक्षण कार्यों में आधुनिक तकनीक एवं मानकों के पालन पर विशेष बल दिया। महाप्रबंधक द्वारा निरीक्षण की शुरुआत कटनी साउथ स्टेशन से की गई। इस दौरान प्रमुख मुख्य अभियंता, जबलपुर मंडल रेल प्रबंधक सहित मुख्यालय एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पूरे रेल खण्ड का गहन निरीक्षण किया गया।

#### स्टेशन लॉबी, स्टेशन परिसर को देखा

निरीक्षण के क्रम में इसके पश्चात महानदी रेल पुल का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात खन्ना बंजारी स्टेशन का निरीक्षण किया गया, जहां ट्रैक का कर्व चेक किया गया। इसी अवसर पर खन्ना बंजारी में नवनिर्मित आवासीय परिसर का उद्घाटन तथा वरिष्ठ खंड अभियंता कार्यालय का शुभारंभ महाप्रबंधक द्वारा किया गया। इसके उपरांत महरोई स्टेशन का निरीक्षण किया गया, जहां महाप्रबंधक ने ट्रैक पर कार्यरत ट्रैकमैन कर्मचारियों से संवाद कर संरक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा की। इस दौरान पॉइंट एंड क्रॉसिंग एवं कर्व का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अंत में ब्यौहारी स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया गया। यहां स्टेशन लॉबी, स्टेशन परिसर, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, खानपान स्टॉल, एक स्टेशन-एक उत्पाद स्टॉल का निरीक्षण करते हुए यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की गई। इसी अवसर पर स्टेशन में नवनिर्मित वीआईपी कक्ष का भी शुभारंभ किया गया।

# यूजीसी रेगुलेशन के संबंध में सौंपा गया ज्ञापन

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

मंगलवार 3 फरवरी को दोपहर 2 बजे स्टेशन चौराहा से सैकड़ों की संख्या में सवर्ण समाज एकत्रित होकर रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और यूजीसी के काले कानून को खत्म करने महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि यदि कोई सवर्ण छात्र जातिगत भेदभाव करता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। किंतु यदि किसी छात्र को व्यक्तिगत रंजिश, दुर्भावना या झूठे आरोपों के माध्यम से फंसाया जाता है, तो ऐसे मामलों में फंसाने वाले के विरुद्ध भी समान कार्रवाई का स्पष्ट प्रावधान होना चाहिए। कानून का दुरुपयोग न्याय नहीं, बल्कि अन्याय को बढ़ावा देता है। ओबीसी वर्ग का छात्र एससी एसी, एसटी वर्ग के छात्र के साथ जातिगत भेदभाव करता है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई का स्पष्ट



प्रावधान क्यों नहीं है? क्या भेदभाव केवल एक ही दिशा में होता है? वास्तविकता यह है कि भेदभाव के मामले हर सामाजिक स्तर पर होते हैं और कानून को इस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए। नए नियमों में ओबीसी वर्ग को पीड़ित पक्ष के रूप में शामिल किया गया है, तो क्या सामान्य वर्ग को पहले से ही दोषी मान लिया गया है?

न्याय व्यवस्था की बुनियाद पूर्वाग्रह पर नहीं, बल्कि तथ्यों और निष्पक्ष जांच पर आधारित होनी चाहिए। शैक्षणिक संस्थान समाज की जड़ होते हैं, जिनका उद्देश्य समानता, समावेश और एकता को मजबूत करना है, न कि विभाजन और वर्गीकरण को बढ़ावा देना। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, किंतु यह अधिसूचना भारत के सविधान की मूल भावना, सवैधानिक दृष्टि और समानता के सिद्धांतों के अनुरूप प्रतीत नहीं होती। जातिगत भेदभाव देश के लिए एक नासूर है। दोषी के लिए सख्त दंड का प्रावधान आवश्यक है, किंतु साथ ही निर्दोष व्यक्ति को स्वयं को बचाने का पूरा अवसर भी मिलना चाहिए। वर्ष 2012 में बने नियमों में यह संतुलन था कि यदि आरोप झूठे पाए जाएँ या फंसाने की मंशा सिद्ध हो, तो जुर्माने और कार्रवाई का प्रावधान रहेगा।यदि वास्तव में जातिगत पिरामिड और सामाजिक संरचना को समझना है, तो नियम बनाने वालों को गाँव देहात और जमीनी स्तर पर जाकर सामाजिक यथार्थ को देखना चाहिए। एसी कमरों में बैठकर केवल हवा ठंडी लगती है, समाज की जातिगत गर्माहट और पीड़ा नहीं समझी जा सकती। उन्होंने मांग की है कि भारत के सविधान में निहित समानता, न्याय एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के आलोक में यूजीसी रेग्यूलेशन -2026 की पुन: समीक्षा की आए एवं इसे तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए।

# जिले में बाघ गणना के तीसरे चरण की तैयारियां शुरू

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - जिले में बाघ गणना का तीसरा चरण शुरू हो गया है। इस चरण में सामान्य वन मंडल और मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम के जंगलों में ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। यह निगरानी 25 दिनों तक चलेगी, जिसके लिए मंगलवार 3 फरवरी से ही कर्मचारी सक्रिय हो गए हैं।



राज्य वन विकास निगम के चंदिया, उमरिया और हरवाह परिक्षेत्रों के साथ-साथ सामान्य वन मंडल के पाली और घुनघुटी परिक्षेत्रों में विशेष टीमों द्वारा कैमरे स्थापित किए गए हैं। तीसरे चरण का मुख्य उद्देश्य बाघों और अन्य वन्य प्राणियों की गतिविधियों को रिकॉर्ड करना है।.चयनित स्थानों पर आमने-सामने ट्रैप कैमरे लगाए गए है ताकि दोनों ओर से स्पष्ट तस्वीरें मिल सकें। राज्य वन विकास निगम के तीनों परिक्षेत्रों में 50 से अधिक स्थानों पर कुल 100 कैमरे लगाए गए है। सामान्य वन मंडल के पाली परिक्षेत्र में 91 स्थानों पर 182 कैमरे और घुनघुटी परिक्षेत्र में 143 स्थानों पर 286 ट्रैप कैमरे स्थापित किए गए हैं। इस प्रकार, कुल मिलाकर 500 से अधिक ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की सुरक्षा और निगरानी के लिए राज्य वन विकास निगम और सामान्य वन मंडल के अधिकारी-कर्मचारी तैनात किए गए हैं। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद, विशेष प्रशिक्षित टीम ही इन कैमरों को जंगल से निकालेगी। मध्य प्रदेश राज्य द्न विकास निगम के संभागीय प्रबंधक अमित पटौदी ने बताया कि जिन स्थानों पर कैमरे लगाए, गए हैं, वहां वन्यजीवों की आवाजाही अधिक है। उन्होंने कहा कि श्हमारे जंगलों में बाघ सहित अन्य वन्य प्राणी विचरण करते हैं।श् कैमरों की निगरानी के लिए 30 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी तैनात हैं।

# केंद्रीय बजट 2026: विकसित भारत के लिये आयकर सीमा की छूट को बढ़ाना चाहिये : कीर्ति सोनी

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय व्यापारी परिषद (कैट)उमरिया के जिला अध्यक्ष कीर्ति कुमार सोनी ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लिये महत्वपूर्ण बजट है और बड़े जोर-शोर से बजट की ब्रांडिंग की जा रही थी किन्तु आम आदमी को सीधा लाभ आयकर छूट से मिलता और उससे खरीद बढ़ती ताकि उद्योग और व्यापार में सीधा लाभ होता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वदेशी' आव्हान के लिये कोई नई योजना आना चाहिये थी। जिससे स्वदेशी उत्पादों पर छूट एवं इन्सेंटिव मिलना चाहिये जो सीधे भारत के घरेलू उत्पाद को मजबूती देता और भारतीय उत्पादों के नये वैश्विक बाजार खोलने में सहायक सिद्ध होता। कैट के जिला संगठन मंत्री राहुल अग्निहोत्री ने इस बजट को देश के



व्यापारियों, उद्यमियों, निवेशको और विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं उत्तम माध्यम उद्यमों के लिये आत्मविश्वास से भरे दस हजार करोड़ के पैकेज पर बात करते हुये कहा कि इससे हमारा एमएसएमई सेक्टर मजबूत होगा और आसान ऋ्रृण उपलबध होगा। छोटे उद्योगों को और व्यापारियों को नई ऊंचाईया प्रदान करेगा। कैट जिला सचिव अश्विनी वाधवा ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास के लिये लॉजिस्टक की दक्षता, निर्यात, डिजिटल अर्थव्यवस्था और उपभोग आधारित विकास जिससे व्यापार और वाणिज्य को बढ़ने के लिये लाभप्रद है। कुल मिलाकर यह बजट आत्मनिर्भर, प्रतिस्पर्धी एवं समावेशी भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

मंगलवार 3 फरवरी को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति बालक एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम कि बैठक संपन्न हुई।



बैठक में अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एवं समन्वयव राज्य शिक्षा केन्द्र जिला उमरिया को विदयालय से अनुपस्थित बालको को शिक्षा से जोडने हेतु नजदीकी विदयालयों में प्रवेश कराने केसंबध में निर्देश दिये गये एवं बालको एवं किशोर श्रमिकों के नियोजन के प्रभावी रोकथाम के लिये सभी सदस्यो को कलेक्टर व्दारा निर्देशित किया गया। अनुपस्थित बच्चों को मजदूरी के कार्यो में नियोजित करने वाले नियोजकों पर बालक एवं कुमार श्रमिक के विशेष निगरानी रखे जाने हेतु सभी सदस्यो को निर्देशित किया गया।भिक्षावृत्ति के कार्यो में लगे हुये बालकों को रोकने के लिये महिला बाल विकास विभाग एवं अन्य सदस्यो को समझाईश दिये जाने एवं इसकी सूचना तत्काल जिला पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन उमरिया को दिये जाने के निर्देश दिये गये। जिला शिक्षा अधिकारी उमरिया, जिला परियोजना समन्वयक अधिकारी, जिला शिक्षा केन्द्र उमरिया को निर्देशित किया गया, कि विदयालय से लगातार 30 दिन से अनुपस्थित बालको द्वारा कौन सा कार्य किया जा रहा है इसकी जानकारी संकलित कर जिला टास्कफोर्स समिति को 7 दिवस में प्रस्तुत करें। विदयालय के प्राचार्य ,प्रधानाध्यापक विदयालय से अनुपस्थित बालको की संसूचना बालक एवं कुमार श्रमप्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, संशोधित अधिनियम के उपनियम में निर्दिष्ट जिला टास्कफोर्स समिति के नोडल अधिकारी को अनुपस्थिति की सूचना प्रस्तुत करें।

जिला टास्कफोर्स समिति के सभी सदस्यो को बालक एवं कुमार श्रमिकों के नियोजन के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर निर्देशानुसार जानकारी तत्काल श्रम विभाग उमरिया एवं पेंसिल पोर्टल पर दर्ज कराये जाने की जानकारी दी गई। विमुक्त कराये गये बाल श्रमिक को विदयालय में प्रवेश एवं उनके परिवार को व्यवसाय से जोडने के लिये आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# शिक्षा के मानक स्तर में गुणोत्तर वृद्धि करते हैं अनुशासन और संस्कार : दिलीप पांडे

## पडवार सुहासिनी विद्यालय में संपन्न हुआ वार्षिकोत्सव'



**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - शिक्षा संस्कारों से आती है,संस्कार माता-पिता और गुरुजनों की देन हैं। शिक्षित व्यक्ति ही संस्कार और अनुशासन का मूल्य समझ सकते हैं। मंगलवार 3 फरवरी को सुभाषिनी माध्यमिक विद्यालय पडवार में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे जी ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों के कार्यक्रम की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया। श्री पांडे ने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य है बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कारों का प्रस्फुटन विद्यालय से ही होता हैस विद्यालय में छात्र अध्ययन करके चरित्रवान और यशस्वी बनता है सुभाषिनी विद्यालय के समस्त शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना करते हुए बच्चों के प्रतिभा और उनके कौशल के जौहर को दर्शकों ने नमन किया‌स कार्यक्रम में पंडित राम किशोर चतुर्वेदी सुरेंद्र गौतम रमेश बेल्हा अनिल द्विवेदी लक्ष्मण सिंह रमाकांत तिवारी रमेश चौधरी कमलेश गौतम उदयभान द्विवेदी राज श्रि मिश्रा रामकृष्ण माझी एवं भारतीय जनता पार्टी के सैकडो नेता कार्यकर्ता अभिभावक मौजूद रहे।

# कोदो का चावल खाने से परिवार हुआ बीमार

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जनपद करकेली के ग्राम जरहा अंतर्गत सेहरा गांव में एक ही परिवार पिता-माता, बेटा-बहु की हालत खराब होने का समाचार प्रकाश में आया है। घटना के बाद 108 की मदद से घुलघुली स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बताया जाता है कि परिवार के लोग कोदो का चावल खाये थे,जिसके बाद उनकी हालत खराब हुई है। पहले बुधवार को जरहा स्थित शासकीय विद्यालय में कई मासूम छात्रों की हालत बिगड़ी थी,ये परिवार उसी विद्यालय के नज़दीक ही पुस्तैनी मकान में रहता है।परिवार के जिन लोगो की हालत खराब है उनमें पिता काशी सिंह करीब 80 वर्ष,पत्नी बुधिया बाई 70 वर्ष,पुत्र खेमचंद सिंह 38 वर्ष,रामरति सिंह 36 वर्ष शामिल है।

# केन्द्रीय विद्यालय हेतु ग्राम डबरौहा में जमीन आवंटित

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के अथक प्रयासों से बहुप्रतीक्षित केंद्रीय विद्यालय उमरिया के लिए जमीन का आवंटन हुआ है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि म.प्र. नजूल भूमि निवर्तन निर्देश 2020 द्वितीय संस्करण वर्ष 2022 द्वारा केन्द्रीय विद्यालयों के मामलों में अधिकतम 2 हेक्टेयर या केन्द्र सरकार द्वारा नियत मानदण्ड अनुसार मे से जो कम हो, द्वारा भूमि आवंटित की जा सकती है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली के पत्र अनुसार भूमि का न्यूनतम क्षेत्रफल 5 एकड़ एवं अधिकतम 10 एकड़ आवंटित किये जाने का प्रावधान है।

ऐसी स्थिति में म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 51 के तहत प्र.क्र. 05/अ-20(2)/2025-26 में पारित स्वप्रेरणा मे लिया जाकर केन्द्रीय विद्यालय संगठन मानव संसाधन विकास भारत सरकार को ग्राम डबरौहा स्थित आ.नं. 423/1 रकवा 5.727 हे. के अंश रकवा 4.250 हे. का आवंटन आदेश निरस्त किया जाकर जिला नजूल निवर्तन समिति, जिला-उमरिया (म.प्र.) की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार ग्राम डबरौहा, प.ह. डबरौहा, तहसील बांधवगढ, जिला-उमरिया (म.प्र.) स्थित शासकीय आ.नं. 423/1 रकवा 5.727 हे. का अंश रकवा 2.000 हे. भूमि केन्द्रीय विद्यालय भवन, खेल मैदान, पार्क एवं अन्य निर्माण हेतु केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पक्ष में प्रव्याज शून्य एवं वार्षिक भू-भाटक रूपये 1/- (एक रूपया) पर आवंटित की जाती है।

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 13 फरवरी तक चलाया जाएगा

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में 30 जनवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान आयोजित किया जाएगा। इस हेतु पंचायतों द्वारा कुष्ठ रोग के प्रति समाज में व्याप्त भय, भ्रम एवं भ्रांति को मिटाने के लिए अपील समान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न, सूचना, शिक्षा संचार एवं संलग्न मार्गदर्शिकानुसार आयोजित किया जाएगा एवं समाज को कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति से भेदभाव न करने के लिये शपथ दिलाई जाएगी साथ ही पखवाड़ा के दौरान अधिक से अधिक नये कुष्ठ रोबी खोजा जाएगा।

# न्यायाधीश सचिव, एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने किया जेल का निरीक्षण




**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्याया0 मोहन डावर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वी0एस0 चंदेल द्वारा जेल का निरीक्षण,अवलोकन किया गया। जेल के प्रत्येक बैरक में जाकर बंदियो के वस्त्र, बिस्तर, बर्तन, टी0वी0, पंखे, शौचालय एवं उनके प्रकरण के हिस्ट्री टिकट जिसमे अधिवक्ता का नाम, आगामी पेशी दिनांक एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग, मुलाकात, इनकमिंग टेलीफोन एवं बंदियो के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। बंदियों से पूछताछ कर उनकी समस्या पूछी गई। किसी भी बंदी ने कोई समस्या होना नहीं बताया है। जेल के आंतरिक परिसर का भ्रमण / अवलोकन कर साफ सफाई देखी गई। विधिक सहायता आयोजित कर बंदियों को नि:शुल्क अधिवक्ता विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पैरवी करने के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, वी0एस0 चंदेल द्वारा जेल में परिरुद्ध मानसिक बंदियों का उपचार एवं परीक्षण किया गया। जेल निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक डी.के. सारस, तथा जेल चिकित्सक डॉ0 एस. के. जैन एवं जेलर/उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को एवं ड्यूटीरत प्रमुख मुख्य प्रहरी एवं प्रहरी एवं विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के पैरालीगल वालिंटियर सुजीत महोबिया उपस्थित रहे।

# वन विभाग ने अवैध लकड़ी तस्करी करते ट्रैक्टर किया जब्त



बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

वन परिक्षेत्र खैरलांजी के अंतर्गत ग्राम किन्ही से खैरी के बीच में अवैध लकड़ी तस्करी करते हुए वन विभाग के गस्ती दल ने ट्रैक्टर को जप्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई है।

जानकारी अनुसार, गौरव चौधरी मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त बालाघाट एवं नित्यानंदम एल. वनमंडल अधिकारी दक्षिण सामान्य वनमंडल बालाघाट के निर्देशानुसार 02 फरवरी को गश्ती कार्य के दौरान रात्रि लगभग 8.30 बजे ग्राम किन्ही से खैरी मार्ग पर अपराधी कमलेश पिता दाजी बनोटे निवासी खैरी द्वारा बबूल प्रजाति की काष्ठ को बगैर परिवहन अनुज्ञा पत्र के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर वाहन ट्रेक्टर सोनालिका वाहन क्रमांक एमपी-50 जैडजे 6555 को वन अपराध प्रकरण क्रमांक 12630/17 दिनांक 02-02-2026 द्वारा जप्त किया गया। जप्त किये गये वाहन में बबूल प्रजाति के 06 नग लटठा- 2.893 घ.मी. काष्ठ एवं 01 नग जलाउ चटठा पाया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 32059.00 रुपये है। उक्त कार्यवाही में डी.सी. वासनिक परिक्षेत्र अधिकारी खैरलांजी, युवराज बोरकर प.स. खैरलांजी, विजय सिंह कुशरे प.स. कटोरी, राकेश साहू वनपाल, चन्द्रकुमार कडव वनपाल, निलयकिर्ती सुखदेवे वनरक्षक, पंकज भालाधरे वनरक्षक, लक्ष्मीशेखर चौहान, गणेश शरणागत, अशोक मेश्राम स्थाईकर्मी एवं तेजराम अटराहे सुरक्षा श्रमिक का सहयोग रहा।

# संत रविदास जयंती एवं राज्य शाखा दक्षिण उत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**बालाघाट।** भोपाल जिला मुख्यालय के चैत्य बुद्ध विहार,भैया साहब यशवंतराव आंबेडकर स्मारक पंचशील नगर में आज दिनांक 01/02/2026 को मानवता के सच्चे प्रहरी संत रविदास जी जयंती समारोह एवं संस्था की दक्षिण उत्तर राज्य की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई,संस्था के राष्ट्रीय सचिव एवं मप्र राज्य शाखा के पालक मंत्री बी एच गायकवाड गुरुजी के मुख्यातिथि में,आद.गौतम पाटिल सर राष्ट्रीय संगठक भोपाल के प्रमुख आतिथ्य में,डॉ चरनदास ढेंगरे जी प्रदेश अध्यक्ष मप्र दक्षिण(बालाघाट) की अध्यक्षता में,आर सी दिवाकर प्रदेश अध्यक्ष उत्तर(शिवपुरी)के स्वागत अध्यक्षता में एवं मप्र के प्रदेश पदाधिकारी एवं विभिन्न जिला शाखाओं के सैकड़ों प्रमुख पदाधिकारी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।इसका सूत्र संचालन द.के. महामंत्री डॉ.एवं स्थ्र लेफ्टिनेंट कर्नल उत्तम प्रधान जी इंदौर,लखन कुमार दैलवार प्रदेश कोषाध्यक्ष (अशोक नगर) आय व्यय का ब्यौरा बी सी सहारे जी भोपाल के पास जमा किया गया, सी एल बौद्ध



पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दतिया एवं रमेश लोखंडे पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष छिंदवाड़ा ने संस्था में शामिल होकर उनके,कार्यकर्ता एवं समाज के साथ किए जा रहे अन्याय और अनियमितता के बारे विस्तार से जानकारी दि इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव गायकवाड गुरुजी मुंबई ने कहा कि सभी ने निष्ठा से सभी कार्य करना चाहिए,संस्था के सभी को पूरा मान सम्मान मिलता है। आदरणीय गौतम पाटील साहब ने काहा सी एल बौद्ध साहब हमारे पुराणे साथी है।वह प्रदेश अध्यक्ष थे तभी मैं महासचिव था।आज हमको फोर से एक साथ काम करने का मोका मिला है।हम दोनों हाथ में हात मीलाकर आदरनिय डॉ भिमराव आंबेडकरजी के साथ तेज गती से काम करेंगे।समारोह के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि मानवता के अग्रणी संत रविदास जी ने जीवन भर मानव जीवन मंगल मय करने जीवन भर कार्य किया,सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ओ को धम्म संस्था के माध्यम गति से कार्य करने के टिप्स दिए,वर्ष 2026 बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जयंती महू इंदौर में मनाने हेतु सभी जिला शाखाओं को प्रति जिला 10,000/इंदौर में भेजे जाने हेतु टारगेट दिए,महू बाबासाहेब जयंती अवसर पर मप्र शासन की ओर से लगने वाला मंच जो जन्मभूमि के ठीक सामने लगता है,जिससे स्मारक के दर्शन करने वाले हजारों अनुयायियों को भारी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है,जनहानि की संभावना बनी रहती,मप्र शासन द्वारा शिक्षा विभाग सर्विस बुक अपडेट करने के दौरान एवं नई जनगणना के पत्रक के धर्म के कॉलम में हिंदू,सिख,ईसाई,मुस्लिम एवं जैन लिखा है,बौद्ध नहीं लिखा,अन्य भी नहीं लिखा जिससे पूरे बौद्ध अनुयाई यो के साथ धोखा है जिससे उनमें भारी आक्रोश बना हुआ है।

इस पर नाराजगी जारी करते हुए मप्र प्रदेश शासन एवं भारत सरकार को पत्र लिखने हेतु प्रताव लिया,अन्यथा भविष्य में संगठन एवं समाज द्वारा आंदोलन किया जाएगा बालाघाट जिले की लांजी तहसील मुख्यालय में संस्था के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष,समता सैनिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बोधिसत्व डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी के पौत्र परम आद.डॉ.भीमराव य.आंबेडकर साहेब के मुख्य आतिथ्य में होने राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन एवं विभिन्न धम्म प्रशिक्षण शिविरो को सफल करने आव्हान किया गया है।उत्तर राज्य के अध्यक्ष आर सी दिवाकर जी ने सभी को धम्म संस्था के संविधान के अनुसार कार्य करने हेतु आव्हान किया।



## मनाई संत रविदास की जयंती

**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गुरु रविदास के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। वक्ताओं ने उनके जीवन विचारों और समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गुरु रविदास के समता समानता और भाईचारे के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। सभी ने कहा कि गुरु रविदास का जीवन आज भी समाज को सही दिशा देने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इकबाल खान जनपद पंचायत मोहगांव उपाध्यक्ष शिवकुमार मिश्रा, इमरान खान, राजेंद्र झरिया, जाकिर हुसैन, प्रदीप बैरागी, अमरीश मिश्रा, मिलन पटेल, रईस अहमद एवं अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।मनाई संत रविदास की जयंती

फोटो एमडीएल-07

मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गुरु रविदास के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। वक्ताओं ने उनके जीवन विचारों और समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गुरु रविदास के समता समानता और भाईचारे के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इकबाल खान जनपद पंचायत मोहगांव उपाध्यक्ष शिवकुमार मिश्रा, इमरान खान, राजेंद्र झरिया, जाकिर हुसैन, प्रदीप बैरागी, अमरीश मिश्रा, मिलन पटेल, रईस अहमद एवं अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया पूर्णमासी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सदगुरु कबीरपंथ महासभा समिति के तत्वाधान में माह पूर्णमासि हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित कबीर चौक कबीर मंदिर में कार्यक्रम किया गया। सुनील पनेरिया ने बताया कि पहले कबीर आरती, कबीर पुराण, कबीर भजन एवं इसके बाद समाज के वरिष्ठ जन भागवत बैरागी का 86 व जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ भोज एवं भंडारा का कार्यक्रम हुआ कबीर पंथ समाज के महिला पुरुष युवा बच्चे सभी आयु वर्गों के लोगों ने कार्यक्रम की सहभागी रही। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह में एक बार होता है और कबीर पंथ समाज के सभी वर्ग के लोग हमेशा इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। इस दौरान विनोद सुरेश्वर, बसंत कुमार झारिया, विजय सोनवानी, गणेश झरिया, फूलचंद टांडेश्वर, श्याम बैरागी, उर्मिला सोनवानी, मधुरिमा मोगरे, गायत्री बैरागी, दया बैरागी, कल्पना सोनवानी, कुंजकली मोंगरे, पुष्पलता बैरागी ,गंगोत्री सोनवानी, कविंद्र सुरेश्वर, वीरेंद्र बघेल, दीपक बैरागी, प्रभु दास मोगरे, बलराम झरिया, लखन लाल झरिया, लोचन लाल झरिया, होमन दास मोगरे , रवि बैरागी , बीरन सोनवानी, अजय बैरागी, देवेंद्र बैरागी, कुलदीप बैरागी, महूलाल ,हरिदत्त ,बाबूलाल, मोहनलाल, देवदत्त, श्याम, रेखा, साधना झरिया एवं सामाजिक लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## सीईओ ने लिया पदभार

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मंडला में मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल द्वारा की गई पदस्थापना के परिपालन में सुश्री साक्षी पंद्राम ने सोमवार को जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार ग्रहण किया।

# वर्षों पुरानी बीमा पॉलिसियों में अधिक धन ब्याज दिलाने का लालच देकर कर रहे थे ठगी, पुलिस ने दो सायबर ठगों को किया गिरफ्तार





**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**

सायबर ठग नए-नए तरीके से ठगने का रास्ता खोज रहे हैं। जिनकी गिरफ्त में आए दिन कोई न कोई फंस ही जाता है अब सायबर ठग बंद पड़ी बीमा पॉलिसियों को चालू कराने और भारी भरकम रकम दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। ऐसा ही एक गिरोह पुलिस के हाथों लगा है। जो बंद हो चुकी या वर्षो पुरानी बीमा पॉलिसियों में अधिक धन ब्याज दिलाने का लालच दिलाते हुए ठगी कर रहे हैं। साइबर अपराधों के खिलाफ पुलिस ने एक बड़ी और अहम सफलता हासिल की है। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी की मैच्योरिटी और रीओपन के नाम पर एक महिला से लगभग 10 लाख 95 हजार 840 रुपये की ठगी करने वाले दो शातिर साइबर ठगों को उत्तर प्रदेश के नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में की गई जिसमें थाना महाराजपुर और साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ऑनलाइन साइबर शिकायत पोर्टल 1930 पर दर्ज शिकायत के बाद सामने आया जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई।

### मैच्योरिटी का झांसा ठगे लाखों

थाना महाराजपुर में ई-जीरो एफआईआर क्रमांक 155/26 धारा 318(4), 319(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता प्रमिला तेकाम 51 वर्ष निवासी गोकुलधाम कॉलोनी महाराजपुर ने पुलिस को बताया कि उन्होंने वर्ष 2015 में मैक्स लाइफ इंश्योरेंस की एक पॉलिसी ली थी जिसकी केवल प्रथम वर्ष की किस्त 27 हजार 150 जमा की गई थी। इसके बाद पॉलिसी को आगे जारी नहीं रखा गया। करीब दस साल बाद 12 दिसंबर से उन्हें लगातार अज्ञात मोबाइल नंबरों से कॉल आने लगे। कॉल करने वाले स्वयं को इंश्योरेंस कंपनी का मैनेजर या अधिकारी बताकर बात करते थे। आरोपियों ने महिला को बताया कि उनकी पुरानी पॉलिसी को रीओपन कराया जा सकता है और इसके बदले उन्हें मैच्योरिटी की बड़ी रकम मिलेगी।

**एनओसी प्रोसेसिंग के नाम ली रकम**-साइबर ठगों ने बेहद शातिर तरीके से पीड़िता को विश्वास में लिया। उन्होंने पहले पॉलिसी रीओपन कराने फिर एनओसी उसके बाद प्रोसेसिंग फीस जीएसटी, क्लोजिंग चार्ज और अन्य तकनीकी कारण बताकर अलग-अलग तिथियों में रकम जमा कराने को कहा। आरोपियों द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार महिला ने फोन-पे ऐप के माध्यम से यश बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक के खातों में अलग-अलग किश्तों में रकम ट्रांसफर की। इस तरह कुछ ही दिनों में महिला से कुल 10 लाख 95 हजार 840 की राशि छलपूर्वक ठग ली गई। जब काफी समय बीत जाने के बावजूद न तो कोई मैच्योरिटी राशि मिली और न ही कॉल करने वालों से संपर्क हो पाया तब महिला को ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई।

### साइबर सेल से हुई जांच पड़ताल

शिकायत मिलते ही पुलिस अधीक्षक रजत के निर्देश में थाना महाराजपुर और साइबर सेल ने संयुक्त रूप से मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान बैंक खातों का तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल नंबरों की सीडीआर आईएमईआई ट्रैकिंग और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की लोकेशन नोएडा गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश में चिन्हित की गई। पुख्ता सबूत मिलने के बाद थाना महाराजपुर की एक विशेष टीम को नोएडा भेजा गया जहां नोएडा साइबर थाना पुलिस के सहयोग से दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर मण्डला लाया गया।

### आरोपियों हो रही सख्त पूछताछ

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गौरव पिता महेश सिंह प्रजापति सचिन पिता श्रीचंद वाल्मीकि हुई है पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी साइबर फ्रॉड के मामलों में शातिर तरीके से लोगों को निशाना बनाते थे और बीमा बैंकिंग व केवाईसी जैसे विषयों का सहारा लेकर ठगी करते थे। फिलहाल दोनों आरोपियों से सघन पूछताछ की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि इस साइबर ठगी गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं जो कॉलिंग बैंक खातों की व्यवस्था और तकनीकी संचालन में भूमिका निभा रहे थे। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों द्वारा कितने लोगों को ठगा गया और ठगी की कुल रकम कितनी है।

### इनकी रही अहम भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में एसडीओपी मण्डला पियूष मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना महाराजपुर पुलिस और साइबर सेल की टीम ने सराहनीय कार्य किया। थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक डॉ जयसिंह यादव, उप निरीक्षक जितेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर, केशव मरावी, आरक्षक शिवा नाविक, अमित गरयार, सुरेश भटेरे सहित नोएडा साइबर थाना पुलिस का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### साइबर ठगों से रहे सतर्क

मण्डला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल पर बैंक बीमा या केवाईसी संबंधी जानकारी साझा न करें। किसी भी प्रकार की पॉलिसी मैच्योरिटी या रिफंड के नाम पर पैसे न भेजें। संदेह की स्थिति में तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाना में शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस का कहना है कि सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह सम्पन्न

**मण्डला/नारायणगंज (स्वतंत्रमत)।**



आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लॉक शाखा नारायणगंज के तत्वावधान में 1 फरवरी को कन्या शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नारायणगंज के प्रांगण में शिक्षक मिलन समारोह एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के बीच आपसी संवाद संगठनात्मक मजबूती तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों के योगदान का सम्मान करना रहा। इस कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संतोष सोनी ने की। मंच पर प्रांतीय, जिला एवं विकासखंड स्तर के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं पर हुआ मंथन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल एवं जिला अध्यक्ष संतोष सोनी ने शिक्षकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण एवं ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक भीखम सिंगौर, अमर सिंह कुलस्ते, अमर सिंह मार्को ने जीवन निर्वाहन के सम्बंध में अपनी कहानी-अपनी जुबानी सुनाई।

जब सेवानिवृत्त शिक्षक अपनी व्यथा सदन के समक्ष रखे तो उपस्थित सभी शिक्षक भावुक हो गए, सब की आंखें नम हो गईं। ब्लाक अध्यक्ष शेख रहमान के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रांत अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष द्वारा सम्मान किया गया। रामदयाल वरकडे, हेमंत सिंह मरावी, चन्द्रभान धनगर, नरबद सिंह मरावी, सुशील मरावी, राजेन्द्र कुमार मरावी, इन्द्रकुमार बर्मन, राजेश उइके, सत्येन्द्र परते, संतराम यादव, चैनसिंह मरावी, महेन्द्र मरावी, सुभाष साहू, सहदेव मरावी, कुसुमलाल उइके, अशोक यादव, देवसिंह भरतीया, रामकिशोर लाल तिलसिया, भगवंत मरावी, गंगोत्री वरकडे, पूनम सोनी, आगेश्वरी उइके, तारिका मरावी, मुलिया मरावी, अर्चना श्याम, द्रोपती मरावी एवं ब्लाक के सभी समस्त शिक्षक मातृशक्तियाँ।

इस दौरान सुनील कुमार दुबे, इन्द्रेश तिवारी, दुर्गेश खरे, गौरीशंकर झारिया, सागर पटेल, दिनेश सिगरौरे, दिनेश कांडा, तुलसीराम बन्देवार, विपिन श्रीवास, आराधना कुशवाहा, रेखा लाची, देवेन्द्र चौरसिया, अखिलेश उपाध्याय उपस्थित रहे।



# महाआरती समिति के कार्यकर्ता सम्मानित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**

माहिष्मती घाट महाआरती में कार्य संचालन को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर कांसकार, पटवारी योगेश तिवारी, नगर पालिका कर्मी पुष्पेन्द्र पांडे को 26 जनवरी के मुख्य समारोह में सम्मानित किया गया है। यहां पर प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने सम्मानित करते हुए उत्कृष्ट कार्यो को लेकर बधाई दी है। माहिष्मती घाट महाआरती के नियमित सुव्यवस्थित एवं श्रृद्धामय संचालन के साथ साथ नर्मदा तट को आध्यात्मिक पर्यटन के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। घाट पर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों को नई दिशा मिली है जिससे न केवल श्रृद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है बल्कि स्थानीय पर्यटन और रोजगार को भी प्रोत्साहन मिला है। इस दौरान ट्रस्ट के आजीवन सदस्यों ने सभी को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।



## प्रतियोगिता से बच्चों का उत्साहवर्धन

**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** संस्था ज्ञान स्थली एकेडमी मोहगांव में खोखो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एमएसजी एकेडमी घुघरी तथा ज्ञान स्थली एकेडमी मोहगांव के बीच प्रतियोगिता रखी गई। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रक्षा अग्रवाल भाजपा जिला मंत्री एवं अध्यक्ष के रूप में श्रीमती तब्बू खान समाजसेविका की उपस्थिति रही। सभी प्रतिभागियों को शील्ड तथा मेडल दिए गए। जूनियर बालिका एवं सीनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में ज्ञान स्थली एकेडमी मोहगांव की टीम विजेता रही। वहीं सीनियर बालिका खो-खो प्रतियोगिता बराबरी रही एवं जूनियर एवं सीनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता एमएसजी एकेडमी घुघरी की टीम विजेता रही।

# नमभूमि कार्यशाला में दी जानकारी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**



अंतरराष्ट्रीय नम भूमि दिवस पर नर्मदा तट स्थित नेहरू पार्क में नम भूमि कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों को विशेषज्ञों के द्वारा नम भूमि के बारे में जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर नेहरू पार्क में नम भूमि दिवस के साथ साथ जीवन को बचाने हेतु यातायात एवं हेलमेट लगाने की महत्व की जानकारी दी गई। प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव, एसआई योगेश राजपूत, पर्यावरणविद राजेश क्षत्री ने मेडल्स और प्रमाण-पत्र चित्रकला विजेताओं को वितरित किए।

जिला इको क्लब प्रभारी अखिलेश उपाध्याय ने पर्यावरण नियोजन एवं समंवय संगठन भोपाल के निर्देशों से अवगत कराते प्रकृति के संतुलन में पर्यावरण संरक्षण के लिए नम भूमि की आवश्यकता की तकनीकी जानकारी दी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के सहयोग रहा। आयोजन में प्रवीण अग्रवाल एनएसएस प्रभारी, सारिका तिवारी का सहयोग रहा।

## कलेक्टर ने सुनी समस्या

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला योजना भवन में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनसुनवाई में पहुंचे प्रत्येक आवेदक की समस्या को विस्तार से सुना और उनकी शिकायतों का न्यायोचित समाधान करने की बात कही। कलेक्टर ने जनसुनवाई में मौके पर मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में दूरस्थ तहसीलों से आए आवेदकों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर ने संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों से कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की।

## तीर्थदर्शन आवेदन 5 फरवरी तक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले में 19 फरवरी से 25 फरवरी तक रामेश्वरम-मदुरई की तीर्थ यात्रा करायी जा रही है। तीर्थ यात्रा के इच्छुक 250 व्यक्तियों से 5 फरवरी तक आवेदन पत्र तहसीलदारों द्वारा प्राप्त किया जाना है ताकि 6 फरवरी तक आईआर सीटीसी भोपाल को सूची उपलब्ध करायी जा सके। यात्रा 19 फरवरी से 25 फरवरी तक कुल 7 दिवस की होगी। तीर्थ यात्रियों को जिला प्रशासन द्वारा तहसील नैनपुर रेल्वे स्टेशन तक पहुंचाया जायेगा जहां से यात्रा प्रारंभ होगी तथा 25 फरवरी को यात्रा वापस आने पर मण्डला वापस लाया जायेगा। यात्री अपने साथ मौसम के अनुरूप व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री आदि साथ में रखेंगे।

## संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** संपूर्णता अभियान 2.0 में चिन्हित 6 संकेतकों को 14 अप्रैल तक संतृप्त करने के लिए कार्य योजना बनाई गई है। यह अभियान 14 अप्रैल तक चलाया जायेगा जिसमें महिला एवं बाल विकास के चार संकेतक 6 माह से 6 वर्ष तक के पूरक पोषण आहार लेने वाले बच्चों का प्रतिशत, रिपोर्टिंग माह में दर्ज बच्चों की माप दक्षता वाले आंगनबाड़ी केंद्रों का प्रतिशत, कार्यरत शौचालय वाले आंगनबाड़ी केंद्रों का प्रतिशत, कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत मवई श्रीमती मनीषा मरकाम, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा जिला योजना अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मवई, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं स्थानीय कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## रेडक्रॉस से मिली मदद

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में उन्होंने मजबूर पिता की पुकार सुनते ही तत्काल आर्थिक सहायता मंजूर कर पीड़ित परिवार को बड़ी राहत दी। श्रीराम वार्ड निवासी राहुल दुबे मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को बताया कि उनका पुत्र ऑटिज्म जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है। बच्चे के लंबे समय से चल रहे इलाज और दवाओं के खर्च के कारण परिवार आर्थिक तंगी का सामना कर रहा था। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता और बालक की स्थिति को देखते हुए बिना किसी देरी के रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से तत्काल 11 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की और मौके पर ही राहुल दुबे को चेक प्रदान किया।

## फार्म जमा करने अंतिम तिथि 13

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मण्डला के अधीनस्थ कार्यरत समस्त कर्मचारी शिक्षक वर्ष 2025-26 में आयकर कटौती के लिए अपना आयकर रिटर्न फार्म एक प्रति में वेतन विवरणी फार्म एक प्रति में एवं पेन कार्ड की स्पष्ट छायाप्रति आधार कार्ड की छायाप्रति भी संलग्न करते हुए 13 फरवरी तक कार्यालय में प्रस्तुत करें। आयकर रिटर्न फार्म में अपना मोबाईल नम्बर स्पष्ट रूप से अंकित करें। संबंधित संकुल प्राचार्य अपने अधीनस्थ कर्मचारी के आयकर रिटर्न फार्म की जांच उपरांत प्रमाणित कर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को समय-सीमा में जमा कराना सुनिश्चित करें।

# संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत वार्ड 9 का भ्रमण



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।**

संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत वार्ड क्रमांक 09 का भ्रमण किया गया। भ्रमण कार्यक्रम में वार्ड वासियों की समस्याओं को अंकित कर निदान किया गया एवं प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर लाभ प्रदान किया गया। उक्त भ्रमण कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, वार्ड पार्षद श्रीमती पिंकी चौधरी, पूर्व पार्षद अजीत चौधरी पार्षद राजाराम शर्मा , राजस्व उप निरीक्षक प्रेम कुमार चौटेल शिवाजी श्रीवास सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

संपादकीय

## उलाहने का हिसाब!

संसद के बजट सत्र के दौरान सोमवार को लोकसभा में अचानक ऐसा हंगामा खड़ा हो गया, जिसने एक अप्रकाशित किताब को राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ला दिया। यह किताब किसी राजनेता की नहीं, बल्कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की है। राहुल गांधी द्वारा संसद में इस किताब का हवाला दिए जाने पर सरकार ने कड़ा ऐतराज जताया और स्पीकर को हस्तक्षेप करना पड़ा। सवाल उठने लगे कि आखिर यह किताब प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी और उस पर चर्चा करना नियमों का उल्लंघन कैसे हो गया।

जनरल नरवणे की किताब का नाम 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' है, जिसमें उन्होंने अपने संस्मरण लिखे हैं। सैन्य जीवन के अनुभवों के साथ-साथ 2020 के भारत-चीन सीमा तनाव, पूर्वी लद्दाख में हुए मिलिट्री एक्शंस, सरकार और सेना के बीच डिसीजन मेकिंग प्रोसेस और रणनीतिक सोच का जिक्र है। दिसंबर 2023 में इसके कुछ अंश मीडिया में प्रकाशित हुए थे, जिनमें यह संकेत मिला कि चीन के साथ टकराव के दौरान हालात उतने नियंत्रण में नहीं थे, जितना आधिकारिक तौर पर बताया गया। यही अंश इस किताब को संवेदनशील बना देते हैं, क्योंकि वे सीधे-सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक निर्णयों से जुड़े माने गए। अहम सवाल यह है कि किताब अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो पाई? इस संबंध में नियम-प्रावधानों को देखें तो आर्मी रूल्स, 1954 के सेक्शन 21 के तहत सेना से जुड़े विषयों या सुरक्षा मामलों पर कोई सामग्री प्रकाशित नहीं की जा सकती। कोई भी सेना-संबंधी जानकारी प्रेस को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में बताई या प्रकाशित नहीं हो सकती। बिना केंद्र सरकार की पूर्व अनुमति के ऐसी कोई भी किताब या लेख प्रकाशित नहीं हो सकता। यहां 'सर्विस इन्फार्मेशन' में वे बातें आती हैं जो सशस्त्र बलों की रणनीति, नीति, संचालन या सेना और सरकार के बीच निर्णय प्रक्रियाओं से जुड़ी जानकारी हो। ये सब सेना नियमों के तहत आते हैं। हालांकि, आर्मी रूल्स खुलकर यह नहीं बताते कि सेवानिवृत्त अधिकारी कैसे प्रकाशित कर सकते हैं, पर भारतीय सरकार के कुछ नियम यह कहते हैं कि यदि कोई व्यक्ति सुरक्षा या इंटेलिजेंस सम्बंधित जानकारी प्रकाशित करना चाहता है, तो उसे पूर्व अनुमति लेनी चाहिए। खासकर ऐसे मामलों में जहां न केवल व्यक्तिगत अनुभव, बल्कि देश की रक्षा नीति या निर्णय प्रक्रियाएं शामिल हों। इसलिए किताब की रिलीज दो साल से लंबित है, क्योंकि मूलतः पब्लिशर ने प्रकाशन के लिए सरकार से अनुमति मांगी है, पर समीक्षा लंबी चल रही है। न तो अनुमति मिली, न किताब बाजार में आई। यही कारण है कि यह 'अप्रकाशित' बनी हुई है। बहरहाल, सोशल मीडिया पर बहस जारी है। दरअसल, यह गलवान घाटी के संघर्ष का सच जानने से ज्यादा नैरेटिव वॉर में अपना पक्ष मजबूत करने की सियासी लड़ाई है। सोमवार को बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने यूपीए दौर की कमजोरियों का हवाला देते हुए यह कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बताया है कि देशभक्ति क्या होती है, तो इसी पर राहुल गांधी उखड़ गए। अब यह मुद्दा नरवणे की किताब का भी नहीं है। कांग्रेस उस उलाहने का भी हिसाब बराबर करना चाहती है जिसमें 1962 के चीन युद्ध की नाकामी के लिए नेहरू को कोसा जाता है। राहुल गांधी का नरवणे की अप्रकाशित किताब पर अटके रहना बता रहा है कि वे यह साबित करना चाहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी भी गलवान संघर्ष के दौरान फैसले नहीं ले पा रहे थे।

# अप्रतिम बुद्धि कौशल के पर्याय बाबू मनमोहन दास जी

स्मृति दिवस विशेष

**बाबू मनमोहनदास जी ने शिक्षा की मूल आवश्यकता के बिन्दु पर अच्छा नागरिक बनने का स्वप्न देखा था। मध्यप्रदेश में शैक्षणिक क्षेत्र को ऊंचाई देने वाले बाबू मनमोहनदास जी की भूमिका केवल तत्कालीन दौर में ही उल्लेखनीय नहीं रही, बल्कि आज भी उनके विचार, शिक्षा की बहुआयामी अवधारणा के लिए पथ प्रदर्शक है।**

बड़े बाबू के नाम से प्रख्यात रहे बाबू मनमोहन दास जी की स्मृति कौंधते ही ऊंचे कद, गौरवर्ण, छरहरे शरीर पर अचकन या जैकिट कुर्ता धारण किए दोनों हथेलियों को जोड़कर नमन की मुद्रा में एक निस्पृह छवि आंखों के सामने तैर जाती है, जिसने राजनीति व तत्कालीन सरोकारों में अपने कर्मठ जीवन से जनमानस में विस्मृत नहीं होने वाले कार्यों को भरपूर अंजाम दिया। शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए उन्होंने प्रकाश स्तम्भ जैसी भूमिका निभाई और अपने अवदान से उस जमाने में जबकि लड़कियों को स्कूल भेजे जाने की परम्परा नगण्य ही थी, दीक्षितपुरा में हितकारिणी कन्या शाला की स्थापना की। उनका रोपा गया पौधा आज शिक्षा के विभिन्न संकायों में हितकारिणी सभा का नाम रोशन कर रहा है।



शिक्षा के क्षेत्र में इन दिनों जितनी प्रतिस्पर्द्धी भावना है, उतनी पहले कभी नहीं रही। लेकिन बाबू साहब के जमाने में शिक्षा के क्षेत्र पर ध्यान दिए जाने में स्थिति कुछ विपरीत ही थी। ज्यादातर महानुभाव इस ओर ध्यान देने में कमी करते थे अथवा शिक्षा के महत्व को स्वीकार ही नहीं कर पाते थे। बाबू मनमोहन दास जी ने इस वैचारिक शून्यता सी स्थिति को समझा, उसकी उपयोगिता और रचनात्मक सन्दर्भों पर भरपूर ध्यान दिया। उनकी सकारात्मक सोच ने शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त इस कमी को दूर करते हुए मध्य प्रदेश के शैक्षणिक स्तर को उच्चतम शिखर पर ले जाने के लिए प्रयास किया। जबलपुर का नाम मौजूदा दौर में शिक्षा के क्षेत्र में इतना ऊपर है कि इसे संस्कारधानी के साथ शिक्षाधानी कहे जाने में अतिश्योक्ति नहीं होगी। भले ही आज शिक्षा के क्षेत्र में सन्दर्भ बहुत कुछ बदल गए हैं, लेकिन उसके महत्व को ऊंचाई ही मिली है। बाबू मनमोहन दास जी की शिक्षा के संबंध में सोच, विचार तथा उसकी अवधारणा के योगदान का मूल्यांकन किया जाना सामयिक आवश्यकता के रूप में देखा जाना उचित एवं अपेक्षित है।

सर्वप्रतिष्ठित, सर्वजन में लोकप्रिय बाबू मनमोहन दास जी राजा गोकुलदास परिवार को और भी अधिक यशस्वी बनाने वाले डॉ. (सेठ) गोविंददास के ज्येष्ठ पुत्र थे। आपका जन्म 27 अगस्त 1919 को हुआ था। उन्होंने अपने कनिष्ठ भ्राता बाबू जगमोहनदास जी के आकस्मिक निधन के बाद राजनीति और सामाजिक सरोकारों में संलग्न रहते हुए तहेदिल से जन सामान्य की सेवा के लिए जीवन समर्पित कर दिया था। बड़े घराने के होने के बावजूद उन्हें किसी कान्वेंट में नहीं भेजा गया। वैष्णव परम्परा के धनी सांस्कृतिक शालीन परिवार ने हितकारिणी कस्तूरचंद विद्यालय का चयन आपके अध्ययन हेतु किया, जहां से उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। आपने राबर्टसन कॉलेज से बीए तथा नागपुर विश्वविद्यालय से एलएलबी किया। हितकारिणी सभा के सभापति (1954-1963) के रूप में उनका कार्यकाल हितकारिणी सभा का स्वर्णयुग था। बाबू मनमोहनदास ने सभा के माध्यम तथा विभिन्न संगठनों, शहर के गणमान्य नागरिकों को अपने शैक्षणिक अभियान में शामिल करते हुए जो ऊंचाई दी उसे आज भी सभा द्वारा संचालित संस्थाओं में देखना समीचीन है।

केवल शैक्षणिक क्षेत्र नहीं, राजनीति में भी उन्होंने अपनी श्रेष्ठता साबित की। राजनीति को 'काजल की कोठरी' कहा जाता है, लेकिन उन्होंने अपनी जो स्वच्छ व निष्कलंक छवि बनाई थी, वह संस्कारधानी की यशोगाथा के रूप में आज भी स्मरण में आ जाती है। अनुज बाबू जगमोहनदास जी के असामयिक निधन के बाद 1964 में उनकी रिक्त विधानसभा सीट पर ही मध्यप्रदेश विधान सभा के लिए आप निर्वाचित हुए। उन्होंने 1964, 1967 और 1972 के तीन विधानसभा चुनावों में भी बहुमत प्राप्त कर केन्ट क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 1972 में प्रकाशचन्द्र सेठी मंत्रिमंडल में उपमंत्री बने।


आपकी कार्यकुशलता, प्रशासनिक क्षमता और हर व्यक्ति से काम लेने में उनके गुण ने उन्हें राजनीति के उच्च सोपान तक पहुंचाने में भूमिका निभाई। शायद यही कारण था कि उन्हें जो भी कार्य सौंपा जाता था उसे गंभीरतापूर्वक श्रेष्ठ तरीके से निभाने, सम्पन्न कराने में उन्हें भरपूर सफलता मिली। इसके कारण ही वे मध्यप्रदेश शासन में अत्यंत कार्यकुशल और लोकप्रिय हुए थे। जहां तक उनकी समाजसेवी राजनीतिक कार्यशैली का प्रश्न है,उन्होंने कभी भी किसी भी व्यक्ति को निराश नहीं किया। मनमोहन दास जी मानते थे कि हर समस्या का समाधान समझाइश देकर उसकी बात सुन, उसे रास्ता दिखाते हुए, उसके मनोभाव में शामिल होकर समाधान तलाशा जा सकता है। राजनीति के जरिए समाजसेवा को उच्च सोपान तक ले जाने हेतु सामाजिक व कार्यशैली के इस दर्शन ने उन्हें लोकप्रियता के उच्च शिखर तक पहुंचाया। पन्नालाल श्रीवास्तव 'नूर' ने मनमोहन जी के संदर्भ में एक लेख में लिखा था कि - 'हर व्यक्ति का एक चित्र या एक बिम्ब हुआ करता है, एक छवि हुआ करती है, जिसको अंग्रेजी में इमेज कहते हैं। किसी व्यक्ति का नाम लिया गया और हमारे मानस में उसका एक चित्र उभरा वह व्यक्ति बड़ा बहादुर है, वह व्यक्ति बड़ा बुद्धिमान, वह व्यक्ति बड़ा सहृदय है इत्यादि। जिस प्रकार किसी चित्र में बहुत से रंग होने पर भी जो रंग सर्वाधिक प्रधान होता है, वही रंग चित्र पर छाया रहता है,वही उनके चित्र का स्थायी गुण हुआ करता है।'

बाबू मनमोहन दास जी का नाम सुनते ही उनका जो चित्र मानस में उभरता है, उस चित्र का प्रधान रंग, या उनके चरित्र का प्रधान गुण सरलता है। सरलता अपने आप में एक विचित्र गुण है। मनमोहनदास जी का स्मरण आते ही हमें महात्मा गांधी की प्रखरतम संवेदनशीलता और अप्रतिम बुद्धि कौशल से सम्पन्न होते हुए देखने में उनके सरल हृदय का चित्र साकार हो उठता है। राजनीति की चौसर पर भारत जैसे महान देश का प्रतिनिधित्व करते हुए भी सरल थे, जैसे अबोध बालक। इस सरलता का अर्थ होता है प्रकृति से निकटता, जिसमें छल नहीं, कपट नहीं, द्वेष नहीं, दंभ नहीं, संकीर्णता नहीं, अहम नहीं होता है। केवल एक सहज निश्छलता और स्वाभाविक आत्मीयता, अगाध स्निग्धता और अपार संवेदनशीलता। यही गुण बाबू मनमोहनदास जी के चरित्र का सबसे प्रमुख अंग था और यही गुण था जिसने उनको जन-जन का प्रिय बना दिया था, जो उनके कुटुम्बी , संबंधी, सखा, आत्मीय या सहकर्मी नहीं भी थे, ऐसे अपरिचित भी उनके इस गुण से प्रभावित हुए बिना नहीं रहे।

मनमोहन दास जी सहृदयता, संवेदनशीलता, निष्पक्षता, सहिष्णुता, सौजन्यता जैसे उच्च मानवीय गुणों की प्रतिमा स्वरूप ही थे। परहित में समर्पित उनका व्यक्तित्व व कृतित्व युवा ऊर्जा के लिए आज भी प्रेरणास्पद है, उनकी प्रासंगिकता की स्वीकृति राजनीति और सामाजिक सरोकारों के संदर्भ में मार्गदर्शी भूमिका निभाने में आज भी समर्थ है। यही उनका स्मरण किए जाने का ध्येय कहा जाना अतिश्योक्ति नहीं होगा।

**- राजेन्द्र मिश्रा**

# भारत और ईयू में मुक्त व्यापार संधिः भारत-यूरोप के मध्य कारोबार को बूस्टर-डोज़



डॉ. सुधीर सक्सेना

लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

लगभग दो दशक की कवायद के बाद भारत और यूरोपीय यूनियन (ईयू) के मध्य मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर हस्ताक्षर हो गए। इस संधि के अमल में आने में यद्यपि थोड़ा समय लगेगा, लेकिन अमेरिका के टैरिफ युद्ध के मटमैले साये में यूरोपीय देशों के लिए भारत के विशाल बाज़ार के दरवाजे खुल गए हैं और कुछ ही बरसों में भारतीय बाज़ार यूरोपीय साजो-सामान से पट जाएंगे। इसके फलस्वरूप भारतीय उपभोक्ताओं को फ्रेंच वाइन समेत तरह-तरह की शराब और कारों के विकल्प सस्ती कीमतों पर उपलब्ध होंगे। भारतीय महिलाएँ इस बात पर इतराएँगी कि अब उन्हें यूरोपीय सौंदर्य प्रसाधन और परिधान बेहतर गुणवत्ता के साथ कम कीमतों पर मिल सकेंगे।


गौरतलब है कि भारत और यूरोपीय यूनियन के मध्य एफटीए के लिए वार्ता की शुरुआत डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्वकाल में वर्ष 2007 में हुई थी। वर्ष 1992 में मास्त्रिख्त संधि के बाद अगले ही वर्ष रोम में सात देशों की मौजूदगी में ईयू अस्तित्व में आया था। वर्ष 2009 में लिस्बन समझौते से इसे गति और विस्तार मिला। आज यूरोप-महाद्वीप के 27 देश इसके सदस्य हैं। बेल्जियम में इसका मुख्यालय है। इसका ध्येय-वाक्य है-'अनेकता में एकता'। इसकी मुद्रा यूरो है, अपना राष्ट्रगान है और वैश्विक साख है। पाबंदियों और टैरिफ के अनिश्चित और नाज़ुक दौर में ईयू की महत्ता बढ़ गई है। इस बीच एक बड़ी घटना यह भी हुई कि यूके वर्ष 2020 में ईयू से बाहर हो गया, लिहाज़ा इस दूरगामी महत्व की संधि का लाभ उसे नहीं मिलेगा। ईयू की अध्यक्ष उर्सुला फ़ॉन डेर लेयेन और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हस्ताक्षरित एफटीए को भारत और यूरोप के मध्य कारोबार के लिहाज़ से 'मील का पत्थर' माना जा सकता है। डोनाल्ड ट्रंप के दंभ और धमकियों के दौर में इस संधि को यूरोपीय देशों की उद्योग-धंधों के लिए 'बूस्टर डोज़' कहा जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया एनर्जी वीक का आभासी उद्घाटन करते हुए कहा कि यह संधि 'सभी सौदों की जननी' है। उनका कहना था कि यह डील भारत में कपड़ा, रत्न, आभूषण, चमड़ा और जूट जैसे विभिन्न क्षेत्रों को फायदा पहुँचाएगी। उन्होंने कहा कि यह करार भारत की उत्पादन क्षमता को सुदृढ़ करेगा और सर्विस सेक्टर को नया संबल देगा। इस महत्वपूर्ण संधि के तत्काल लागू न होने का कारण यह है कि पहले ईयू के सदस्य देशों की भाषाओं-जैसे फ्रेंच, जर्मन, इतालवी आदि-में इसका कानूनी दस्तावेज प्रकाशित होगा और फिर सभी धाराओं की सदस्य देशों में 'लीगल स्क्रबिंग' होगी। तत्पश्चात यूरोपीय परिषद की औपचारिक मंजूरी और यूरोपीय संसद की सहमति आवश्यक है। इसके बाद भारतीय संसद की पुष्टि के उपरांत यह संधि लागू होगी। इन प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद इसके इस वर्ष के भीतर अमल में आने की उम्मीद की जा सकती है।

अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ पुष्परंजन मानते हैं कि इस बूस्टर डोज़ से ईयू के सदस्य देशों को बहुविध लाभ होगा। उनका मानना है कि भारत ने किसी भी व्यापारिक सहयोग को इतनी बड़ी ट्रेड ओपनिंग पहले कभी नहीं दी। उनकी बात की पुष्टि यूरोपीय कमीशन के आधिकारिक बयान से होती है। इससे यूरोपीय देशों के माल की भारतीय बाज़ारों में पहुँच और खपत आसान हो जाएगी। कमीशन ने एक चार्ट के ज़रिये वर्ष 2024 के आकलन के आधार पर बताया है कि मशीनरी और इलेक्ट्रिक उपकरणों पर उसे 16.3 बिलियन यूरो टैरिफ देने पड़े थे। अब इसके शून्य होने से बड़ा लाभ होगा। इसी तरह विमान और अंतरिक्ष यान निर्यात पर प्रदत्त 11 प्रतिशत के मान से 6.4 अरब यूरो की बचत होगी। कल्पना कीजिए कि मशीनरी पर 44 प्रतिशत, रसायनों पर 22 प्रतिशत और फार्मास्यूटिकल्स पर 11 प्रतिशत टैरिफ यदि शून्य हो जाता है, तो यूरोपीय कंपनियों को कितना मुनाफा होगा। ऑप्टिकल, मेडिकल और सर्जिकल उपकरणों पर 27.5 प्रतिशत टैरिफ यदि हट जाए तो करीब तीन बिलियन यूरो बचेंगे। प्लास्टिक पर जीरो टैरिफ से दो बिलियन से अधिक की बचत होगी। यदि लोहे और इस्पात पर 22 प्रतिशत टैरिफ निरस्त होता है तो डेढ़ अरब यूरो से अधिक की बचत होगी। संधि से पहले पारस्परिक कारोबार से आठ लाख नौकरियों का समर्थन मिलता रहा है, अब इसमें भारी बढ़ोत्तरी होगी।

इस संधि से यूरोपीय किसानों की बाँछें खिलना स्वाभाविक है, क्योंकि एग्रो-फूड पर 36 प्रतिशत शुल्क में कमी से उन्हें बड़ा बाज़ार मिलेगा। संधि से मदिरा प्रेमी भी खुश होंगे, क्योंकि वाइन पर 150 प्रतिशत टैक्स घटकर 30 प्रतिशत पर आ जाएगा। बीयर पर टैक्स 110 प्रतिशत से 50 प्रतिशत होगा। लगभग 350 तरह के फलों, फलों के रस, चॉकलेट, ब्रेड, पेस्ट्री, सॉसेज और मांसाहारी व्यंजनों पर भी टैरिफ घटने से ये भारतीयों को सस्ते में मिलेंगे। फिलहाल यूरोपीय संघ के देशों में इस संधि के नफे-नुकसान पर बहस जारी है। ईयू की अध्यक्ष उर्सुला का कहना है कि इस संधि से लाखों नौकरियाँ सृजित होंगी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा कहते हैं कि हम दो अरब लोगों के लिए बाज़ार बना रहे हैं।

अब यक्ष प्रश्न यह है कि क्या भारतीय कंपनियाँ और किसान आयातित चीज़ों की बाढ़ के बीच यूरोपीय मानकों और प्रतिस्पर्धा का सामना कर सकेंगे? देखना दिलचस्प होगा कि भारत के 140 करोड़ और यूरोप के 45 करोड़ लोगों के लिए एफटीए कितना बड़ा अवसर लेकर आता है? पुष्परंजन का यह सवाल वाजिब है कि यह भी देखना होगा कि इस संधि का भारत-अमेरिका और भारत-

# मन के हारे हार है, मन के जीते जीतः अनुकरणीय वंदना सूत्र



दिनेश चन्द सागर (एडवोकेट)

लेखक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं

भारतीय संस्कृति और दर्शन का यह शाश्वत मंत्र-मन के हारे हार है, मन के जीते जीत-इंसानी संकल्प की पराकाष्ठा है। यह सूत्र हमें सिखाता है कि विजय का मार्ग रणभूमि से नहीं, बल्कि मनुष्य के अंतर्मन से होकर गुजरता है। जब हम इस विचार को रामचरितमानस और महाभारत के दर्पण में देखते हैं, तो यह व्यक्तिगत जीत के साथ-साथ संवैधानिक सशक्तिकरण का भी मार्ग प्रशस्त करता है।

## रामचरितमानस- संसाधनों पर संकल्प की विजय

रामचरितमानस के लंका कांड में एक अत्यंत प्रेरक प्रसंग है। जब विभीषण देखते हैं कि रावण एक विशाल रथ पर सवार है और प्रभु श्रीराम नंगे पाँव हैं, तो वे आशंकित हो उठते हैं। विभीषण की व्याकुलता संसाधनों की कमी से उपजी मानसिक हार का प्रतीक थी। तब श्रीराम ने धर्म-रथ का उपदेश देते हुए कहा-

**सौरज धीरज तेहि रथ चाका। सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका॥**

अर्थात, असली विजय रथ वह है जिसके पहिए शौर्य और धैर्य हैं, और जिसकी ध्वजा सत्य और शील है। श्रीराम का यह संदेश सिद्ध करता है कि रावण अपने अहं और अनैतिकता के कारण युद्ध क्षेत्र में उतरने से पहले ही मन से हार चुका था। यह प्रसंग आज के दौर में हमें सिखाता है कि चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी विषम हों, यदि मन न्याय और सत्य के साथ खड़ा है, तो संसाधनों का अभाव आपकी जीत में बाधक नहीं बन सकता।

## महाभारत- विषाद से विजय तक का मनोवैज्ञानिक मार्ग

महाभारत का कुरुक्षेत्र केवल भूमि का टुकड़ा नहीं, बल्कि मानव मन का प्रतीक है। महान धनुर्धर अर्जुन जब मोह और संशय से घिर गए, तो उनके हाथ से गांडीव छूटने लगा-गाण्डीवं स्त्रंसते हस्तात। वह शारीरिक कमजोरी नहीं, बल्कि मन की पराजय थी।

भगवान श्रीकृष्ण ने वहाँ कोई भौतिक शस्त्र नहीं चलाया, बल्कि गीता के ज्ञान से अर्जुन के मन का उपचार किया। कृष्ण ने सिखाया कि युद्ध पहले भीतर जीता जाता है। जब अर्जुन ने अपने संशय को जीत लिया, तब उन्होंने घोषणा की-नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा (मेरा मोह नष्ट हो गया और मुझे अपना स्वरूप याद आ गया)। यह स्मृति ही वह आत्मविश्वास है जो हर व्यक्ति को सशक्त बनाता है।

## संवैधानिक सशक्तिकरणः एक आधुनिक सेतु

पौराणिक काल की यह मानसिक विजय आज हमारे संविधान के अनुछेद 14 की आत्मा में रची-बसी है। संविधान का लक्ष्य केवल कानून बनाना नहीं, बल्कि एक ऐसा वातावरण तैयार करना है जहाँ देश का हर नागरिक-चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से हो-स्वयं को हीन न समझे। जब कानून समानता और समान संरक्षण की बात करता है, तो वह वास्तव में समाज के अंतिम व्यक्ति के मन को जीत की शक्ति प्रदान करता है। सशक्तिकरण का अर्थ किसी विशेष वर्ग का पक्ष लेना नहीं, बल्कि सर्वजन के भीतर उस आत्मविश्वास को जगाना है कि न्याय की व्यवस्था उनके साथ खड़ी है। 2026 के न्यायिक परिप्रेक्ष्य में भी यही संदेश निहित है कि समावेशी नीतियां ही राष्ट्र के सामूहिक मन को अपराजेय बनाती हैं।

## निष्कर्ष

मन के जीते जीत का संदेश विवाद पैदा करना नहीं, बल्कि सबको साथ लेकर आगे बढ़ने का संकल्प है। श्रीराम का धैर्य और श्रीकृष्ण का विवेक आज के नागरिक के लिए प्रेरणा है। यदि हमारा मन संवैधानिक नैतिकता और सत्य से संचालित है, तो हम न केवल स्वयं को जीतेंगे, बल्कि एक न्यायपूर्ण और सशक्त समाज का निर्माण भी करेंगे। अंततः, हार और जीत का निर्णय संसार नहीं, बल्कि हमारा अपना मन करता है। मन यदि संकल्पित है, तो संविधान की मर्यादा और महाकाव्यों की प्रेरणा हमारे पथ को आलोकित करने के लिए पर्याप्त है। सच है, मन के हारे हार है, मन के जीते जीत ही हर मनुष्य के लिए सफलता की वेदना है, संवेदना है और सशक्त वंदना है।

# इम्यूनोथेरेपी : कैंसर के उपचार का नया युग



डॉ. राजू प्रजापति

मेडिकल ऑकोलॉजिस्ट

**सामान्य परिस्थितियों में, इम्यून सिस्टम शरीर की निगरानी करता है और असामान्य कोशिकाओं को शुरुआती स्टेज में ही खत्म कर देता है। हालांकि जैसे-जैसे कैंसर बढ़ता है, ट्यूमर कोशिकाएं इम्यून रिस्पांस को दबाकर तथा गुमराह करके इम्यून सिस्टम की पकड़ से बचाना सीख जाती हैं। इस प्रक्रिया को इम्यून सिस्टम कहा जाता है, और यह कैंसर को इम्यून कोशिकाओं की मौजूदगी के बावजूद बढ़ने और फैलने देता है।**

कैंसर के इलाज में पिछले कुछ सालों में काफी प्रोग्रेस हुई है और अब इलाज सिर्फ कैंसर सेल्स को सीधे खत्म करने वाली थेरेपी तक ही सीमित नहीं रहा है। आधुनिक ऑंकोलॉजी में सबसे महत्वपूर्ण सफलताओं में से एक है इम्यूनोथेरेपी जो एक ऐसा इलाज का तरीका है जो कैंसर से लड़ने के लिए शरीर के अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। सिर्फ ट्यूमर को टारगेट करने के बजाय इम्यूनोथेरेपी इम्यून सिस्टम को कैंसर सेल्स को ज्यादा असरदार तरीके से पहचानने और उनपर हमला करने में मदद करती है। इस बदलाव के बारे में बताते हुए शाल्बी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के कंसल्टेंट मेडिकल ऑंकोलॉजिस्ट डॉ. राजू प्रजापति कहते हैं, इम्यूनोथेरेपी ने इम्यून सिस्टम को खुद मजबूत करके कैंसर की देखभाल को बदल दिया है जिससे चुने हुए मरीजों में बीमारी पर लंबे समय तक कंट्रोल किया जा सकता है।

सामान्य परिस्थितियों में इम्यून सिस्टम लगातार शरीर की निगरानी करता है और शुरुआती स्टेज में ही असामान्य सेल्स को खत्म कर देता है। हालांकि जैसे-जैसे कैंसर बढ़ता है, टयूमर सेल्स इम्यून रिस्पांस को दबाकर या गुमराह करके इम्यून सिस्टम की पकड़ से बचाना सीख जाते हैं।

इस प्रक्रिया को इम्यून इवेजन के नाम से जाना जाता है जो इम्यून सेल्स की मौजूदगी के बावजूद कैंसर को बढ़ने और फैलने देता है। वह कहते हैं कि इम्यूनोथेरेपी अभी कई कैंसर में अप्प्रूव्ड है और इसका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें फेफड़ों का कैंसर, मेलेनोमा, सिर और गर्दन का स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा, रीनल सेल कार्सिनोमा, हॉजकिन लिंफोमा, ब्लैडर कैंसर, गर्भाशय और सर्वाइकल कैंसर, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर, लिवर कैंसर, ट्रिपल-नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर, और एमएसआईएच या डीएमएमआर सॉलिड ट्यूमर शामिल हैं। डॉ. प्रजापति आगे बताते हैं कि बढ़ते क्लिनिकल सबूतों के साथ इम्यूनोथेरेपी से फायदा पाने वाले कैंसर की रेंज लगातार बढ़ रही है। वह विस्तार से बताते हैं, इम्यूनोथेरेपी आमतौर पर इंट्रावेनस इन्फ्यूजन के जरिए दी जाती है, जैसा कि कीमोथेरेपी में होता है। इलाज फिक्स्ड इंटरवल पर दिया जाता है, आमतौर पर हर दो से तीन हफ्ते में। जो दवा और कैंसर के प्रकार पर निर्भर करता है, जिससे मरीजों के लिए इलाज के शेड्यूल को फॉलो करना आसान हो जाता है।

**इम्यूनोथेरेपी के फायदे और साइड इफेक्ट्स-** इम्यूनोथेरेपी का एक बड़ा फायदा यह है कि यह आमतौर पर कीमोथेरेपी से कम टॉक्सिक होती है। ज्यादातर मरीजों को बालों का झड़ना, गंभीर मतली या बोन मैरो में ज्यादा कमी जैसी दिक्कतें नहीं होतीं। डॉ. प्रजापति कहते हैं, कई मरीज इम्यूनोथेरेपी को अच्छी तरह से सहन कर लेते हैं और इलाज के दौरान बेहतर क्वालिटी ऑफ लाइफ बनाए रख पाते हैं। वह बताते हैं, हालांकि इम्यूनोथेरेपी के अपने इम्यून-रिलेटेड साइड इफेक्ट्स होते हैं जो इम्यून सिस्टम के ज्यादा एक्टिव होने के कारण होते हैं। आम साइड इफेक्ट्स में स्किन पर रैशेज, खुजली, थायराइड की खराबी, दस्त या कोलाइटिस और लिवर में सूजन शामिल है। लेकिन गंभीर प्रभावों में फेफड़ों में सूजन, किडनी में चोट, एड्रेनल इनसफिशिएंसी और पिट्यूटरी में सूजन शामिल है। शुरुआती पहचान बहुत जरूरी है, क्योंकि समय पर इलाज से ज्यादातर साइड इफेक्ट्स ठीक हो जाते हैं। आखिर में डॉक्टर कहते हैं लंबे समय के नतीजों के मामले में, लगभग 10 से 20 प्रतिशत मरीजों को लंबे समय तक कैंसर से छुटकारा मिल जाता है। कुछ लोग पाँच साल से ज्यादा समय तक कैंसर-मुक्त रहते हैं और कुछ मामलों में, जीवन भर, जो कुछ चुने हुए मरीजों में फंक्शनल इलाज का संकेत देता है। कुल मिलाकर इम्यूनोथेरेपी ने कई मरीजों के लिए जीवित रहने की दर और जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार किया है।



# दिमाग के किसी खास हिस्से की देन नहीं बुद्धिमत्ता, इसके पीछे पूरा ब्रेन नेटवर्क, रिसर्च में बड़ा खुलासा

नई दिल्ली

एक नए अंतरराष्ट्रीय शोध में पाया गया है कि मानव बुद्धिमत्ता (इंटेलिजेंस) दिमाग के किसी एक खास हिस्से में सीमित नहीं होती, बल्कि यह पूरे मस्तिष्क की समन्वित कार्यप्रणाली का परिणाम है। यह निष्कर्ष नेटवर्क न्यूरोसाइंस थ्योरी के समर्थन में सामने आया है, जो मानती है कि दिमाग के अलग-अलग हिस्सों के बीच तालमेल और अनुकूलन क्षमता ही बुद्धिमत्ता की असली पहचान है। यह शोध संकेत देता है कि बुद्धिमत्ता को समझने के लिए अब दिमाग का कौन-सा हिस्सा नहीं, बल्कि दिमाग कैसे संगठित है, इस पर ध्यान देना होगा।



### 831 वयस्कों के ब्रेन इमेजिंग का विश्लेषण

यह अध्ययन अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ नोट्रे डेम के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया और प्रतिष्ठित जर्नल नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ। शोधकर्ताओं ने ह्यूमन कनेक्टोम प्रोजेक्ट के तहत 831 वयस्कों के ब्रेन इमेजिंग और संज्ञानात्मक (काग्निटिव) डाटा का विश्लेषण किया।

इसके अलावा 145 वयस्कों के एक स्वतंत्र समूह का भी अध्ययन किया गया ताकि निष्कर्षों की पुष्टि हो सके। दोनों डाटा सेट में समान परिणाम देखने को मिले, जिससे शोध की विश्वसनीयता मजबूत हुई। अध्ययन के प्रमुख लेखक रैम्से विलकाक्स के अनुसार दिमाग एक नेटवर्क की तरह काम करता है, जहां दक्षता, लचीलापन और एकीकरण जैसे गुण अहम भूमिका निभाते हैं। यह गुण किसी एक कार्य या हिस्से से नहीं जुड़े होते, बल्कि पूरे सिस्टम की विशेषताएं होते हैं। शोध में पाया गया कि जब दिमाग के अलग-अलग हिस्से आपस में प्रभावी ढंग से जुड़े होते हैं और दूर स्थित क्षेत्रों के बीच भी तेज संचार होता है, तब समस्या-समाधान की क्षमता बेहतर होती है।

### दिमाग में कई जटिल कनेक्शन


मनोविज्ञान के प्रोफेसर एरान बार्बे ने बताया कि दिमाग में कई जटिल कनेक्शन ऐसे होते हैं जो शार्टकट की तरह काम करते हैं। ये दूर-दराज के ब्रेन रीजन को जोड़कर सूचनाओं के तेज आदान-प्रदान में मदद करते हैं। उनके अनुसार, स्थानीय विशेषज्ञता और वैश्विक जुड़ाव के बीच संतुलन ही सामान्य बुद्धिमत्ता को मजबूत बनाता है।

अध्ययन का सबसे अहम निष्कर्ष यह रहा कि इंटेलिजेंस के लिए दिमाग में कोई एक निश्चित केंद्र नहीं है। अलग-अलग लोगों की बुद्धिमत्ता में जो फर्क दिखता है, वह पूरे ब्रेन नेटवर्क की कार्यप्रणाली से जुड़ा है, न कि किसी एक हिस्से से। शोधकर्ताओं ने इसे स्माल-वर्ल्ड आर्किटेक्चर कहा है, यानी ऐसा नेटवर्क जिसमें स्थानीय समूह मजबूत हों, लेकिन दूर के हिस्सों से भी उनका जुड़ाव बना रहे।

# ईरान और अमेरिका में जारी तनातनी के बीच शांति वार्ता के संकेत, तुर्किये में हो सकती है बैठक

नई दिल्ली

अमेरिका के साथ तनातनी के बीच ईरान ने शांतिवार्ता की भी संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय ने संकेत दिए हैं कि दोनों ही पक्ष हालात की गंभीरता को समझ रहे हैं और संभावित क्षेत्रीय युद्ध की आशंका को भांप रहे हैं। ऐसे में ईरान और अमेरिका परमाणु विवाद पर फिर से बातचीत शुरू करने के लिए कूटनीतिक रास्ता तलाश रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकाफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची की तुर्किये में मुलाकात हो सकती है। बैठक में कतर, यूएई, सऊदी अरब और मिस्त्र जैसे देशों के नेता भी शामिल हो सकते हैं।





हाल के हफ्तों में अमेरिकी नौसेना की मध्य-पूर्व में बढ़ती मौजूदगी ने हालात को और संवेदनशील बना दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से परमाणु कार्यक्रम में रियायतों की मांग की है, जबकि तेहरान ने इसे अपनी संप्रभुता में दखल बताया है। ईरान का कहना है कि उस पर लगे आर्थिक प्रतिबंध हटाना बातचीत की प्राथमिक शर्त है। कूटनीतिक सूत्रों का मानना है कि यूरेनियम संवर्धन से ज्यादा ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम वार्ता में बड़ी अड़चन बन रहा है। अमेरिका की ओर से शून्य संवर्धन, मिसाइल कार्यक्रम पर रोक और क्षेत्रीय सहयोगी समूहों को समर्थन खत्म करने जैसी शर्तें रखी गई हैं, जिन्हें ईरान लंबे समय से अस्वीकार करता रहा है। हालांकि, कुछ ईरानी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि समझौते की स्थिति में वह उच्च संवर्धित यूरेनियम का भंडार विदेश भेजने या अस्थायी विराम जैसे विकल्पों पर लचीलापन दिखा सकताहै।

एएनआई के अनुसार, फारस की खाड़ी के अमेरिकी सहयोगी देशों ने वाशिंगटन को आगाह किया है कि ईरान की मिसाइल क्षमता अब भी अमेरिकी ठिकानों और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है। आकलनों के मुताबिक ईरान के पास कम दूरी की मिसाइलें, लांचर और उत्पादन ढांचा अब भी सक्रिय है, जिससे खाड़ी क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सैनिकों पर खतरा बना हुआ है। कुछ खाड़ी देशों ने अपने क्षेत्र या हवाई क्षेत्र के सैन्य इस्तेमाल को लेकर भी हिचक दिखाई है।

हालिया सैटेलाइट इमेजरी में इस्फहान और नतांज जैसे परमाणु ठिकानों पर आंशिक मरम्मत कार्य के संकेत मिले हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह संभावित हमलों की तैयारी या संसाधनों के स्थानांतरण का संकेत भी हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी पहले भी ईरान से उच्च संवर्धित यूरेनियम के भंडार पर स्पष्ट जानकारी मांग चुकी है।

### रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकी घोषित करने पर ईयू राजदूत तलब

एपी के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने सोवार को बताया कि देश के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकी समूह घोषित किए जाने पर विरोध जताने के लिए ईरान में यूरोपीय यूनियन के राजदूत को तलब किया गया।

## नयी ऊंचाई पर पहुंची भारत-अमेरिका साझेदारीः रेड्डी

**हैदराबाद, (वार्ता)।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी नयी ऊंचाई पर पहुंच गई है और वैश्विक विकास और साझा समृद्धि को बढ़ावा दे रही है। श्री रेड्डी ने सोशल मीडिया एक्स पर द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने में निर्णायक नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह नवीनतम प्रगति भारत की आर्थिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है और मेक इन इंडिया पहल में बढ़ते वैश्विक विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि मजबूत भारत-अमेरिका संबंध आर्थिक विकास को गति दे रहे हैं तथा कई क्षेत्रों में नवाचार, निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी नये बाज़ार खोलकर और वैश्विक पहुँच बढ़ाकर भारतीय एंटरप्राइज़ और सूक्ष्म, लघु एवं मध्य उद्यम को बहुत फ़ायदा पहुँचाएगी। मंत्री ने कहा, दुनिया भारत को उम्मीद भरी नज़रों से देख रही है। आज के घटनाक्रम भारत को एक वैश्विक विकास चुंबक के तौर पर और मज़बूत करते हैं।

# अफगानिस्तान में महिलाओं को लेकर तालिबान का नया फरमान, गर्भनिरोधक दवाओं पर लगाई रोक

नई दिल्ली

तालिबान ने सत्ता में आने के बाद से महिलाओं से जुड़ी कई चीजों पर कड़ी पाबंदी लगा दी है। अब इस लिस्ट में गर्भनिरोधक दवाएं भी शामिल हो गई हैं। तालिबान ने गर्भनिरोधक गोलियों पर पूरी तरह से रोक लगा दी है।



तालिबान सरकार ने फरमान जारी करते हुए गर्भनिरोधक दवा बेचने वाले सभी क्लीनिक बंद करने के आदेश दिए हैं। डॉक्टरों को भी गर्भनिरोधक दवा या मिसकैरेज को लेकर सख्त चेतावनी दी गई है। तालिबान के राज में महिलाओं को गर्भनिरोधक दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। पूरे अफगानिस्तान में गर्भनिरोधक गोलियां नहीं मिल पा रही हैं। डॉक्टरों ने भी अब हाथ खड़े करने शुरू कर दिए हैं। वहीं, कम उम्र में ज्यादा बच्चे पैदा करने के कारण अफगानिस्तान में 80 प्रतिशत महिलाएं कुपोषण का शिकार होने लगी हैं। महिलाओं में एनीमिया, विटामिन की कमी और ब्लड प्रेशर की समस्या आम हो गई है। 27 अगस्त 2024 को अफगानिस्तान में तालिबान की हुकूमत आई, जिसके बाद 12 साल से अधिक उम्र की महिलाओं के पढ़ने पर रोक लगाने, महिलाओं के बाहर निकलने और काम करने पर भी पाबंदी लगा दी गई थी। ऐसे में अस्पतालों में महिला डॉक्टरों और नर्सों का भी अभाव हो गया है। आलम ये है कि महिलाएं घर में ही बच्चों को जन्म देने के लिए मजबूर हैं।

### अफगानिस्तान में महिलाओं पर लगी पाबंदियां

- दुकान के बाहर बोर्डों पर महिलाओं की तस्वीर लगाने पर रोक
- महिलाएं बिना किसी पुरुष के अकेले घर से बाहर नहीं निकल सकतीं
- महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मिलेगा
- सभी महिलाओं के लिए हिजाब पहनना अनिवार्य होगा
- महिलाएं चेहरा और शरीर ढककर घर से बाहर निकलेंगी और सार्वजनिक स्थलों पर बोलने से बचेंगी

## भारत-अमेरिका टैरिफ समझौते की संसद में दें केंद्र पूरी जानकारी : मायावती

लखनऊ (वार्ता)

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भारत और अमेरिका के बीच हुए समझौतों के बाद अमेरिका द्वारा 18 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने को लेकर कहा कि इस फैसले का वास्तविक असर ज़मीन पर लागू होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, इसलिए पर्याप्त जानकारी के अभाव में जल्दबाज़ी में कोई निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।मंगलवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में मायावती ने आशंका जताई कि इस तरह के कदमों का प्रभाव देश के बहुजन, गरीबों, मज़दूरों, किसानों और महिलाओं पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह जानना ज़रूरी है कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय आर्थिक निर्णयों से आम जनता को क्या लाभ या नुकसान होगा।



मायावती ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि ऐसे महत्वपूर्ण विषयों पर संसद सत्र के दौरान विस्तृत जानकारी दी जाए, ताकि देशवासियों को सही-सही तथ्य मिल सकें और पारदर्शिता बनी रहे। उनका कहना था कि सरकार द्वारा समय रहते स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करने से भ्रम की स्थिति समाप्त होगी और जनहित से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा संभव हो सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय समझौतों और व्यापारिक नीतियों का सीधा असर घरेलू अर्थव्यवस्था और रोज़गार पर पड़ता है, इसलिए सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हर पहलू पर विचार कर जनता के हितों की रक्षा करे।

## 23 नशीले इंजेक्शन के साथ तस्कर गिरफ्तार, ड्रग पैडलरों के नाम आए सामने

**हरिद्वार, (वार्ता)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान को ज़मीन पर उतारने के लिए एसएसपी हरिद्वार के सख्त निर्देशों के क्रम में हरिद्वार पुलिस का नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान लगातार तेज़ होता जा रहा है। इसी क्रम में एएनटीएफ टीम एवं थाना बहादराबाद पुलिस को सोमवार बड़ी सफलता हाथ लगी है। थानाध्यक्ष बहादराबाद के नेतृत्व में चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के दौरान नहर पटरी, रानीपुर झाल के पास पुलिस ने नशीले इंजेक्शन की तस्करी करते हुए एक अभियुक्त को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से कुल 23 नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गौरव कुमार पुत्र स्व. अमर सिंह, निवासी ग्राम शेखपुरा कुमारगढ़, थाना कनखल, जिला हरिद्वार के रूप में हुई है।

# पिछले 10 साल में इलाज पर लोगों के खर्च में आई भारी कमी : नड्डा

नयी दिल्ली, (वार्ता)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने मंगलवार को कहा कि पिछले 10 साल में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के कारण इलाज पर लोगों का खर्च काफी कम हो गया है।



श्री नड्डा ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि लोगों को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं और दवाइयां मुहैया कराने के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं। इनके परिणाम स्वरूप पिछले 10 साल में लोगों द्वारा अपनी जेब से इलाज पर किया गया खर्च 62.6 प्रतिशत से घटकर 39.4 प्रतिशत रह गया है। इससे आम लोगों को काफी राहत मिली है।

उन्होंने कहा बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सरकार जिला स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है। इसके अलावा, जन औषधि केंद्रों पर जेनरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 80 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध हैं। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गरीबों को साल में पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। सस्ती दवाओं के लिए अमृत फार्मेसी शुरू की गयी है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इन सभी योजनाओं के कारण इलाज पर आम लोगों के खर्च में कमी आयी है। दवाओं की ऊंची कीमतों के बारे में पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में श्री नड्डा ने कहा कि दवाओं के मूल्य निर्धारण के तीन उद्देश्य हैं – दवाएं लोगों की पहुंच के भीतर हों, फार्मा उद्योग की वृद्धि बनी रहे और लोगों को रोजगार मिलता रहे।

एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि कैंसर की 63 दवाओं की मूल्य सीमा तय है। इसके साथ ही कैंसर के इलाज में काम आने वाले 132 में 131 शिड्यूल फॉर्मूलेशन के लिए भी अधिकतम कीमत तय है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषय पर संसद में चर्चा रोका जाना चिंताजनक : कुमारी सैलजा

नई दिल्ली/चंडीगढ़(वार्ता)

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विशेषकर चीन से जुड़े मुद्दे पर तथ्यात्मक संदर्भ प्रस्तुत करने से रोके जाने की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए चिंताजनक बताया।

मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसा गंभीर और संवेदनशील विषय संसद में खुली, तथ्याधारित और जिम्मेदार चर्चा की मांग करता है। उन्होंने कहा कि जब माननीय राष्ट्रपति अपने अभिभाषण में देश की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों का उल्लेख करती हैं, तो उसी विषय से संबंधित तथ्यों को सदन में रखना असंगत कैसे ठहराया जा सकता है, यह गंभीर विचार का विषय है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मत है कि संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर सार्थक और व्यापक विमर्श का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है। विशेष रूप से जब मामला देश की सीमाओं, राष्ट्रीय सुरक्षा और चीन से जुड़े हालात का हो, तब संवाद को सीमित करने के बजाय उसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि संसदीय नियमों का उद्देश्य चर्चा को व्यवस्थित करना है, न कि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों पर संवाद को रोकना। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि सभी पक्षों को समान रूप से अपनी बात रखने का अवसर मिले। कुमारी सैलजा ने जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और संसद में तथ्य, तर्क और जिम्मेदारी के साथ चर्चा होना समय की आवश्यकता है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**




## सोनी सब के शो 'गणेश कार्तिकेय' के 100 एपिसोड पूरे

सोनी सब के शो गाथा शिव परिवार की – गणेश कार्तिकेय के 100 एपिसोड पूरे हो गए हैं। शो गाथा शिव परिवार की – गणेश कार्तिकेय दर्शकों को भगवान गणेश (निर्णय समाधिया) और शिव परिवार की कहानियों से लगातार मोहित कर रहा है। आध्यात्मिक भव्यता को गर्मजोशी भरे, सहज पारिवारिक पलों के साथ जोड़ते हुए यह शो खूबसूरती से दर्शाता है कि किस प्रकार दिव्य परिवार प्रेम, जिम्मेदारी और संघर्ष का अनुभव करता है शो के 100 एपिसोड पूरे होने के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर, पूरी टीम कृतज्ञता के साथ इस उपलब्धि का उत्सव मना रही है। शो में देवी पार्वती की भूमिका निभा रही श्रेनु पारिख ने कहा,देवी पार्वती की यात्रा अत्यंत भावनात्मक है।वह एक माँ हैं, मार्गदर्शक हैं और शक्ति का स्रोत हैं। ऐसे शो का हिस्सा होना, जो दिव्य कथा के माध्यम से पारिवारिक बंधनों को उजागर करता है, मेरे लिए बेहद संतोषजनक रहा है। 100 एपिसोड का यह पड़ाव जितना हमारी टीम का है उतना ही हमारे दर्शकों का भी है, क्योंकि उनकी श्रद्धा और स्नेह हमें हर दिन प्रेरित करता है।

भगवान शिव की भूमिका निभा रहे अविनेश रेखी ने कहा, 100 एपिसोड का पड़ाव केवल एक संख्या नहीं है; यह उस विश्वास की याद दिलाता है जो दर्शक हम पर रखते हैं। गणेश कार्तिकेय मूल्यों, रिश्तों और आंतरिक यात्राओं पर केंद्रित है। भगवान शिव के रूप में, गणेश और कार्तिकेय दोनों को उनके मार्ग पर मार्गदर्शन देना मेरे लिए एक गहन अनुभव रहा है। 100 एपिसोड पूरे करना दर्शकों द्वारा हम पर दिखाए गए विश्वास को और मजबूत करता है, और हम आशा करते हैं कि इन कहानियों को ईमानदारी और दिल से आगे भी प्रस्तुत करते रहेंगे।भगवान गणेश की भूमिका निभा रहे निर्णय समाधिया ने कहा, भगवान गणेश की यात्रा सीखने, बढ़ने और भावनाओं को समझने की रही है, और मैं स्वयं को भाग्यशाली मानता हूँ कि दर्शकों ने मुझे इतना स्नेह दिया। 100 एपिसोड पूरे करना अविश्वसनीय लगता है, और मैं पूरी टीम का आभारी हूँ जिन्होंने इस यात्रा को इतना यादगार बनाया मैं अपने दर्शकों से प्रेम करता हूँ, कृपया हमें अपना प्यार और स्नेह यूँ ही बरसाते रहें। इस अवसर के लिए मैं बप्पा का हृदय से आभारी हूँ।

## रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधरः द रिवेंज का टीज़र रिलीज



बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधरकी सीक्वल धुरंधरः द रिवेंज का टीज़र रिलीज हो गया है। टीजर की शुरुआत में रणवीर सिंह छोटे बालों वाले लुक में नजर आते हैं। छोटे बाल और हाथ में बंदूक लिए रणवीर सिंह काफी खतरनाक लगते हैं। इसके बाद रणवीर फिर हमजा अली मजारी के किरदार में लंबे बालों वाले लुक में दिखते हैं। टीजर में रणवीर 'धुरंधर' से भी ज्यादा खतरनाक लग रहे हैं। टीजर में अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर माधवन की भी झलक देखने को मिलती है। टीजर के अंत में रणवीर सिंह का किरदार कहता है, ये नया हिंदुस्तान है, ये घर में घुसेगा भी और मारेगा भी। धुरंधर और धुरंधरः द रिवेंज को आदित्य धर ने लिखा और निर्देशित किया है। इसका निर्माण ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर ने जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज के बैनर तले किया है। यह फिल्म 19 मार्च 2026 को रिलीज होगी। फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह,अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन, सारा अर्जुन और अर्जुन रामपाल ने अहम भूमिका निभाई थी।

## तुलसी कुमार और अपारशक्ति खुराना ने रोमांटिक ट्रैक 'निक्की निक्की गल' में साथ काम किया

तुलसी कुमार और अपारशक्ति खुराना ने रोमांटिक ट्रैक 'निक्की निक्की गल' में साथ काम किया है। 'निक्की निक्की गल' दिल को छू लेने वाला रोमांटिक ट्रैक है। साक्षी रत्ती द्वारा रचित और लिखित, तथा तानी तनवीर के सिनेमैटिक निर्देशन में बना 'निक्की निक्की गल' सुर, भावना और कहानी को बेहद सहजता से पिरोता है। म्यूज़िक वीडियो में तुलसी और अपारशक्ति की बेहतरीन केमिस्ट्री चमकती है, जबकि हर सुर, हर बोल और हर फ्रेम इस ट्रैक की नॉस्टैल्जिक खूबसूरती को और निखारता है। तुलसी कुमार ने साझा किया,मैंने 'निक्की निक्की गल' इसलिए चुना क्योंकि इसने मुझे पुराने ज़माने के रोमांस की यादों में लौटा दिया। यह उन छोटी-छोटी बातों के बारे में है जो सच में मायने रखती हैं। एक साझा मुस्कान, एक खामोश पल। अपारशक्ति के साथ काम करना बेहद मज़ेदार रहा; उनकी एनर्जी ने हर टेक को सहज और नैचुरल बना दिया। कश्मीर में शूटिंग ने पूरे अनुभव में एक जादुई सुकून जोड़ दिया। मीर देसाई की मिनिमलिस्ट लेकिन गहराई से प्रभावशाली प्रोडक्शन ने भावनाओं को बिना दबाए खुलकर सांस लेने दी, जबकि साक्षी रत्ती की खूबसूरत रचना ने माहौल को बिल्कुल परफेक्ट बना दिया। और तानी तनवीर ने, हमेशा की तरह, विज़न को बिल्कुल सही पकड़ा। उनकी सिनेमैटिक प्रस्तुति सरल, ईमानदार और दमदार है, जो कहानी की आत्मा को पकड़ती है। इस गीत के ज़रिये मैं प्यार की सबसे कोमल और मासूम भावना से जुड़ पाई। अपारशक्ति खुराना ने कहा ,'निक्की निक्की गल' की सादगी ही मुझे सबसे ज़्यादा आकर्षित करती है। इसने याद दिलाया कि रोमांस में हमेशा भव्य इशारों की ज़रूरत नहीं होती – कभी-कभी छोटी-सी सरप्राइज़, खामोश और दिल से जुड़े पल ही हमेशा के लिए याद रह जाते हैं। तुलसी, साक्षी रत्ती और मीर देसाई के साथ मुझे एक बेहतरीन गैंग मिला, और इस हमारे बेबी को दर्शकों के साथ साझा करना बेहद खुशी की बात है। वीडियो के मोर्चे पर, कश्मीर जैसी सांस रोक देने वाली जगह पर शूटिंग करना – उसकी शांत घाटियों और बर्फ़ से ढकी पहाड़ियों के बीच – अनुभव को और भी खास बना गया। गाने से लेकर विज़ुअल्स कैप्चर करने तक, हर पल नैचुरल, दिल से जुड़ा और यादगार लगा। भूषण कुमार और टी-सीरीज़ द्वारा प्रस्तुत, 'निक्की निक्की गल' अब सभी प्रमुख प्लेटफ़ॉर्म्स पर स्ट्रीम हो रहा है और आधिकारिक टी-सीरीज़ यूट्यूब चैनल पर एक्सक्लूसिव रूप से उपलब्ध है।



# 75 लाख की लूट का चंद घंटों में खुलासा

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।



सोमवार की रात्रि लगभग 02.30 बजे नरसिंहपुर नगर स्थित होटल कुमुम वैली के कर्मचारियों द्वारा थाना में सूचना दी गई कि 3-4 नकाबपोश व्यक्तियों ने होटल में जबरन प्रवेश कर होटल में रखी लगभग 75 से 80 लाख रुपये की नगद राशि लूट ली है। घटना की सूचना मिलते ही सुबह 4 बजे पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के साथ स्वयं घटनास्थल पहुंचे एवं मौके का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा एसडीओपी नरसिंहपुर मनोज गुप्ता के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली, निरीक्षक गौरव चाटे, थाना प्रभारी, स्टेशनगंज, निरीक्षक सौरभ पटेल, उनि मूलचंद यादव, उनि मनीष मरावी एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों की पांच विशेष टीमों का गठन कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए।

होटल के रात्रिकालीन मैनेजर चंद्रेश रजक ने गहन पूछताछ में लूट की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। जांच के दौरान पूछताछ पर यह सामने आया कि होटल के एक कर्मचारी अनुज कुमार को होटल में रखी नकदी की पूर्व से जानकारी थी। लालच में उसने यह जानकारी चंद्रेश रजक व राकेश शुक्ला को दी, इसके बाद उन्होंने मोनू उर्फ दुईया बंशकार एवं अन्य 3 साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने चंद्रेश रजक निवासी यादव कॉलोनी नरसिंहपुर, राकेश कुमार शुक्ला निवासी लखीमपुर खीरी उ.प्र. हाल निवासी नरसिंहपुर, अनुज कुमार वाल्मीकि निवासी लखीमपुर खीरी उ.प्र. हाल निवासी नरसिंहपुर, मोनू उर्फ टूईया वंशकार निवासी रिपटा पार नरसिंहपुर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों से अब तक कुल 66 लाख रुपए बरामद किए गए है। सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 309 (6), 3 (5) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

ओपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में निरीक्षक गौरव चाटे, निरीक्षक सौरभ पटेल, उनि मनीष मरावी, उनि मूलचंद यादव, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक देवेंद्र कुमार, आरक्षक प्रह्लाद माधवे, रोहित चन्पुरिया, जितेंद्र सिंह, पंकज सिंह राजपूत, श्रेय अवस्थी, उमेश्वर पाठक, नीलेश दुबे, कुलदीप साहू, अनुराग दुबे, यमन बागरी, नंदकिशोर कुशवाहा, लक्ष्मी नगपुरे, दिनेश पटेल, बालकिशन, महिला आरक्षक कुमुद पाठक की मुख्य भूमिका रही है।

# सेवा दायित्व का निर्वहन करते हुए भगवान की भक्ति करें



**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** परहित सरस धर्म नहीं भाई..इस धर्म को हमें हमारी दिनचर्या में उतरना चाहिए।हमे प्रतिदिन निरंतर कुछ न कुछ नेक कार्य करना चाहिए।यह धर्म हमे भक्ति और भगवान से जोड़ता है। उक्ताशय के विचार साहित्यकार ओजस्वी कवि अशोक त्रिपाठी ने मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर नरसिंहपुर में व्यक्त करते हुए हनुमान जी महाराज का चोला वंदन किया एवं उपस्थित भक्तजनों का पट्टिका वस्त्र से स्वागत सम्मान किया।आयोजन समिति की ओर से नारायण प्रसाद साहू ने भक्ति संकीर्तन और जनसेवा पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात सुंदर काण्ड पाठऔर हनुमान चालीसा का वाचन हुआ।पं.मनीष गिरदोनिया ने पूजन अर्चन करवाया। कार्यक्रम में श्री मती भागवती राय श्रीमती भागवती पटेल मनोज बाजपेई गिरीश पटेल ओमप्रकाश पंड्या एड अजय साहू महेश नेमा गंगाराम साहू सुभाष साहू जे पी श्रीवास्तव बी डी रूसिया एस के तिवारी विष्णु पहलवान सहित अनेक भक्त जन उपस्थित थे। संचालन एन पी साहू ने किया।

**बरिया बारे हनुमान मंदिर में सुंदर काण्ड** - नरसिंहपुर.. नरसिंह वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा और सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। वरिष्ठ सदस्य सी बी नेमा प्रेमशंकर राघव आर के नेमा यू एस उपाध्याय प्रभात राय गणेश कुमार चतुर्वेदी और आर के पटवा ने अपने विचार व्यक्त किए।प.सी बी शर्मा ने संकीर्तन के अपराह्न भजन प्रस्तुत किये। उक्त अवसर पर परिषद के वरिष्ठ सदस्य आर के पटवा जी जन्मोत्सव पर उनका पुष्प माला शाल श्रीफल से स्वागत सम्मान किया गया।सभी सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।आभार प्रदर्शन अरुण कुमार खरे ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# अंतरराज्यीय वालीबॉल खिताब जीत नरसिंहपुर की बेटियों ने रचा इतिहास

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



स्वामी विवेकानंद स्पोर्टिंग क्लब, चीनी परसवाड़ा द्वारा आयोजित 44वीं अंतरराज्यीय वालीबॉल प्रतियोगिता में नरसिंहपुर की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम ने विजेता बनकर जिले को गौरवान्वित किया।विजेता नरसिंहपुर महिला टीम को 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल और विजय पर जिला वालीबॉल संघ अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष एवं शंकराचार्य वार्ड पार्षद अजय प्रताप सिंह पटेल, वरिष्ठ खिलाड़ी योगेश शर्मा,वालीबॉल जोनल सेक्रेटरी मनीष कटारे, कोषाध्यक्ष श्री मृदुलेश दुबे, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव,क्रीड़ा अधिकारी अनुज जैन, कोच शाकिर हुसैन, आशीष नामदेव, विजय सेन , निशा मिश्रा, रोहित विश्वकर्मा, अभिनव चौकसे, नवनीत पटेल सहित अनेक खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके निरंतर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# 5 फरवरी से आयोजित स्वदेशी मेला की तैयारियों पर की चर्चा

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।




आज स्वदेशी को अपनाना हम सबकी जिम्मेदारी है हम सबको स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहित देना चाहिए। इस दिशा में स्वदेशी जागरण मंच लगातार प्रयास कर रहा है।

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्टेडियम ग्राउंड में 5 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित स्वदेशी मेला की तैयारियों और इसके उद्देश्य को होटल कुसुमवैली में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताते हुए मंच के पदाधिकारी राघवेन्द्र चंदेल ने उक्त बात कही। श्री चंदेल ने बताया कि स्वदेशी मेले ने अपनी पहचान अंतराष्ट्रीय स्तर पर बनाई है मेले में राज्य की संस्कृति, कला, हस्तशिल्प की झलक देखने को मिलेगी। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित मेले में स्वदेशी वस्तुओं से संबंधित अनेक स्टाल लगेंगे। साथ ही रंगारंग कार्यक्रम होंगे। अनेक प्रतियोगिता भी इस दौरान आयोजित होंगी। मेला संयोजक उदय सिंह ठाकुर ने बताया कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर हम देश को आत्मनिर्भर बनाने के साथ स्वावलंबी बना सकते हैं। ऐसी वस्तुएं जो हमारे देश में ही निर्मित होती हैं उन्हें हम प्रोत्साहित करें और मेले में यह सब उपलब्ध होगा।

साथ ही श्री ठाकुर ने मेले के उद्देश्य को बताया। पत्रकारवार्ता में मौजूद जिला संयोजक डॉ. सतीश दुबे, जिला संपर्क प्रमुख उपेन्द्र काले एवं जबलपुर छिंदवाड़ा संगठन मंत्री आशीष कुमार ने कहा कि निश्चित तौर पर स्वदेशी मेलों से जनचेतना बढ़ रही है सभी से मेले में आने का अनुरोध किया गया है।

### स्थल को लेकर चूक हुई

पत्रकारवार्ता में पत्रकारों ने स्टेडियम ग्राउंड पर आयोजित स्वदेशी मेले के स्थल चयन पर जब तीखे सवाल किए तो स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी पहले गोलमोल जवाब देने लगे किन्तु जब पत्रकारों ने स्टेडियम ग्राउंड की उपयोगिता बताई तो मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि निश्चित तौर पर मेले के स्थल चयन को लेकर हमसे गलती हुई है भविष्य में स्थल चयन पर विशेष ध्यान रखा जायेगा। साथ ही विश्वास दिलाया कि मेले के बाद ग्राउंड को व्यवस्थित किया जायेगा।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदिका संतोष तिवारी को सौंपा 10 हजार रुपये का चेक

**दिव्यांग हरिओम पाराशर को मिली व्हीलचेयर, कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में आए 120 आवेदन**

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।




कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में गोटेगांव के श्रीधाम नयाबाजार निवासी आवेदिका श्रीमती संतोष बाई ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वे कैंसर से पीड़ित हैं और उन्हें इलाज के लिए मुंबई आना - जाना होता है। उन्होंने बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड भी बना हुआ है। उनके पिता पैरालाइज हैं तथा उनकी माता मजदूरी करती हैं। परिवार में कोई स्थायी कमाने वाला सदस्य नहीं है। उन्होंने उपचार के लिए मुंबई आने- जाने के किराये हेतु आर्थिक सहायता की मांग की थी। इस पर कलेक्टर ने उन्हें मौके पर ही 10 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार जनसुनवाई में करेली तहसील के ग्राम निवारी निवासी विष्णु प्रसाद ने बताया कि आधार कार्ड अपडेट न होने के कारण उन्हें कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने मौके पर ही उनका आधार अपडेट करवाया तथा दिव्यांग हरिओम पराशर को व्हीलचेयर प्रदान की। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 120 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

### 6 फरवरी को होगी शांति समिति की बैठक

बालाघाट।

वर्ष 2026 में माह फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई में जिले में विभिन्न धार्मिक पर्व महाशिवरात्रि, होली, गुड़ी पड़वा, चैती चांद, ईद-उल-फितर, रामनवमी, डॉ. अम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईदुज्जुहा आदि पर्व मनाये जाने है। ऐसे में जिले में कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए 06 फरवरी शाम 05 बजे कलेक्ट्रेड सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में त्याहारों के दौरान जिले में कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने संबंधी समस्त आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। शांति समिति के सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने के लिए सूचना दी गई है।



### श्रीनगर के विद्यार्थियों ने किया शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोटेगांव का किया औद्योगिक भ्रमण

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर की कक्षा नवमी से बारहवीं में व्यावसायिक शिक्षा अध्यनरत विद्यार्थियों ने प्राचार्य श्री तुलाराम चौधरी के निर्देशन में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का औद्योगिक भ्रमण किया भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिकल ,कोपा बेल्डिंग और फिटर जैसी तकनीकी को बारीकी से समझा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य सुश्री रितु ने विद्यार्थियों को अपने संस्थान के बारे में बताते हुए व्यावसायिक शिक्षा का महत्व बताया भ्रमण के दौरान व्यावसायिक शिक्षक एवं भ्रमण प्रभारी श्री अंकित खरे साथ में श्रीमती उषा साहू, श्रीमती अंजलि सिंह उपस्थित रही।

# जल सुनवाई कार्यक्रम में पेयजल गुणवत्ता की जांच, स्वच्छ पाया गया पानी

### एसडीएम बैहर ने वार्ड क्रमांक 14 में की जलसुनवाई



**बालाघाट।** एसडीएम बैहर श्री अर्पित द्वारा 03 फरवरी को बिरसा तहसील अंतर्गत नगरपालिका परिषद मलांजखण्ड के वार्ड क्रमांक 14 में आयोजित जल सुनवाई कार्यक्रम में सहभागिता की गई। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद मलांजखण्ड के अध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

जल सुनवाई के दौरान वार्ड क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा मौके पर ही पेयजल की गुणवत्ता की जांच कराई गई, जिसमें पानी स्वच्छ एवं पीने योग्य पाया गया। जल गुणवत्ता जांच के परिणामों से स्थानीय नागरिकों में संतोष एवं विश्वास का वातावरण देखने को मिला।

सुनवाई के दौरान ग्रामीणों द्वारा पास की नहर के पानी की गुणवत्ता को लेकर चिंता व्यक्त की गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम श्री गुप्?ता के निर्देश पर नहर के पानी की भी तत्काल जांच कराई गई, ताकि किसी भी संभावित समस्या का समय रहते समाधान किया जा सके। एसडीएम श्री गुप्ता ने उपस्थित नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए नियमित निगरानी एवं जांच की जा रही है।

जल सुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक रखने का अवसर मिला, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है तथा प्रशासन और जनता के बीच विश्वास और सुदृढ़ हुआ है।

# कुपोषित बच्चों के लिए फूड बॉस्केट वितरण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास परियोजना बैहर अंतर्गत चिन्हित कुपोषित बच्चों को फूड बॉस्केट वितरण एवं नियमित स्वास्थ्य जांच परीक्षण हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री आरएन धुर्वे ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत परियोजना अधिकारी बैहर के मार्गदर्शन में समस्त सेक्टर पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनके परिवारों को फूड बॉस्केट का वितरण किया जा रहा है। साथ ही गृह भ्रमण कर अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य, संतुलित आहार एवं उचित खान-पान संबंधी आवश्यक समझाइश भी दी जा रही है।

कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच के लिए विकासखंड चिकित्सा अधिकारी बैहर द्वारा ऐसे 10 चिन्हित क्षेत्रों में, जहां कुपोषण का प्रतिशत अधिक है, तिथिवार स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने हेतु अधीनस्थ अमले को निर्देशित किया गया है।

इन शिविरों के माध्यम से बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच, वजन-ऊंचाई मापन एवं आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। इस सतत प्रयास का उद्देश्य कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाकर उन्हें सामान्य पोषण स्तर तक लाना तथा कुपोषण के दुष्चक्र को तोड़ना है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### एनएसएस के छात्रों ने सीखा आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल के माध्यम से मिला प्रशिक्षण

बालाघाट।

शासकीय एस.एस.पी. कॉलेज वारासिवनी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थियों के लिए दिनांक 03 फरवरी को शासकीय माध्यमिक शाला खापा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत आपदा प्रबंधन विषय पर विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें जिला कमांडेंट आपदा प्रबंधन (एसडीईआरएफ) श्रीमती रजनी खटीक के मार्गदर्शन में छात्रों को आपदाओं से निपटने की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को मॉक ड्रिल के माध्यम से हवाई हमले की चेतावनी, अग्नि दुर्घटना, भूकंप, बाढ़ सहित अन्य प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं के समय और आपदा के बाद अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। साथ ही प्राथमिक उपचार की आवश्यक तकनीकों का भी अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर एस.एस.पी. कॉलेज वारासिवनी एवं शासकीय माध्यमिक शाला खापा के लगभग 80 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल को सफल बनाने में एसडीईआरएफ बालाघाट टीम के श्री श्याम सिंह धुर्वे, श्री विशेष कुतराहे, श्री आशीष खरोले, श्रीमती वर्षा तेकाम एवं श्री मुलेन्द्र आड़े ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पीएम स्वनिधि योजना से बदली महेश प्रजापति की जिंदगी

### चाट ठेले के व्यवसाय ने बनाया आत्मनिर्भर

बालाघाट

जिले के कटंगी नगर के वार्ड नंबर 13 निवासी श्री महेश पिता बाबूलाल प्रजापति आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुके हैं। कभी आर्थिक तंगी से जूझते हुए परिवार का पालन-पोषण करना उनके लिए बड़ी चुनौती था, लेकिन प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने उनकी जिंदगी की दिशा ही बदल दी।

महेश प्रजापति पहले एक छोटा सा चाट ठेला लगाते थे। परिवार में कुल चार सदस्य हैं और आय का कोई अन्य स्त्रोत न होने के कारण घर चलाना बेहद कठिन हो रहा था। सीमित आमदनी के चलते न तो व्यवसाय आगे बढ़ पा रहा था और न ही परिवार की जरूरतें पूरी हो पा रही थीं। इसी दौरान नगर परिषद कटंगी के कर्मचारियों द्वारा उन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी मिली। योजना के अंतर्गत बिना ब्याज के आसान ऋण की सुविधा की बात सुनकर उन्होंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कटंगी शाखा के माध्यम से आवेदन किया।

महेश प्रजापति को योजना के तहत क्रमशः तीन चरणों में ऋण प्राप्त हुआ है। प्रथम चरण में 10 हजार रुपये की राशि मिली । इस राशि का ऋण समय पर चुका देने पर उसे 20 हजार रुपये का ऋण दूसरी किश?त में मिला। 20 हजार रुपये की राशि चुकाने पर उसे 50 हजार रुपये का ऋण तीसरी किशत में मिला है। पहले चरण के 10 हजार रुपये के ऋण से उन्होंने अपने चाट ठेले को व्यवस्थित किया और व्यवसाय को नए सिरे से शुरू किया। इससे आमदनी में धीरे-धीरे सुधार होने लगा। समय पर किस्तों का भुगतान करने के बाद उन्हें दूसरा और फिर तीसरा चरण का ऋण भी आसानी से प्राप्त हो गया।




महेश ने प्राप्त ऋण राशि का सही उपयोग कर अपने चाट ठेले के व्यवसाय को बढ़ाया। उन्होंने सामग्री बढ़ाई, ठेले को बेहतर बनाया और ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई। नियमित आमदनी होने से परिवार की आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार आया। अब वे न केवल परिवार की जरूरतें पूरी कर पा रहे हैं, बल्कि भविष्य के लिए बचत भी कर रहे हैं। आज महेश प्रजापति पूरे आत्मविश्वास के साथ कहते हैं कि, पीएम स्वनिधि योजना ने मुझे अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर दिया है। पहले जहां रोजी-रोटी की चिंता रहती थी, वहीं आज मैं आत्मनिर्भर होकर परिवार का बेहतर भविष्य बना पा रहा हूं।

महेश प्रजापति इस योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और योजना से जुड़े सभी अधिकारियोंकर्मचारियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। उनका कहना है कि इस योजना के बिना उनका व्यवसाय आगे बढ़ाना संभव नहीं था। यह कहानी प्रमाण है कि सही समय पर मिली सरकारी सहायता किसी भी छोटे व्यवसायी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। पीएम स्वनिधि योजना ऐसे हजारों जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है।

# 30 ग्राम पंचायतों की 25 हजार हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

## दो लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं से विजयराघवगढ़ के खेतों तक पहुंचेगा पानी

**विधायक संजय पाठक ने मुख्यमंत्री मोहन यादव का जताया आभार**

कटनी (स्वतंत्र मत)।

भोपाल में आयोजित मप्र की केबिनेट बैठक में कटनी जिले विजयराघवगढ़ के विधानसभा के बरही एवं विजयराघवगढ़ विधानसभा के 30 ग्राम पंचायतों की 25 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को बाण सागर डैम के पानी को दो लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से प्रेशर पाइप से खेतों तक पानी पहुंचाने वाली धनवाही एवं बरही सूक्ष्म उद्यम सिंचाई योजनाओं को स्वीकृति मिल गई। इन दोनों योजनाओं में लगभग 616 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा जिससे मैहर जिले के 7 एवं कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा के 30 ग्राम पंचायतों के 25 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित किया जाएगा।

विधायक संजय पाठक बहुत समय से बाण सागर डैम के पानी को लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से खेतों तक पहुंचाने वाली योजना के लिए प्रयास कर रहे थे जिसके लिए उन्होंने जल संसाधन विभाग के विभागीय अधिकारियों के माध्यम से विस्तृत योजना सर्वे और डीपीआर बनाने के लिए आग्रह किया था। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के अध्यक्षता में



आयोजित केबिनेट ने धनवाही एवं बरही सूक्ष्म उद्यम सिंचाई योजनाओं को स्वीकृत कर दिया है। विजयराघवगढ़ विधानसभा के 30 ग्राम पंचायतों के 25 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने वाली दो सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृति के लिए विधायक संजय पाठक ने क्षेत्र की जनता की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया है उन्होंने अपने संदेश में कहा कि परियोजना से हमारी सरकार के किसान कल्याण वर्ष में हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का है संकल्प को पूरा कर रही है इन दोनों परियोजनाओं से विजयराघवगढ़ विधानसभा के 14 हजार किसानों को लाभ मिलेगा। मैं विधानसभा क्षेत्र के सभी किसान भाइयों को बधाई देते एकबार पुनः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट का भी विधानसभा की जनता की ओर से आभार व्यक्त करता हूं।

**इन ग्राम पंचायतों तक परियोजना से पहुंचेगा पानी**

बरही सूक्ष्म सिंचाई परियोजना से विधानसभा की विजयराघवगढ़ एवं बरही तहसील के केवलारी, गै़रतलाई, उबरा, खन्ना बंजारी, धवईया, डोकरिया, सिजहरा, बनगवाँ, पथरेहटा, सिनगौड़ी, खिरवा, सिमरिया, रामपुर टोला, सिंघनपुरा, टिकरिया, पटपरहा, खलैन्धा, कुंदरही, गुहावल, बकेली, उरदानी, करौंदी कलां, झिरिया, बुजबुजा, करौंदी खुर्द, सिरोंजा, हनतला ग्राम को इसके अलावा धनवाही परियोजना से कुटेश्वर, इटमा और इटौरा से पाइप और वॉल्व के माध्यम से सिंचाई का पानी मिलेगा।

### नाबालिग छात्रा के मां बनने का मामला

# जांच में सामूहिक दुष्कर्म की बात खारिज

**पुलिस ने आरोपी मित्र को हिरासत में लिया**



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शहर के एनकेजे थाना अंतर्गत एक नाबालिग छात्रा द्वारा बच्चे को जन्म देने के मामले में पुलिस की जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई है। प्रारंभिक तौर पर सामने आई सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) की आशंका को पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गहन पूछताछ के बाद खारिज कर दिया है। 02 फरवरी को जिला अस्पताल में नाबालिग की डिलीवरी होने के बाद पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ। महिला थाना और बाल कल्याण समिति द्वारा पीड़िता की संयुक्त काउंसलिंग की गई। इस दौरान छात्रा ने सच बयां किया। पीड़िता ने स्पष्ट किया कि सामूहिक दुष्कर्म की बात सही नहीं थी। घटना को उसके एक परिचित मित्र ने अंजाम दिया था। पीड़िता के बयानों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी को चिह्नित कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच और मौके के साक्ष्य गैंगरेप की पुष्टि नहीं करते हैं। सीएसपी और एनकेजे थाना पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी के विरुद्ध पीओसीएसओ एक्ट एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वर्तमान में पीड़िता और नवजात शिशु दोनों सुरक्षित हैं और जिला अस्पताल में चिकित्सकीय देखरेख में हैं।

# मां जैसे बोलती रही बुजुर्ग महिला, बेटे जैसे सुनते रहे कलेक्टर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर आशीष तिवारी मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के लिए बड़वारा पहुंचे थे। जनसुनवाई समाप्त होने के बाद जैसे ही कलेक्टर तहसील कार्यालय पहुंचे, वैसे ही बड़वारा तहसील कार्यालय की सीढ़ियों में ही कलेक्टर से मिलने की आस में ग्राम भनपुरा निवासी 82 वर्षीय वृद्धा शांति बाई कलेक्टर को खड़ी दिंखी। कलेक्टर ज्यों ही वृद्धा के पास पहुंचे, उनको वह अपनी फरियाद सुनाने लगी।



महिला मां की तरह बोलती रही और कलेक्टर बेटे की तरह सुनते रहे। वृद्धा का बात करने का देशी ग्रामीण अंदाज कुछ लोगों को पसंद नहीं आ रहा था। उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की। लेकिन कलेक्टर ने उल्टा उनको ही रोक दिया। कहा अम्मा को बोलने दो। इसके बाद तो वृद्धा ने बेहिचक कलेक्टर को पूरी बात बताई। कहा कि कुछ लोगों ने उसके जमीन पर कब्जा कर लिया है और खेत में लगी मेरी धान की फसल को भी ट्रैक्टर द्वारा खराब कर दी गई है। इस पर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद बड़वारा टीआई केके पटेल और नायब तहसीलदार ऋषि गौतम को कार्यवाही कर अम्मा को जमीन का कब्जा दिलाने के निर्देश दिए।

# बटनदार चाकू लेकर घूम रहा था आदतन आरोपी

**कोतवाली पुलिस ने पैट्रोलिंग के दौरान आरोपी को रंगेहाथ दबोचा**

कटनी (स्वतंत्रमत)।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थाना क्षेत्र में लगातर भ्रमण करते हुए संदेहियों की चैकिंग करने एवं अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय के द्वारा प्रतिदिन क्षेत्र में लगातार पैट्रोलिंग व भ्रमण करते हुए रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, खिरहनी फाटक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड आदि संभावित स्थानों पर लगातार संदेहियों की चैकिंग की जा रही है। इसी दौरान 02 फरवरी को पैट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लाल ग्राउण्ड के पास एक व्यक्ति अपने पास बटनदार चाकू रखे हुए है और कोई अपराध घटित करने की नियत से घूम रहा है। मुखबिर की सूचना पर हमराह स्टाफ के मौके पर जाकर घेराबंदी करके मुखबिर के बताए



हुलिए के संदिग्ध युवक को पकड़ा गया, संदेही से उसका नाम व पता पूछने पर अपना नाम सुमित जाटव उर्फ नाबालिग पिता संतोष जाटव उम्र 19 वर्ष नि. खिरहनी फाटक वेंकट वार्ड कटनी का होना बताया। संदेही से सुनसान जगह पर खड़े होने का कारण पूछे जाने पर कोई संतोषजनक जबाब नही दिया। संदेही की तलाशी लेने पर उसके कब्जे में एक बटनदार धारदार चाकू मिला। आरोपी का कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट का घटित करना पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार किया जाकर थाना कोतवाली कटनी में अप.क्र. 136/2026 धारा 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है। पकड़े गए आरोपी के विरूद्ध पूर्व से थाना कोतवाली कटनी में कुल 05 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध होना पाए गए हैं, आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम व पता- सुमित जाटव उर्फ नाबालिग पिता संतोष जाटव उम्र 19 वर्ष निण् खिरहनी फाटक वेंकट वार्ड कटनी जप्त अवैध शस्त्र- 01 बटनदार चाकू थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय द्वारा बताया गया कि अवैध शस्त्र के साथ पकड़ा गया आरोपी थाना क्षेत्र का एक आदतन अपराधी है जिसके विरूद्ध गाली गलौज, मारपीट, अवैध वसूली, अवैध शस्त्र कब्जे में रखने के प्रकरण पंजीबद्ध है। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# 3 गंभीर मामले में 8 सालों से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद एवं थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा के संयुक्त नेतृत्व में 02 फरवरी को थाना स्लीमनाबाद व थाना ढीमरखेड़ा पुलिस को माननीय न्यायालय कटनी के प्र.क्रं. 144/2018 धारा 366,376 आईपीसी, प्र.क्रं. 170/2016 धारा 395,397 आईपीसी, 25 आर्म्स एक्ट, प्र.क्रं. 169/2016 धारा 395,397 आईपीसी, प्र.क्रं. 4668/2016 धारा 294,323,506,427,34 आईपीसी के मामले में 8 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी किस्सू उर्फ रामकिशोर काछी पिता जैनीलाल काछी उम्र 33 साल निवासी ग्राम अतरसुमा थाना ढीमरखेड़ा जिला कटनी हाल पटेल नगर थाना प्रतापनगर भीलवाड़ा राजस्थान को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश कुमार, थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा अभिषेक चौबे, एएसआई विजेंद्र तिवारी, प्रआर 509 प्रेम शंकर पटेल, आर 702 अचल सिंह, साइबर सेल से आर 626 अजय साकेत की सराहनीय भूमिका रही।

# बडवारा में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे कलेक्टर

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिला प्रशासन द्वारा हर मंगलवार की जनसुनवाई, अब आम लोगों के लिए भरोसे और समाधान का मंच बन गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को बड़वारा राजस्व पहुंच कर हर फरियादी की बात ध्यान से सुन रहे हैं और कई समस्याओं का मौके पर ही हल कर दिया। जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं था, उनके लिए अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बड़वारा में जनसुनवाई का आयोजन अभी जारी है। कलेक्टर अब तक 11 आवेदकों से मिल कर, उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुन चुके हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ



हरसिमरनप्रीत कौर और एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित हैं। बडवारा में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी को ग्राम बडवारा निवासी रामकुमार यादव पिता स्व. मुलईराम यादव ने बताया कि मेरे समग्र परिवार आईडी में मेरी बेटी मनीषा यादव की सदस्य आईडी में पिता का नाम खाली है और माता के नाम में पिता का नाम दिख रहा है। जिसके कारण मेरी बेटी का आयुष्मान कार्ड में केवायसी नहीं हो रहा है। मेरी बेटी का इलाज कटनी में चल रहा है डॉक्टर ने ऑपरेशन के लिए कहा है। इस कारण मेरी बेटी के ईलाज हेतु आयुष्मान कार्ड नहीं चल पा रहा है। इस पर कलेक्टर के निर्देश पर जनसुनवाई के दौरान ही ई-केवाईसी कर दी गई।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती मनाई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** एससी/एसटी कौंसिल आ.नि. कटनी द्वारा डॉ. भीम राव अम्बेडकर पार्क में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649 वी जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुमांता कुमार बसाक संयुक्त महाप्रबंधक आ.नि. कटनी, विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार सोनकर कार्य प्रबंधक, कार्यक्रम के अध्यक्ष दशरथ गौंटिया जी थे। मुख्य अतिथि द्वारा संत शिरोमणि रविदास की आरती वंदन के साथ की दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दीपक सोनखुसरे मंच संचालन कर समा बांध दिया, आयोजन समिति के सचिव विजय सिंह, संजय रजक ने उद्बोधन में संत रविदास द्वारा प्रेरित सामाजिक समरसता के भाव पर जोर दिया गया। शाई नृत्य कला



के नन्हे नन्हे बच्चों का द्वारा नृत्य प्रस्तुति किया गया। उन सभी बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा पारितोषिक दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जितेन्द्र सिंह, राज कुमार, विवेक सिंह, जय कुमार, चन्द्रभान सिंह, ज्ञानचंद चौधरी, करमू, आनन्द, दुर्गेश चौधरी, रमेश, सुरेश, मोनू आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# कटनी पुलिस द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा 03 फरवरी को प्रातः 12 बजे पुलिस कंट्रोल रूम, कटनी में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित



थाना प्रभारियों एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, चोरी, धोखाधड़ी सहित कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुईं। सभी प्रकरणों का परीक्षण कर उनके शीघ्र निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित मामलों के समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर शिकायतकर्ताओं को शीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के उपरांत पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने संबंधित अधिकारियों को सभी प्राप्त शिकायतों के संतोषजनक एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

# 4 डंपर ट्रिपर व 1 पोकलेन मशीन जब्त

## खनिज के अवैध परिवहन पर ग्राम पड़रेही में हुई बड़ी कार्यवाही





**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बहोरीबंद तहसील के ग्राम पड़ेरही में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन के विरुद्ध सोमवार को बड़ी कार्यवाही की गई। इस दौरान अवैध खनन में लिप्त 4 डंपर ट्रिपर जब्त कर बहोरीबंद पुलिस थाना परिसर में खड़े कराये गये। जबकि एक पोकलेन मशीन को भी जब्त कर सुपुर्दगी में सौंपा गया। कलेक्टर की अध्यक्षता में बीते दिनों आयोजित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग को संयुक्त रूप से अवैध खनिज परिवहन एवं उत्खनन के विरुद्ध कार्यवाही करने के कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए थे। इस कार्यवाही के दौरान एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, खनिज निरीक्षक कमलकांत परस्ते और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। यहां ग्राम पड़रेही में लेटराइट एवं बाक्साइट की खदान स्वीकृत है। उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि खदान संचालक के पास मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल की अनुमति नहीं थी। जिस वजह से वैधानिक रूप से ट्रांजिट पास नहीं कट पा रही थी। इस प्रकार खनिज परिवहन दस्तावेज नहीं होने की वजह से मौके पर इस कार्य में लिप्त सभी वाहनों को जब्त कर लिया गया।

# विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनसीसी विभाग के तत्वावधान में एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्द्रभूमियों के संरक्षण एवं उनके महत्व के प्रति छात्राओं और समाज में जागरूकता फैलाना था।

इस अवसर पर एनसीसी छात्राओं द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गुलवारा तालाब तक पहुँची। रैली के माध्यम से छात्राओं ने आम नागरिकों को तालाबों एवं जलस्रोतों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इसके उपरांत छात्राओं एवं प्राध्यापकों द्वारा गुलवारा तालाब की सफाई की गई तथा आसपास के लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी मिथलेश्वरी मरावी, डॉ. सोनिया कश्यप, डॉ. अशोक शर्मा, भीम बर्मन, प्रेमलाल कॉवरे सहित एनसीसी की छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। सभी उपस्थित जनों ने आर्द्रभूमियों के संरक्षण को मानव जीवन के लिए आवश्यक बताते हुए इनके संरक्षण का संकल्प लिया।

# नाबालिग बालिका को जिला उमरिया से किया दस्तयाब



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के कुशल मार्ग दर्शन में थाना एनकेजे प्रभारी को अपहर्त बालिका को तलाश करने में मिली सफलता। आपरेशन मुस्कान के तहत कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा अपहृत बालक/बालिका के दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य मे थाना एनकेजे के अप.क्र. 54/26 धारा 137(2) बीएनएस के प्रकरण कि गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम गठित कर नाबालिग बालिक के दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन में अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के निर्देशन एवं उप पुलिस रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी एनकेजे कटनी के नेतृत्व मे, साइबर सेल कटनी की मदद लेकर गठित टीम द्वारा अपहर्ता नाबालिग बालिका को जिला उमरिया से पता तलाश कर दस्तयाब किया गया। थाना लाकर परिजनो को सुपुर्द किया गया। बालिका के मिलने पर परिजनो ने एनकेजे पुलिस टीम की त्वरित कार्यवाही की सराहना की है। थाना प्रभारी उप.निरी. रुपेन्द्र राजपूत, सउनि केवल उईके, प्रा आर शैलेश दमोहिया, आरिफ हुसैन, आर. 297 सुजीत रजक, महिला सैनिक सरोज, साइबर सेल से अजय, शंकर, साकेत, अमित श्रीपाल, शुभम गौतम, सत्येंद्र सिंह एवम् चंदन की सराहनीय भूमिका रही।

## सेक्टर स्तरीय ग्राम उत्सव का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 5 हीरापुर कौड़िया के मुख्यालय ग्राम में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था साध्वी जन कल्याण समिति कटनी द्वारा ग्राम के खेरमाता मन्दिर परिसर में सेक्टर स्तरीय ग्राम उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष नितिन पांडे, विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्रा, ग्राम सेक्टर प्रभारी साध्वी निगम तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कटंगी कला से अध्यक्ष सतीश तिवारी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बिछिया से अध्यक्ष विजय यादव, सचिव अशोक यादव, सरपंच प्रतिनिधि केवलारी अनिल पटेल सहित क्षेत्रीय समाजसेवी जन सहित ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

# महापौर की जनसुनवाई में नागरिकों ने रखी अपनी समस्याएँ

## जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं पारदर्शी कार्रवाई पर दिया जोर

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से महापौर प्रीति संजीव सूरी की अभिनव पहल के तहत मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक नगर निगम कार्यालय स्थित मेयर इन काउंसिल कक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जनसुनवाई में महापौर स्वयं उपस्थित रहीं और शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों के आवेदनों, शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के




आधार पर समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा सड़क, सफाई, जलापूर्ति, खाद्य पर्ची, अतिक्रमण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नाली-नालों की समस्या सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए गए। महापौर ने प्रत्येक आवेदन पर व्यक्तिगत रूप से चर्चा करते हुए संबंधित विभागाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से जिन मामलों में त्वरित निराकरण संभव था, उन्हें मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

महापौर ने बताया कि जनसुनवाई का उद्देश्य नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, जिससे समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी नियमित रूप से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नगर निगम प्रशासन ने बताया कि आने वाले मंगलवारों को भी निर्धारित समय पर जनसुनवाई कार्यक्रम जारी रहेगा, ताकि शहरवासियों की समस्याओं का निरंतर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# विश्व कप के लिए टिकटों की बिक्री के तीसरे चरण की शुरुआत की हुई घोषणा

मुंबई (वार्ता)।

उद्घाटन मैच की उलटी गिनती शुरू होने के साथ ही, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए टिकटों की बिक्री के तीसरे चरण की शुरुआत की घोषणा की है, क्योंकि यह एक ऐसा टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ मिलकर काम कर रहा है जो एक वैश्विक चैंपियनशिप के पैमाने और कद को दर्शाता है। फेज 3 की शुरुआत दो सफल टिकटिंग विंडो के बाद हुई है, जिसमें फेज एक 11 दिसंबर, 2025 को और फेज दो 14 जनवरी, 2026 को लॉन्च किया गया था। यह नवीनतम चरण प्रशंसकों को टूर्नामेंट के मैचों के लिए सीटें सुरक्षित करने का एक और अवसर प्रदान करता है, जिसमें दुनिया की अग्रणी टीमें एक साथ आएंगी। विश्व कप भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध क्रिकेट मैदानों में आयोजित किया जाएगा, जिससे एक ऐसा माहौल बनेगा जहाँ प्रशंसक पूरे टूर्नामेंट के दौरान बेहतरीन अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और टी20 प्रारूप की तीव्रता को देख सकेंगे। जैसे-जैसे मेजबान शहरों में



तैयारियां अपने अंतिम चरण में पहुँच रही हैं, बीसीसीआई, हितधारकों के साथ मिलकर, आयोजन स्थल की तैयारी, परिचालन योजना और मैच के दिन के अनुभव पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर मैच दर्शकों को एक ऐसा माहौल प्रदान करे जो दिखाए जा रहे क्रिकेट की गुणवत्ता से मेल खाता हो।

बीसीसीआई पूरे टूर्नामेंट के दौरान देश भर के प्रशंसकों की उपस्थिति की भी उम्मीद करता है, जिसमें उन दिनों भी शामिल हैं जब टीम इंडिया एक्शन में नहीं होगी। विश्व कप खेल के कई बेहतरीन अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और करीबी मुकाबलों को व्यक्तिगत रूप से देखने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करता है, और भरे हुए स्टेडियम एक ऐसा माहौल बनाने में मदद करते हैं जो क्रिकेट के प्रति भारत के जुनून को दर्शाता है और प्रतियोगिता में जान डाल देता है।

बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मनहास ने कहा, पुरुष टी20 विश्व कप वैश्विक महत्व का एक आयोजन है, और बीसीसीआई यह सुनिश्चित करने के लिए आईसीसी के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इसे उच्चतम मानकों पर आयोजित किया जाए। जैसे ही टिकटों की बिक्री का तीसरा चरण शुरू होता है, हम सभी भाग लेने वाली टीमों में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की गहराई और प्रतिस्पर्धा को दर्शाने वाले मैचों के लिए अपने स्टेडियमों में प्रशंसकों का स्वागत करने की उम्मीद करते हैं।

बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने कहा:टिकटिंग के पहले दो चरणों का रिस्पॉन्स उत्साहजनक रहा है, और यह इस विश्व कप को लेकर लोगों की उत्सुकता को दिखाता है। अब जब तैयारियां अपने आखिरी चरण में हैं, तो हमारा ध्यान ऐसा माहौल बनाने पर है, जहाँ खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें और दर्शक पूरे टूर्नामेंट में और हमारे शानदार और ऐतिहासिक स्टेडियमों में टॉप-लेवल टी20 क्रिकेट का पूरा अनुभव ले सकें।

# डेविस कप में कोई आसान टीम नहीं है : राजपाल

**बेंगलुरु (वार्ता)।** टीम इंडिया को डेविस कप के टॉप 16 में जगह बनाने की कोशिश में एक कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, कप्तान रोहित राजपाल ने मंगलवार को चेतावनी दी कि इस स्टेज पर कोई आसान टीम नहीं है, हालांकि उन्होंने घरेलू परिस्थितियों का समर्थन करते हुए कहा कि इससे भारत को नीदरलैंड्स के खिलाफ एक महत्वपूर्ण बढ़त मिलेगी। दोनों टीमें 7-8 फरवरी को एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में आमने-सामने होंगी, जो बेंगलुरु के दिल में 300 एकड़ के हरे-भरे क्यूबॉन पार्क में स्थित है। इस जगह का डेविस कप में एक समृद्ध इतिहास रहा है, इसने पांच बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी की है। राजपाल ने कहा कि नीदरलैंड्स का बड़े मौकों पर अच्छा प्रदर्शन करने का ट्रैक रिकॉर्ड उन्हें एक खतरनाक प्रतिद्वंद्वी बनाता है, उन्होंने 2024 विश्व कप के फाइनल तक पहुंचने को उनके बड़े मैच के स्वभाव के सबूत के तौर पर बताया। राजपाल ने डच टीम के हालिया प्रदर्शन की समीक्षा करने के बाद कहा, जब आप दुनिया के टॉप 16 में जगह बनाने के लिए खेल रहे होते हैं, तो कोई आसान टीम नहीं होती। जो टीम फाइनल में पहुंचती है, उसे पता होता है कि दबाव को कैसे संभालना है। चुनौती को स्वीकार करते हुए भी, राजपाल ने टीम इंडिया की तैयारी और घरेलू परिस्थितियों से परिचित होने पर विश्वास व्यक्त किया, उन्होंने कहा कि बेंगलुरु की भीड़ निर्णायक भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा, घर पर खेलना, ऐसी परिस्थितियों में जिन्हें हम अच्छी तरह जानते हैं, और



हमारे पीछे भीड़ का समर्थन, बहुत बड़ा फर्क ला सकता है। एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम पहली बार 1970 में डेविस कप के इतिहास में शामिल हुआ, जब भारत ने पूर्वी ज़ोन फाइनल में शक्तिशाली ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया था। बाद में इस जगह ने 1985 में भारत-स्वीडन वर्ल्ड ग्रुप क्वार्टर फाइनल टाई की मेजबानी की, और फिर 2013 में इंडोनेशिया के खिलाफ एशिया-ओसनिया ग्रुप - मुकाबले के लिए डेविस कप कैलेंडर में वापसी की। 2014 में, इसने सर्बिया के खिलाफ वर्ल्ड ग्रुप प्लेऑफ मुकाबले की मेजबानी की। राजपाल ने याद किया कि भारत ने आखिरी बार 1990 के दशक के मध्य में नीदरलैंड्स को हराया था, लेकिन कहा कि मौजूदा टीम इंडिया टीम में विश्वास और गहराई है कि अगर वे अपने चरम पर प्रदर्शन करते हैं तो वे लंबे इंतजार को खत्म कर सकते हैं। अगर हम वैसे ही खेलते हैं जैसे हमने स्विट्जरलैंड में खेला था, जहां सभी ने सही समय पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था, तो हमारे पास बहुत अच्छा मौका है।

# अनवर हुसैन ने सबसे तेज गोल दागने का रिकॉर्ड बनाया



लेह (वार्ता)।

प्यूरिग वॉरियर्स के अनवर हुसैन ने लेह के नवांग दोरजे स्तोब्दान (एनडीएस) स्टेडियम में रॉयल एनफ़ील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 3 का सबसे तेज़ गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया। यह लीग यूटी प्रशासन, लद्दाख और आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ़ लद्दाख के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इससे पहले, तीसरे दिन स्तानज़िन फ़ुंट्सोगने मरयूल स्पावो के खिलाफ 9 सेकंड में गोल कर सीजन 2 के 15 सेकंड वाले रिकॉर्ड को तोड़ा था। छठे दिन अनवर हुसैन ने 4 सेकंड में गोल करके उस रिकॉर्ड को भी बेहतर कर दिया और टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। दिन के अन्य मुकाबलों में शाकर चिकतान रॉयल्स और ज़ांस्कर चादर टैमर्स ने जीत दर्ज की, जबकि हुमास वॉरियर्स ने दिन का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। दिन की शुरुआत शाकर चिकतान रॉयल्स ने यूनाइटेड नुब्रा पर 6ङ्क3 की दमदार जीत के साथ की। रॉयल्स की ओर से अल्ताफ हुसैन और आशिक हुसैन ने दो-दो गोल किए-इन्हीं दोनों ने मैच का पहला और आखिरी गोल भी दागा। तैयफ अली और विलायत अली ने भी सधे हुए टैप-इन जोड़कर रॉयल्स को छह गोल तक पहुँचाया। यूनाइटेड नुब्रा ने तीसरे पीरियड में पद्मा मिंग्युर के रिस्ट-फ्लिक और समापन टैप-इन के साथ, साथ ही रिगज़िन नोरबू के पहले गोल के जरिए अंतिम क्षणों में वापसी की कोशिश की, लेकिन यह प्रयास नतीजा बदलने के लिए पर्याप्त नहीं रहा। इसके बाद ज़ांस्कर चादर टैमर्स ने मरयूल स्पावो के खिलाफ 7ङ्क2 की एकतरफा जीत दर्ज की। जिग्माथ ने चार गोल करके आक्रमण की अगुवाई की, जिनमें मैच का पहला और आखिरी गोल भी शामिल रहा।

### यूपीसीए के चीफ पिच क्यूरेटर शिव कुमार का निधन

***कानपुर ( वार्ता )।*** *उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के चीफ पिच क्यूरेटर शिव कुमार का मंगलवार शाम हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। वह करीब 57 वर्ष के थे। यूपीसीए के पदाधिकारी अहमद अली तालिब ने बताया कि क्यूरेटर कुमार को आज शाम करीब चार बजे दिल का दौरा पड़ा जब वह ग्रीनपार्क मैदान पर पिच के निर्माण में व्यस्त थे। उन्हे पास के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हे हृदयरोग संस्थान (कार्डियोलॉजी) रेफर कर दिया मगर कॉर्डियोलाजी के गेट पर ही उनकी सांसे थम गयीं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को उनके गृह जिले बरेली में किया जायेगा। कुमार की पत्नी और बच्चे पुणे में है जिन्हे उनके निधन की सूचना दे दी गयी है।*

# भारत करेगा एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी

नयी दिल्ली (वार्ता)।

देश में ओलंपिक खेल शूटिंग की शासी संस्था, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने आज घोषणा की कि नई दिल्ली ने एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी का अधिकार हासिल कर लिया है। इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में लॉस एंजेलिस 2028 (एलए 28) ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर होंगे। इसकी पुष्टि एशियन शूटिंग कॉन्फेडरेशन (एएससी) के महासचिव, इंजीनियर दुआइज अलओतैबी द्वारा सोमवार को एनआरएआई अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव को भेजे गए पत्र के माध्यम से की गई। यह लगातार दूसरा अवसर होगा जब भारत



राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं की इस शीर्ष महाद्वीपीय चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा।

यह उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ (आईएसएसएफ), जो इस खेल की वैश्विक शीर्ष संस्था है, ने पहले ही अप्रैल 2027 में नई दिल्ली में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन के आयोजन का अधिकार भारत को दिया है, जिसमें कुल 12 एलए 28 कोटा स्थान उपलब्ध होंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एनआरएआई अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, यह हमारे भारतीय निशानेबाज़ों के लिए एलए 2028 की राह में एक बड़ा प्रोत्साहन होगा, क्योंकि अब उन्हें पूरे वर्ष में घरेलू लाभ के साथ दो ऐसे इवेंट्स मिलेंगे, जहां वे कोटा स्थान जीत सकते हैं। राइफल और पिस्टल निशानेबाज़ों के लिए यह और भी उत्साहजनक है। एनआरएआई की ओर से, मैं एएससी के महासचिव इंजीनियर अलओतैबी और उनकी टीम का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने विश्वस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिताओं की मेजबानी की भारत की क्षमता पर निरंतर भरोसा जताया है। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा, यह सफलता एनआरएआई की पूरी टीम द्वारा किए गए अथक प्रयासों का परिणाम है और मैं सबसे पहले इस बड़ी उपलब्धि के लिए सभी को बधाई देता हूं। इसके अलावा, भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल मंत्रालय और भारत सरकार के विभिन्न विभागों व एजेंसियों द्वारा हमें मिला जबरदस्त सहयोग, भारत को विश्वस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिताओं के लिए सबसे पसंदीदा स्थलों में से एक के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

## भारत-अमेरिका समझौते से निर्यात को मिलेगा प्रोत्साहन : उद्योग संगठन

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** उद्योग संगठनों ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की सराहना करते हुए कहा है कि इससे अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पाद ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनेंगे और भारतीय निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सोमवार रात हुई टेलीफोन वार्ता के बाद श्री ट्रंप ने कहा कि भारत रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करेगा और अमेरिका से आयात बढ़ायेगा। उन्होंने कहा कि बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर जवाबी आयात



शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर तत्काल प्रभाव से 18 प्रतिशत करेगा। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने इस समझौते को भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक आर्थिक साझेदारी में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने बताया कि यह कदम भारतीय उत्पादों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ायेगा और विनिर्माण वृद्धि, रोजगार सृजन तथा मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं के विकास को गति देगा। उन्होंने कहा कि भारतङ्कअमेरिका व्यापार समझौता तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में व्यापार, प्रौद्योगिकी और निवेश संबंधों को प्रगाढ़ करने की दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस सकारात्मक विकास को उद्योगों के लिए ठोस परिणामों और सतत आर्थिक विकास में बदला जायेगा।

# मौद्रिक नीति पर रिजर्व बैंक की बैठक आज से

### स्थिर रख सकता है रेपो दर

मुंबई (वार्ता)।

रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार से शुरू हो रही है। बैठक में रेपो दर को यथावत रखने की उम्मीद है। रेपो दर वह दर होती है जिस पर केंद्रीय बैंक, वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है। इसमें कटौती बैंक ऋण सस्ता होता है और साथ ही बैंक जमा पर मिलने वाले ब्याज में भी कमी करते हैं।

तीन दिन तक चलने वाली बैठक के बाद 06 फरवरी को समिति के फैसले की घोषणा की जायेगी। दिसंबर में हुई पिछली बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की गयी थी। केंद्रीय



बैंक ने पिछले साल चार बार में रेपो दर में 1.25 प्रतिशत की कटौती थी। फरवरी 2025 में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत, अप्रैल में 0.25 प्रतिशत और जून में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी। अगस्त और अक्टूबर में रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया गया जबकि दिसंबर में रेपो दर 0.25 प्रतिशत घटायी गयी थी। आगे और कटौती करने से पहले केंद्रीय बैंक इंतजार करने की नीति अपना सकता है। दिसंबर की बैठक के बाद रिजर्व बैंक ने अपने रुख को तटस्थ बनाये रखा था। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा था कि जनवरी-मार्च तिमाही में मुद्रास्फीति बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए एमपीसी मुद्रास्फीति के जनवरी और फरवरी के आंकड़ों का पहले दरों को यथावत रखने का फैसला कर सकता है।

पिछली बैठक के बाद से दो महीने में भू-राजनैतिक परिस्थितियों में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। इस बीच दो बड़े समझौतों की घोषणा जरूर हुई है। जनवरी के अंत में यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार संधि पर वार्ता सफलतापूर्वक समाप्त होने की घोषणा की गयी और उसके बाद सोमवार देर रात अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर सहमति बन जाने की घोषणा की गयी। दोनों मामलों में समझौतों की शर्तों और विस्तृत विवरण सामने आने में समय लगेगा।

यह देखते हुए कि अब उद्योगों पर पहले की तरह दबाव नहीं है और सरकार राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है केंद्रीय बैंक के रेपो दर स्थिर रखने की संभावना है। पिछले दो महीने में केंद्रीय बैंक ने सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के जरिये बैंकिंग तंत्र में चार लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध कराई है। इससे भी रेपो दर कम करने का दबाव कम हुआ है।

## अडानी पोर्ट्स को तीसरी तिमाही में 3,043 करोड़ रुपये का मुनाफा

**अहमदाबाद (वार्ता)।** अडानी समूह की मुख्य कंपनी अडानी पोर्ट्स को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2025) में समेकित आधार पर 3,043 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। कंपनी के निदेशक मंडल की मंगलवार को हुई बैठक में वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की गयी। इसमें बताया गया है कि तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 3,043 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस दौरान उसका राजस्व 22 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 9,705 करोड़ रुपये पर रहा। कंपनी ने बताया कि घरेलू बंदरगाह कारोबार से उसे 6,701 करोड़



रुपये और अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह कारोबार से 1,067 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इनमें क्रमशः 15 प्रतशत और 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लॉजिस्टिक्स कारोबार से प्राप्त राजस्व 62 फीसदी बढ़कर 1,121 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। घरेलू बंदरगाह कारोबार में रिकॉर्ड 4,877 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ दर्ज किया गया है। देश के कंटेनर बाजार में कंपनी की हिस्सेदारी बढ़कर 45.8 फीसदी रही। अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह कारोबार का राजस्व पहली बार 1,000 करोड़ रुपये के पार पहुंचा है। कंपनी ने 31 मार्च 2026 को समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में 38,000 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य तय किया है। साथ ही परिचालन लाभ 22,800 करोड़ रुपये रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

# चावल, चीनी, दालें महंगी, तेलों में घटबढ़

नयी दिल्ली (वार्ता)।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये। चावल के साथ दालें और चीनी भी महंगी हुई जबकि गेहूं के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर रहे। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं 2,859 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा भी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मसूर दाल 21 रुपये और उड़द दाल 10 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल सात रुपये और चना दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 16 रिंगिट टूटकर 4,213 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 2.48 प्रतिशत की तेजी में 54.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल



मजबूत हुआ। पाम ऑयल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 18 रुपये बढ़े। मूंगफली तेल में 16 रुपये और वनस्पति में 13 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सरसों तेल 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल चढ़े। चीनी की कीमत भी सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। दाल चना 7808.23 रुपये, मसूर काली 8128.18 रुपये, मूंग दाल 10128.18 रुपये, उड़द दाल 10563.94 रुपये, तुअर दाल 10922.82 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.30 रुपये और चावल 3850.71 रुपये प्रति क्विंटल।

### व्यापार समझौते की घोषणा से रुपये में जबरदस्त उछाल

**मुंबई (वार्ता)।** अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद मंगलवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 117.50 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.32 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर 91.4950 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाली भारतीय मुद्रा आज 119.50 रुपये की मजबूती के साथ 90.30 रुपये प्रति डॉलर पर खुली। इसमें काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। बीच कारोबार में यह ऊपर 90.05 रुपये और नीचे 90.52 रुपये प्रति डॉलर तक गयी।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में कृषि समेत संवेदनशील क्षेत्रों के हितों को संरक्षणः गोयल

नयी दिल्ली (वार्ता)।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की हितों की रक्षा की गयी है और समझौते पर जल्द ही दोनों पक्ष साझा बयान जारी करेंगे। श्री गोयल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दोनों देशों के अधिकारी समझौते के तकनीकी विवरण तय कर रहे हैं और जल्दी ही इस पर एक साझा बयान जारी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते से देश के हर क्षेत्र को अमेरिकी बाजार में अवसर मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसमें कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों का संरक्षण किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच सोमवार देर रात टेलीफोन वार्ता के बाद दोनों देशों में व्यापार वार्ता पर सहमति बनी।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की घोषणा से शेयर बाजारों में जबरदस्त उछाल

मुंबई (वार्ता)।

अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की घोषणा से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त उछाल देखा गया और प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,072.67 अंक (2.54 प्रतिशत) चढ़कर 12 जनवरी के बाद के उच्चतम स्तर 83,739.13 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक सुबह 3,656.74 अंक की तेजी में 85,323.20 अंक पर खुला और कुछ ही देर में 4,205 अंक चढ़कर 85,871.73 अंक पर पहुंच गया। बाद में इसकी तेजी कुछ कम हुई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 639.15 अंक यानी 2.55 प्रतिशत चढ़कर 25,727.55 अंक पर बंद हुआ जो 13 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। सुबह के समय यह ऊपर 26,341.20 अंक तक चढ़ा था। चौतरफा लिवाली के बीच सभी




सूचकांकों में अच्छी मजबूती देखी गयी। मझौली कंपनियों वाले निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 2.80 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 2.82 प्रतिशत की तेजी रही।

रुपये में रहे उछाल से भी शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई। भारतीय मुद्रा फिलहाल 123.50 पैसे चढ़कर 90.26 रुपये प्रति डॉलर पर है। ऑटो, फार्मा, बैंकिंग, वित्त, रियलटी, स्वास्थ्य और रसायन समेत सभी सेक्टरों के सूचकांकों में बड़ी तेजी देखी गयी। एनएसई में कुल 3,318 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,693 के शेयर हरे निशान में और 533 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 92 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। भारत-अमेरिका समझौते के साथ अच्छे तिमाही परिणाम आने से अडानी पोर्ट्स का शेयर 9.12 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 6.68, इंडिगो का 5.51, पावरग्रिड का 4.85, सनफार्मा का 4.54 और बजाज फिनसर्व का 4.29 प्रतिशत चढ़ गया। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 3.48 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 3.43, एलएंडटी का 2.95, एक्सिस बैंक का 2.86, टाइटन का 2.80, ट्रेंट का 2.78, आईसीआईसीआई बैंक का 2.77, मारुति सुजुकी का 2.73, इटरनल का 2.55, एनटीपीसी का 2.33, टाटा स्टील का 2.31 और एचडीएफसी बैंक का 2.28 प्रतिशत मजबूत हुआ।

महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.87 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 1.83, टीसीएस 1.72, भारती एयरटेल 1.61, इंफोसिस 1.59, एचसीएल टेक्नोलॉजीज 1.05 और एशियन पेंट्स 1.04 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा में 0.47 प्रतिशत और बीईएल में 0.02 प्रतिशत की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 3.92 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.29 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.22 प्रतिशत ऊपर रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.23 फीसदी चढ़ा जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.45 प्रतिशत नीचे था।

# विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की निर्णायक भूमिका : सारंग

## सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ने किया युवाओं से संवाद

भोपाल (स्वतंत्र मत)

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को एक निजी यूनिवर्सिटी में आयोजित युवा संवाद-बजट 2026 कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होकर युवाओं से संवाद किया। मंत्री श्री सारंग ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं केंद्रीय बजट वर्ष 2026-27 के प्रमुख प्रावधानों, सरकार की दूरदृष्टि और विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि यह बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं बल्कि देश के उज्ज्वल भविष्य की सशक्त आधारशिला है। इसमें सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। यह बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर केंद्रित है जो युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला, किसानों के आत्मविश्वास को मजबूत करने वाला, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाला तथा मध्यम और गरीब वर्ग को सशक्त करने वाला है। संवाद कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, जिला अध्यक्ष रविंद्र यति, जेएलयू के वॉइस चांसलर डॉ. विवेक खरे सहित बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही।



### युवाओं के लिए अवसर सृजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवाओं के लिए नए अवसरों का सृजन सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। बजट 2026 में विशेष रूप से युवाओं की सहभागिता और नेतृत्व को केंद्रित किया गया है। स्किल इंडिया, डिजिटल स्किल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों में युवाओं को दक्ष बनाकर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है।

### महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाला बजट

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं बल्कि भारत की ग्रोथ इंजन हैं। यही कारण है कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण को केवल नारों तक सीमित नहीं रखा बल्कि उसे नीति और नीयत दोनों का हिस्सा बनाया। यह बजट इसी स्पष्ट नीयत का प्रमाण है, जहां हर योजना, हर निवेश और हर सुधार के केंद्र में महिला की गरिमा, सुरक्षा, स्वावलंबन और नेतृत्व क्षमता को रखा गया है। इस बजट में महिला सशक्तिकरण के लिए, जो रोडमैप प्रस्तुत किया गया है। वह सामाजिक न्याय से आगे बढ़कर आर्थिक भागीदारी, तकनीकी नेतृत्व और वैश्विक प्रतिस्पर्धा तक महिलाओं की भूमिका को विस्तार देता है।

### हर वर्ग के सपनों को साकार करने वाला बजट

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना और हर वर्ग के सपनों को साकार करने वाला बजट है। यह बजट न केवल अर्थव्यवस्था को गति देने पर केंद्रित है बल्कि गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण के लिए भी केंद्रित है। केंद्र सरकार द्वारा इस लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए एक प्रगतिशील, दूरगामी और प्रभावकारी बजट प्रस्तुत किया गया है। मंत्री श्री सारंग ने युवाओं से आह्वान किया कि इस बजट को एक सशक्त भारत, समृद्ध भारत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के एक अवसर के रूप में स्वीकार करें। उन्होंने कहा कि आइए हम सब मिलकर इस बजट की भावना को जन-जन तक पहुंचाएं और राष्ट्र निर्माण के इस महायज्ञ में अपनी भूमिका पूरी निष्ठा से निभाएं।

# नवकरणीय ऊर्जा में आदर्श राज्य बनेगा मध्यप्रदेश: डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री को सौंपा गया 4 करोड़ 39 लाख रुपए लाभांश का चेक

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम को लाभ की स्थिति में आने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कुसुम योजनाओं में किसानों द्वारा ली जा रही रूचि प्रदेश को नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने 4 करोड़ 39 लाख रुपए लाभांश का चैक भेंट किया। मंत्री श्री शुक्ला ने अनौपचारिक चर्चा में बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की नीतियों के परिणाम स्वरूप म.प्र. ऊर्जा विकास निगम पिछले 2 वर्षों में लाभ की स्थिति में आ गया है। वर्ष 1982 में निगम की स्थापना के बाद यह पहला अवसर है, जब निगम को लाभ हुआ है। मंत्री



श्री शुक्ला ने बताया कि कुसुम योजनाओं में किसानों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लेने के परिणाम स्वरूप 3 वर्षों में निगम को 41 करोड़ आय हुई है, निगम के लाभ में शासन का अंश 20 प्रतिशत का है, जिसमें से 10 प्रतिशत अर्थात 4.39 करोड़ रुपए का चैक अभी सौंपि जा रहे हैं। शेष 10 प्रतिशत राशि कुछ समय बाद सौंपी जाएगी।

# प्रयास ने किया पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** पर्यावरण संस्था प्रयास ने स्थानीय शासकीय सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पूर्व प्राचार्य पारस कुमार के मुख्य आतिथ्य और शाला प्राचार्य श्रीमती सुलक्षणा हजारी की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें प्रयास के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, एमएल जैन, बहादुर सिंह ठाकुर और डॉ. एलसी जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रायोजक सेवानिवृत्त शिक्षक एमके खरे थे। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पारस जैन ने प्रश्नों के माध्यम से 20 विद्यार्थियों का चयन प्रतियोगिता हेतु किया। तत्पश्चात् डॉ.एलसी जैन ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से संबंधित एक रोचक कहानी



बच्चों को सुनाई। एमके खरे ने सुनाई गई कहानी के आधार पर बच्चों से पूछे। प्रतियोगिता में बच्चों को आकर्षक पुरस्कार दिए गये। उपरोक्त अवसर पर प्रदीप अग्रवाल ने अपने मधुर कंठ से गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती हजारी ने कार्यक्रम को रोचक, मनोरंजक और ज्ञानवर्धक बताया। एमएल जैन और बहादुर सिंह ठाकुर सक्रिय भूमिका में देखे गये।

# 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में कर्तव्य पथ पर एकलव्य विश्वविद्यालय की गौरवपूर्ण सहभागिता

दमोह (स्वतंत्र मत)

26 जनवरी को भारत के 77वें गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित राष्ट्रीय परेड में एकलव्य विश्वविद्यालय ने गर्व के साथ सहभागिता की। यह क्षण विश्वविद्यालय, उसके छात्र-छात्राओं तथा समस्त शैक्षणिक समुदाय के लिए अत्यंत गौरव और सम्मान का प्रतीक रहा। इस राष्ट्रीय समारोह में एकलव्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा, अनुशासन और समर्पण से देशभर का ध्यान आकर्षित किया। एकलव्य विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रो. कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया एवं श्रीमती रति मलैया के साथ-साथ कुलपति प्रो. डॉ. पवन कुमार जैन तथा कुलसचिव प्रो. डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणा में विश्वविद्यालय के छात्र-



छात्राओं ने इस प्रतिष्ठित आयोजन में भाग लिया। विश्वविद्यालय प्रशासन के निरंतर सहयोग और नेतृत्व ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का सुअवसर प्रदान किया। इस समारोह में एकलव्य विश्वविद्यालय के ओडिसी विभाग के सहायक प्राध्यापक तपन कुमार साहू की भूमिका रही। उन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों शिवम विश्वकर्मा, सतेन्द्र यादव, अर्थ तारण, अभिनंदन जैन एवं सरिता साहिल सहित अन्य कलाकारों के नृत्य संयोजक एवं टीम लीडर के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व निभाया। उनके कुशल निर्देशन और अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप छात्रों ने पारंपरिक घोड़ा नृत्य की भव्य प्रस्तुति दी, जो समारोह का प्रमुख आकर्षण बनकर उभरी। ओडिसी नृत्य एवं घोड़ा नृत्य की सशक्त प्रस्तुति ने भारतीय लोककला और सांस्कृतिक विरासत की समृद्ध परंपरा को दर्शाया। ओडिसी शैली में प्रस्तुत इस नृत्य ने न केवल दर्शकों का मन मोह लिया, बल्कि भारत की विविध सांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त रूप से उजागर किया। एकलव्य विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं की नृत्य प्रस्तुति ने समारोह की गरिमा को और अधिक बढ़ाया तथा राष्ट्रीय मंच पर विश्वविद्यालय की सृजनात्मक प्रतिभा को स्थापित किया। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह की मुख्य थीम स्वतंत्रता का मंत्र वंदे मातरम, समृद्धि का मंत्र दृ आत्मनिर्भर भारत रही। एकलव्य विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने इस थीम को पूर्ण रूप से चरितार्थ किया और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ भारतीय परंपरा, कला और संस्कृति का सशक्त संदेश दिया।

# क्यूएस इंडिया समिट-2026 में मध्यप्रदेश की वैश्विक उड़ान

## उच्च शिक्षा के ग्लोबल हब की ओर बढ़ा प्रदेश

भोपाल (स्वतंत्र मत)

गोवा में आयोजित क्यूएस इंडिया समिट-2026 में मध्यप्रदेश ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को मजबूती से रखा। अपर मुख्य सचिव (एसीएस), उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने इस समिट न्यूजीलैंड की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ कैंटरबरी के डेलीगेट्स से वन-टू-वन संवाद कर शोध, नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक सहयोग पर सार्थक चर्चा की। एसीएस श्री राजन ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में मध्यप्रदेश को उच्च शिक्षा का



वैश्विक केंद्र बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी, संयुक्त अनुसंधान और शैक्षणिक आदान-प्रदान बेहद आवश्यक हैं। समिट में सस्टेनेबिलिटी, रिसर्च-ओरिएंटेड लर्निंग और नवोन्मेषी शिक्षण पद्धतियों पर विशेष जोर दिया गया। वर्ष 1873 में स्थापित यूनिवर्सिटी ऑफ कैंटरबरी न्यूजीलैंड की अग्रणी रिसर्च यूनिवर्सिटी है। यह विश्व की शीर्ष 300 यूनिवर्सिटियों में शामिल है। कला, वाणिज्य, कानून, इंजीनियरिंग और विज्ञान जैसे विषयों में इसकी वैश्विक पहचान है। तीन दिवसीय क्यूएस इंडिया समिट-2026 में एसीएस श्री राजन की सक्रिय सहभागिता से मध्यप्रदेश ने फरिन यूनिवर्सिटीस के साथ सहयोग, संयुक्त अनुसंधान और क्षमता निर्माण को लेकर अपनी ठोस रणनीति प्रस्तुत की। यह पहल प्रदेश को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ग्लोबल हब के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। समिट में आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. सुनील सिंह, राकेश श्रीवास्तव, मनोज अग्निहोत्री सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# संस्कृति, आस्था और विकास का संगम बनेगा नोहलेश्वर महोत्सव : राज्यमंत्री लोधी

दमोह (स्वतंत्र मत)

नोहटा स्थित ऐतिहासिक नोहलेश्वर मंदिर परिसर में 5 फरवरी से 15 फरवरी तक 10 दिवसीय नोहलेश्वर महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के साथ-साथ 10 दिवसीय मेले का भी आयोजन होगा। दोनों आयोजनों को संयुक्त रूप से आयोजित करने के लिए व्यापक स्तर पर रचना.योजना तैयार की गई है। उद्देश्य यह है कि नोहटा का यह कलचुरी कालीन मंदिर प्रदेश और देश में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाए और नोहलेश्वर महोत्सव एक प्रदेश स्तरीय आयोजन के रूप में स्थापित हो। इस आशय की बात संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कही। राज्यमंत्री ने कहा इस महोत्सव में देश प्रदेश के नामीगिरामी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे जिनमें अभिलिप्सा पांडा, पुनीत



इस्सर एवं ग्रुप कैलाश खेर सहित अन्य प्रमुख कलाकार शामिल हैं। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों को भी बड़ा मंच दिया जाएगा जहां 10 दिनों में लगभग 150 स्थानीय प्रस्तुतियां होंगी। उन्होंने बताया इस आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 12 फरवरी को संभावित आगमन प्रस्तावित है जिससे यह आयोजन और भी भव्य और दिव्य स्वरूप लेगा। उन्होंने कहा महोत्सव के दौरान किसान सम्मेलन, महिला सम्मेलन, रोजगार मेला, कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम समितियों का सम्मेलन तथा समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा 6 और 7 फरवरी को दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा जिसमें भोपाल से 150 से अधिक डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम सेवाएं देगी। राज्यमंत्री ने कहा बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष किड्स जोन बनाया जा रहा है। मेले में मौत का कुआं, स्पंजिंग जंपिंग, हॉट एयर बैलून, आर्चरी एवं अन्य एडवेंचर स्पोर्ट्स भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में आयोजित समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस आयोजित बैठक में भाव सिंह, रूपेश सेन, सत्येंद्र सिंह, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीएम सौरभ गंधर्व, जिला एवं जनपद पंचायत व पुलिस प्रशासन के अधिकारी और मेला से जुड़े हुए समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

# सीखने का जीवंत मंच बना बाल शोध मेला

**हटा (स्वतंत्र मत)।** शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक शाला नावघाट हटा में आयोजित बाल शोध मेला विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और आत्मविश्वास का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। मेले का आयोजन उत्साह और शैक्षणिक नवाचार के साथ किया गया जिसका शुभारंभ बीआरसी हटा श्री एमएल अहिरवार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विज्ञान, पर्यावरण, सामाजिक जीवन एवं तकनीकी विषयों पर आधारित आकर्षक मॉडल और चार्ट प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों द्वारा पॉल्यूशन, वाटर सप्लाई, ज्वालामुखी, लाइट सर्किट, पेरिस्कोप, पवन चक्की, कैलिडोस्कोप, भारतीय किसान/फसलें, खेत, कच्चे पक्के मकान, स्वयं निर्मित नक्शों जैसे विषयों पर बनाए गए मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। मेले में पहुंचे गणमान्य नागरिकों, अतिथियों और



अभिभावकों ने बच्चों से उनके मॉडलों के संबंध में प्रश्न पूछे जिनका विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ उत्तर दिया। यह मेले की सबसे बड़ी विशेषता रही कि बच्चों की प्रस्तुति से अतिथियों को भी नई जानकारियां सीखने को मिलीं। बाल शोध मेला केवल प्रदर्शनी नहीं बल्कि सीखने-सिखाने का साझा मंच बन गया। कार्यक्रम की सफलता में बीआरसी हटा एमएल अहिरवार, सुनील पाठक, आशीष जैन एवं योगेश सोनी की मार्गदर्शक भूमिका रही।

# अंतर्विभागीय समन्वय से फाईलेरिया को जड़ से खत्म करें : शुक्ल

## 10 फरवरी से 8 ज़िलों के 12 ब्लॉक में संचालित होगा एमडीए अभियान

भोपाल (स्वतंत्र मत)

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति और कार्ययोजना की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्टेट टास्क फोर्स की बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभाग अंतर्विभागीय समन्वय और जागरूकता से फायलेरिया को जड़ से खत्म करने हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन करें। अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल कर आमजन को दवाओं के सेवन के प्रति जागरूक करने में सहयोग लें। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न विभाग मैदानी अमलों से 10 फरवरी से प्रारंभ हो रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) जमीनी कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करें साथ ही अभियान में आम जन की सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, जनसंपर्क, वन, नगरीय निकाय, महिला एवं बाल विकास और आवास सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्टेट टास्क फोर्स की बैठक में वर्तमान में प्रदेश में लिम्फेटिक फायलेरियासिस बीमारी की स्थिति, मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ए) चक्र-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक्शन प्लान और फायलेरिया उन्मूलन गतिविधियों के संचालन हेतु अन्य विभागों से अपेक्षायें एवं सहयोग के विषयों की वृहद् समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर से प्रयास करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि एमडीए अभियान में वितरित दवाओं का अवश्य सेवन करें। फायलेरिया के उन्मूलन में



सहयोग करें। मिशन संचालक एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि एमडीए 2026 में मध्यप्रदेश के 8 जिलों छतरपुर, पन्ना, उमरिया, मऊगंज, टीकमगढ़, निवाड़ी, शहडोल और भिंड के 12 ब्लॉक में एम.डी.ए अभियान का संचालन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एमडीए 2025 में मध्य प्रदेश के 9 जिलों के 23 ब्लॉक में एमडीए का क्रियान्वयन किया गया था। प्रदेश में 10 फरवरी से 8 जिलों के 12 चिन्हित विकासखण्डों में प्रशिक्षित दवा सेवकों के माध्यम से बूथ डे एवं घर-घर भ्रमण के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन समस्त पात्र हितग्राहियों को कराया जाएगा। एमडीए के सघन और सफल क्रियान्वयन करने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 दिन का माइक्रोप्लान तैयार किया गया है। इसके तहत 4 दिन बूथ स्तर पर, 7 दिन घर-घर अभियान और 4 दिन में शेष रह गई जनता के लिए मॉप-अप गतिविधि की जायेगी। शत-प्रतिशत दवा सेवन के लिए उच्च/वर्तमान संचरण क्षेत्रों में आमजन को जागरूक और प्रेरित किया जाएगा। विभिन्न विभागों से ज़मीनी सहयोग प्राप्त करने के लिए विभागवार अपेक्षाओं को कार्ययोजना में शामिल किया गया है। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त धनराजू एस, मिशन संचालक एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। फायलेरिया संक्रमित मच्छर (क्यूलेक्स) के द्वारा फैलने वाली बीमारी है। यह बीमारी एक धागे के समान कृमि वुचेरेरिया बेनक्रफ्टाई से होती है। प्रदेश में फायलेरिया बीमारी संक्रमण हेतु क्यूलेक्स क्वींकीफेसियेटस प्रमुख वाहक मच्छर है। यह मच्छर सामान्यतः गंदे एवं रुके हुए पानी में प्रजनन करता है। फायलेरिया बीमारी के प्रमुख लक्षण प्रारंभिक अवस्था में लगातार बुखार, प्रभावित अंगों में दर्द एवं सूजन है, जो कि धीरे-धीरे हाथी पांव के समान हो जाता है। संक्रमण के 8 से 10 वर्षों के बाद भी उपरोक्त लक्षण प्रकट हो सकते है। राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन हेतु मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, मॉर्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रिवेंशन गतिविधियाँ की जा रही हैं। एमडीए में प्रत्येक वर्ष में 1 बार 2 साल से अधिक उम्र (2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर) के जनसमुदाय को निर्धारित मात्रा में डी.ई.सी (डाय इथाईल कार्बामैज़ीन) एवं एल्बेण्डाजोल दवा का सेवन कराया जाता है।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 3/2/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शिखा अग्रवाल पति स्व. श्री अमित अग्रवाल, आरूश अग्रवाल पिता श्री अमित अग्रवाल, सुश्री आक्षिता अग्रवाल पुत्री अमित अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक 03 राजुल बिहार सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000383648 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा जिस पर निर्मित भूतल 900 व.फु. प्रथम मतल 1000 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री अमित अग्रवाल पिता स्व. ए.के.अग्रवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

# ब्रिज से कार और बाइक पर जा गिरा हाइवा, 2 लोगों की मौत

## शहपुरा क्षेत्र का मामला, 5 लोग हुए घायल



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मंगलवार को जबलपुर-भोपाल नेशनल हाईवे 45 से गुजर रहा हाईवा ओवरब्रिज से नीचे उतरकर सर्विस रोड पर चल रही कार पर जा गिरा। वहीं से गुजर रही एक बाइक भी हाइवा के नीचे आ गई। हादसे में हाइवा ड्राइवर और बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। कार सवार 5 लोग घायल हैं। इस हादसे की सूचना मिलते ही शहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। जिन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर कार में फंसे लोगों को बाहर निकालते हुए एम्बुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया।

***शादी में रीवा जा रहा थे भोपाल निवासी***- इस मामले में शहपुरा टीआई प्रवीण धुर्वे ने बताया कि भोपाल का शुक्ला परिवार शादी समारोह में शामिल होने रीवा जा रहा था। इसी बीच जब वे शहपुरा क्षेत्र से गुजर रहे थे। तभी उपर बने ब्रिज के से एक हाइवा अनियंत्रित होकर निचे खड़ी उनकी कार के ऊपर जा गिरा। घटना के वक्त कार में एक महिला सहित कुल 5 लोग सवार थे। इस हादसे में हाइवा चालक 31 वर्षीय अंकित मलिक, पिता मेहर सिंह मलिक निवासी रोहतक, हरियाणा और बाइक चालक 64 वर्षीय बलराम अवस्थी, पिता फकीरचंद अवस्थी निवासी नटवारा की मौत हो गई। जबकि अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए। बहरहाल शहपुरा थाने की पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स योगासन चैंपियनशिप में शहर के खिलाड़ियों का दबदबा

## उज्जैन में आयोजित हुई प्रतियोगिता

## ओवर ऑल चैंपियन बना जबलपुर संभाग



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

उज्जैन में आयोजित हुई खेलो एमपी यूथ गेम्स योगासन स्पोर्ट्स चैंपियन शिप 2026में कोच द्वय देवेंद्र मिश्रा ,अदिति श्रीवास्तव तथा मैनेजर सोमनाथ पांडे के नेतृत्व शिवम गुप्ता के मार्गदर्शन में गर्ल्स एवं बॉयस दोनों वर्गों में चैंपियन शिप अर्जित की उक्त प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग ने गोल्ड, सिल्वर, ब्रोंज मैडल अर्जित कर ओवर ऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया ।

***ऐसे रहे परिणाम***- प्रतियोगिताओं में ट्रेडिशनल इवेंट जबलपुर से बालक वर्ग में स्लिवर मेडल आर्को नशकर, बालिका वर्ग में गोल्ड मेडल मैथिली, फॉरवर्डबैंड इवेंट में ब्रोंज मेडल शिवा, ट्विस्टिंग बॉडी बालक वर्ग में समर्थ कोचर, लेग बैलेंस बालिका वर्ग में गोल्ड मेडल गौरवी शुक्ला, बालक वर्ग में शिवा पटेल, हैंड बैलेंस इवेंट बालक वर्ग में मैथिली बालक, वर्ग में आर्को नशकर स्पाइन इवेंट बालिका वर्ग में दिव्या बालक वर्ग में सिल्वर मेडल उत्सव आर्टिस्टिक, सिंगल बालिका वर्ग में गौरवी शुक्ला, आर्टिस्टिक पेयर बालक वर्ग इवेंट में प्रीत एवं प्रणय बालिका वर्ग में सिल्वर मेडल अविका और दीपा, रिदमिक पेयर इवेंट में गोल्ड मेडल अविका एंड दीपा और बालक वर्ग में गोल्ड मेडल उत्सव और प्रणय ने अर्जित किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जबलपुर संभाग के उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे मप्र योगासन स्पोर्ट्स एसोशिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, जबलपुर डिस्ट्रिक एसोशिएशन के अध्यक्ष राकेश नेमा, महासचिव एवं खेल अधिकारी हितकारिणी महिला महाविद्यालय दिनेश सिंह ठाकुर, सह सचिव सचिन तिवारी, विवेक पाठक आदि ने सभी को बधाइंया प्रेषित की है।

# कलेक्ट्रेट के सामने से अधिवक्ता का मोबाइल छीनकर भागा बदमाश

## ओमती थाना क्षेत्र का मामला, सामने आई आरोपी की तस्वीर





जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्ट्रेट परिसर के भीतर एक वकील के साथ मोबाइल लूट की वारदात सामने आई है। बदमाश वकील का मोबाइल छीनकर मौके से फरार हो गया। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें लुटेरे की तस्वीर साफ नजर आ रही है। इस मामले में 51 वर्षीय वकील अमित शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि 3 फरवरी को दोपहर करीब डेढ़ बजे कलेक्ट्रेट के गेट नंबर एक के सामने अपने अधिवक्ता मित्र से बातचीत कर रहा था। उसी समय एक मोटरसाइकिल चालक उनके हाथ से मोबाइल छीन कर तेजी से घंटाघर की तरफ भागा। एक राहगीर की मोटरसाइकिल से मैने उसका पीछा किया लेकिन वो पकड़ में नहीं आया।

### *सुरक्षा को लेकर उठाए सवाल*

घटना को लेकर कलेक्ट्रेट बार सचिव ने कहा कि ये घटना कलेक्ट्रेट गेट नंबर 1 के सामने हुई है। यहां से तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर सब आते हैं। ऐसी जगह पर अधिवक्ता सुरक्षित नहीं है तो कौन सुरक्षित होगा। अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। पास में ही हाईकोर्ट है। कई बड़े सरकारी दफ्तर हैं। हाई सिक्योरिटी वाला इलाका है। ऐसे में यहां इस तरह की घटना पुलिस प्रशासन की सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं। इधर मामले की जानकारी मिलते ही ओमती थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## लोडेड पिस्टल खोंसे पकड़ा गया बदमाश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल थाना प्रभारी सुभाषचंद बघेल ने बताया कि क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि कलारी दुकान के पास रहने वाला रोहित चौधरी अपने कमर में देशी पिस्टल खोसे हुये बाबाटोला में सुरेश जाटव के मकान के पास खड़ा है। सूचना पर क्राइम ब्रांच एवं थाना हनुमानताल की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई। जहां पर बाबाटोला में सुरेश जाटव के मकान के आंगन के पास मुखबिर के बताये हुलिये का युवक खड़ा दिखा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर अपना रोहित चौधरी पिता अच्छेलाल चौधरी उम्र 23 वर्ष निवासी सिंधी केम्प कलारी के पास हनुमानताल बताया। तलाशी लेने पर कमर में एक देशी पिस्टल खोसे मिला।



## जेल से छूटते ही मांगी रंगदारी, ना मिलने पर चलाई गोली

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर में अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते नजर आ रहे हैं। जेल से रिहा होने के बाद भी बदमाश बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे आम नागरिकों में दहशत का माहौल है। ताजा मामला गढ़ा थाना क्षेत्र का है, जहां कुख्यात बदमाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर रंगदारी न मिलने पर फायरिंग की और मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक गढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत छुई खदान में कुख्यात बदमाश शिब्बू खान अपने चार अन्य साथियों के साथ बेदी नगर स्थित छुई खदान पहुंचा और वहां रहने वाले लालू पटेल से हफ्ता वसूली के लिए रुपयों की मांग करने लगा। जब लालू पटेल ने पैसे देने से इनकार किया, तो बदमाश शिब्बू खान ने अपने पास रखी पिस्टल से गोली चला दी। बताया जा रहा है कि गोली चलने के बाद लालू पटेल ने किसी तरह जान बचाने के लिए मौके से भागकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद आरोपी और उसके साथी मौके से फरार हो गए। फायरिंग की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई।

***जमानत पर हुआ था रिहा***- पीड़ित लालू पटेल ने पुलिस को बताया कि शिब्बू खान क्षेत्र का कुख्यात बदमाश है और कुछ दिन पहले ही दिनेश झारिया हत्याकांड के मामले में जमानत पर जेल से बाहर आया है। जेल से छूटते ही उसने दोबारा आपराधिक गतिविधियां शुरू कर दीं और क्षेत्र में दहशत फैलाने की कोशिश की। घटना की सूचना मिलते ही गढ़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में फायरिंग की पूरी घटना कैद हुई है। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनकी तलाश के लिए दबिश दी जा रही है।

# सड़क का खराब निर्माण देख भड़के निगमायुक्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार द्वारा मंगलवार को छोटी लाइन फाटक, गोरखपुर के साथ सुहागी स्थित डॉ. अब्दुल कलाम आजाद वार्ड का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड की स्वच्छता व्यवस्था, जल निकासी और जनसुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। जहां पर पाया कि निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप सड़क के निर्माण कार्य नहीं कराए गये हैं, जिसपर निगमायुक्त श्री अहिरवार ने सहायक यंत्री राजनारायण सराफ और उपयंत्री एन कोंडलू को एक-एक वेतनवृद्धि रोकने नोटिस जारी किया है वहीं ठेकेदार मानस कंस्ट्रक्शन को 20 प्रतिशत की पेनाल्टी लगाई है। निगमायुक्त ने मौके पर पहुंचकर हाजिरी की जांच कर सबसे पहले सफाई संरक्षकों की उपस्थिति पंजी का मिलान किया गया ताकि क्षेत्र में नियमित सफाई सुनिश्चित की जा सके।

# बैंक ने ग्राहक को थमा दिए दूसरे के जेवर

## कृषि उपज मंडी स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मामला



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर में एक सरकारी बैंक की गंभीर लापरवाही सामने आई है। यहां बैंक मैनेजर ने गलती से किसी दूसरे ग्राहक का सोना एक युवक को दे दिया। मामले की जानकारी लगते ही मंगलवार को युवक सोना वापस करने बैंक पहुंचा। इस मामले में कपिल पटेल नामक युवक ने बताया कि दो साल पहले उसके छोटे भाई शिवम पटेल ने कृषि उपज मंडी स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में में सोना रखकर 5 लाख का लोन लिया था। दो साल में उसने लोन चुका दिया। इसके बाद जब हम बैंक से लोन लेने गए, तो बैंक मैनेजर ने उसे किसी और का सोना दे दिया। घर पहुंचकर जब मुझे इसकी जानकारी लगी, तो उसने मैनेजर को कॉल किया। उन्होंने कहा कि सोमवार को आकर अपना सोना ले लो और जो सोना आपके पास है, वह वापस कर दो। उन्होंने बताया कि उसका भाई अभी शहर में नहीं है। उन्होंने कहा कि हम आपको ही सोना दे देंगे। यह बैंक की बड़ी लापरवाही है कि किसी का सोना किसी को भी दे दिया गया। उसके भाई का सोना 7.5 तोला है, और उसे नहीं पता कि बैंक ने जो सोना दिया है, वह कितना है। इस बात का पता चलते ही वह तुरंत बैंक पहुंचा और सोना वापस कर दिया। युवक की इस पहल को बैंक स्टाफ ने स्वीकार किया। इस घटना से बैंक प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। गनीमत रही कि युवक ने समय रहते सोना लौटाया, जिससे किसी अन्य ग्राहक को नुकसान नहीं हुआ।

# संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस ने आयोजित की कार्यशाला

## संविधान, नेतृत्व विकास पर कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण





जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कांग्रेस पार्टी ने संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को जबलपुर ग्रामीण की चारों विधानसभाओं के लिए एक संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य संगठन को पंचायत स्तर तक मज़बूत करना और कांग्रेस की नीतियों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना रहा। कार्यशाला में ग्रामीण विधानसभा की चारों सीटों से आए कार्यकर्ता, वरिष्ठ कांग्रेसजन, विधानसभा प्रभारी, सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को संगठनात्मक दायित्वों, पार्टी की विचारधारा और आगामी रणनीतियों के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके आवाज

प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए प्रभारी महेंद्र जोशी ने कहा कि भाजपा द्वारा संविधान और नागरिक अधिकारों को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है, जिसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर दूर करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पंचायत कमेटी के अध्यक्ष तथा 25 सदस्यों की समिति का गठन किया जाए, ताकि संगठन मज़बूत हो और कांग्रेस की आवाज़ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

### रोजगार के अवसर छीनने का प्रयास

उन्होंने मनरेगा बचाओ अभियान पर बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर ग्रामीणों से रोज़गार के अवसर छीनने का प्रयास किया है। सरकार की मंशा है कि ग्रामीण मज़दूरों को काम न मिले, इसी कारण केंद्र सरकार राज्यों से 40 प्रतिशत अंशदान की मांग कर रही है, जबकि पूर्व कांग्रेस सरकार में मनरेगा की 100 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाती थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की महात्मा गांधी से वैचारिक असहमति के चलते मनरेगा का नाम बदला है। कांग्रेस के विरोध को लेकर जनता को भ्रमित किया जा रहा है।

### पेयजल संकट को लेकर हुई चर्चा

इसके साथ ही शहर में पेयजल संकट को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे आंदोलनों का भी उल्लेख किया और बताया कि नगर निगम में इस विषय पर कोई ठोस चर्चा न होने के कारण पार्टी लगातार प्रदर्शन कर रही है। यह संघर्ष जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर निरंतर जारी रहेगा। कार्यशाला में यह भी स्पष्ट किया गया कि संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ समय-समय पर जनहित के मुद्दों पर आंदोलन किए जाएंगे। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया कि आगामी डेढ़ महीने के भीतर, लगभग 15 मार्च तक, संगठन की संपूर्ण संरचना को मजबूत और सक्रिय रूप में खड़ा कर लिया जाएगा और आगे भी विभिन्न जनहित के विषयों पर निरंतर संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजय यादव, प्रभारी डॉ. चंदन यादव, पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोट, बरगी विधानसभा ग्रामीण प्रभारी दीपांशु यादव, विधानसभा प्रभारी देवी सिंह, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष रूपेंद्र पटेल, राधेश्याम चौबे, राजेश पटेल, राजेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।



दसवीं पुण्य तिथी

**स्व. मनोज ठाकुर को विनम्र श्रद्धांजलि**

राजनीति, समाज, संस्कृति, शिक्षा व धर्म के क्षेत्र में आपके द्वारा सदैव प्रेरणादायी सकारात्मक मूल्य स्थापित किये गये तथा परिवार को उच्चजीवन आदर्शों के संस्कार दिये गये। आपकी अनुकरणीय जीवन यात्रा को शत शत नमन एवं विनम्र श्रद्धाजंली।

**शोकाकुल परिवार**

माँ श्रीमति दीपाली ठाकुर , पत्नी श्रीमति ममता ठाकुर, भाई नितिन ठाकुर, बहू श्रीमति नीलम ठाकुर , पुत्र मनू ठाकुर, पुत्री प्रिया ठाकुर, भतीजा नेतिक ठाकुर, रोनक ठाकुर एंव समस्त ठाकुर परिवार

# वीयू में 10 दिवसीय आईसीएआर का शॉर्ट कोर्स का शुभारंभ



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित आईसीएआर प्रायोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन पर मंगलवार को महाविद्यालय में विधिवत रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो मनदीप शर्मा रहे। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के डॉ एसएस संधू रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य अप्रेजल आफ फिश हेल्थ विथ फोकस ओंन अंडरस्टैंडिंग जूनोसिस एसोसिएटेड विथ एक्वाकल्चर में प्रतिभागियों की तकनीकी दक्षता एवं व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करना है। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं संबद्ध पशु पालन, मत्स्य पालन क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से नवीन तकनीकों का प्रसार होता है तथा मानव संसाधन का क्षमता संवर्धन सुनिश्चित होता है।






हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**